आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:50 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 240, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड की उत्पत्ति का रहस्य खोलेगी आकाशगंगा 16

फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज 15






### योगी ने दिया हुनर को मंच

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यह आयोजन युवाओं को योजनाओं की जानकारी देता है और उन्हें अपने भविष्य को संवारने का एक बेहतर मंच प्रदान करता है। कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीकों में दक्षता हासिल करने का अवसर मिल रहा है।

–कपिल देव अग्रवाल, कौशल विकास मंत्री

**03** लाख लोग पहुंचे यूपीआईटीएस 2024 के तीसरे दिन



प्रत्येक जिले की अनूठी शक्तियों का उपयोग अर्थव्यवस्था में हो रहा है। 2025 तक उत्तर-प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

–नंद गोपाल नंदी, औद्योगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री

### आकर्षण का केंद्र



**ट्रेड शो में राधा-कृष्ण** यूपीआईटीएस 2024 में यह राधा-कृष्ण की यह मूर्ति बरबस लोगों का ध्यान खींच रही है।

# एआई के जरिए श्रीराम के जीवन के प्रसंगों का भावपूर्ण और भव्य चित्रण

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा/लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित किए जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) के द्वितीय संस्करण में एक स्टाल ऐसा भी है जिसका विषय कारोबारी नहीं बल्कि धार्मिक आस्था है।यहां आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के माध्यम से भगवान राम के जीवन के हर महत्वपूर्ण क्षण का प्रभावशाली और मनमोहक चित्रण किया गया है।

रामायण दर्शन के नाम से इस

**▸▸ रामायण दर्शन : पुरातन वैभव के साथ नजर आ रही अयोध्या जुट रही लोगों की भीड़**

पवेलियन में अयोध्या को उसके पुरातन वैभव की कल्पना के अनुरूप वास्तविक छवि में प्रस्तुत किया गया है । साथ ही भगवान राम के जीवनकाल से जुड़े प्रसंगों को भी भव्य तरीके से दर्शाया गया है। इसमें गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण, सीता स्वयंवर, वनवास, सीता हरण, लंका दहन और रावण वध प्रमुख हैं।

इस मनोरम पवेलियन में इन सभी छवियों के बीच बैकग्राउंड में बजता 'राम सिया राम' का संगीत इसकी आभा को निखार रहा है। एआई के माध्यम से निर्मित छवियों में रामायण के सभी पात्रों में सादगी और वैभव, वास्तविकता और विरासत तथा अध्यात्म व आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। लोग यहां पर आकर सेल्फी भी ले रहे हैं और संपूर्ण रामायण का साक्षात्कार कर प्रभु श्रीराम के प्रेरक प्रसंगों की छवि को खुद में आत्मसात कर रहे हैं।




यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बनाए गए रामायण से संबंधित चित्रों ने सबका ध्यान खींचा।

### उच्च शिक्षा की उपलब्धियों से परिचित करा रही सरकार

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा/लखनऊ :** यूपीआईटीएस के द्वितीय संस्करण में उच्च शिक्षा विभाग ने भी अपना स्टॉल लगाया है। यहां उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयासों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया है जो उत्तर प्रदेश को एक शैक्षणिक हब के रूप में उभरता हुआ प्रदर्शित कर रहा है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी 2020) के क्रियान्वयन को भी यहां विस्तार से प्रचारित किया जा रहा है। इसमें त्वरित डिग्री पूरा करने के विकल्प, चार-वर्षीय स्नातक कार्यक्रम की शुरुआत, बहुविषयकता और निरंतर आंतरिक मूल्यांकन (सीआईई) शामिल हैं। इसी के साथ, शिक्षा में आईसीटी के उपयोग के विषय में भी जानकारी दी गई है। उत्तर प्रदेश में एनईपी के अनुसार क्षेत्रीय भाषाओं को उच्च शिक्षा में प्राथमिकता दी जा रही है। सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में भाषा केंद्रों की स्थापना की गई है और स्थानीय भाषाओं में ई-सामग्री विकसित की जा रही है, ताकि शिक्षा अधिक सुलभ हो सके। इसी प्रकार भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) का भी प्रचार किया गया।



यूपीआईटीएस 2024 के तीसरे दिन समूह नृत्य पेश करतीं कलाकार।

### तीसरे दिन लेजर शो और फैशन शो ने खींचा ध्यान

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन लेजर शो और खादी फैशन शो आकर्षण का केंद्र रहे। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों की प्रस्तुति ने भी समां बांध दिया। कार्यक्रम के तीसरे दिन नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, गुड़गांव, गाजियाबाद फरीदाबाद ही नहीं, बल्कि दूसरे शहरों, राज्यों और विदेशों से आने वाले बॉयर्स की भी काफी भीड़ देखने को मिल रही है। बॉयर्स की अच्छी-खासी भीड़ देखकर कारोबारियों में काफी उत्साह है। एक अनुमान के मुताबिक शुक्रवार को तकरीबन साढ़े तीन लाख लोग पहुँचे। उम्मीद की जा रही है कि शनिवार और रविवार को और अधिक भीड़ जुटेगी।

**बुंदेलखंडी आल्हा की धुन पर थिरके लोग :** जल जीवन मिशन के स्टॉल पर बुंदेलखंडी आल्हा की धुन सुनने के लिए शुक्रवार को बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। इस दौरान लोगों ने आल्हा सुन कई लोगों ने डांस भी किया। स्टॉल देखने आए स्कूली बच्चों को भी आल्हा की प्रस्तुति बहुत पसंद आई।

# ऑर्गेनिक पर जोर, ओडीओपी की चर्चा चहुंओर

**यूपीआईटीएस 2024 तीसरा दिन**

## बरेली के गाय के गोबर से बनी पेंटिंग व अलीगढ़ के मेटल क्रॉफ्ट की मांग

## बांग्लादेश के हालात के बीच ग्रेटर नोएडा के टेक्सटाइल स्टॉल पर बढ़े विजिटर्स

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में विजिटर्स आर्गेनिक उत्पादों पर खासा जोर दे रहे हैं। लगभग हर पवेलियन पर दर्शक आर्गेनिक उत्पादों को ढूंढकर खरीद रहे हैं। दर्शकों में यूपी के एक जिला एक उत्पाद को लेकर क्रेज साफ दिखता है। शायद यही कारण है कि ओडीओपी पवेलियन में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शकों को अलीगढ़, मेरठ, बांदा, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर समेत अलग अलग जिलों के उत्पाद खूब भा रहे हैं।

**दर्शकों को भा रहे अलीगढ़, मेरठ, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर और बांदा के उत्पाद**

बुलंदशहर से ट्रेड शो घूमने आयी अंजना कहती हैं कि ओडीओपी उत्पादों की गुणवत्ता बहुत अच्छी होती है। इन उत्पादों में मिलावट नहीं होती। गत वर्ष भी वो ट्रेड शो में शॉपिंग करने आई थीं। अंजना ने सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल खरीदा। ट्रेड शो में देशी गुड़, हींग, घी समेत अचार, मुरब्बा आदि के स्टॉल पर भीड़ लगी थी। हाथरस की हींग बेच रहे दुकानदार ने बताया कि हम सौ प्रतिशत शुद्धता की गारंटी देते हैं। शायद यही वजह है कि लोग उत्पाद को पसंद कर रहे हैं।

अलीगढ़ मेटल क्रॉफ्ट स्टॉल पर शुक्रवार को दिन भर महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ रही। स्टॉल संचालक कृष्ण कुमार वासनिक ने बताया कि भगवान की मूर्ति, सजावटी उत्पाद समेत ग्रास के ट्री, लैंप, दीपक आदि बेच रहे हैं। बकौल कृष्ण भगवान की मूर्ति सबकी पसंदीदा हैं। बालाजी की प्रतिमा लगभग हर भक्त खरीद रहा है। स्टॉल पर 100 रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक की प्रतिमाएं मौजूद हैं।



ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में तीसरे दिन मूर्तियों के स्टाल पर लगी भीड़।

### योगी की पेंटिंग खरीदने की होड़

ओडीओपी पवेलियन में एक स्टॉल ऐसा भी था, जहां यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पेंटिंग दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बन रही थी। कई दर्शकों ने यह पेंटिंग खरीदने की कोशिश की लेकिन बरेली की रचना अग्रवाल यह कहकर मना कर देती कि यह बेचने के लिए नहीं है। रचना अग्रवाल ने बताया कि दरअसल, स्टॉल में लगी सभी पेंटिंग गाय के गोबर से बनाई गई हैं। इनमें प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग किया गया है। रचना अग्रवाल की मां मधुबनी, वर्ली, लिप्पन आर्ट की पारंगत है। ये पेंटिंग 8-10 साल तक चलती हैं। रचना ने बताया कि वो योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें उनकी पेंटिंग गिफ्ट करना चाहती हैं, इसलिए इसे बेच नहीं रही।

### कपड़ा कारोबारियों की उम्मीद बढ़ी

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में ग्रेटर नोएडा के टेक्सटाइल बिजनेस को लेकर दर्शकों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण बांग्लादेश के अंदरूनी हालात भी है। कारोबारियों ने बताया कि बांग्लादेश टेक्सटाइल का बड़ा निर्यातक है। लेकिन वर्तमान हालातों में निर्यात प्रभावित हो रहा है। ऐसे में भारत के पास बढ़िया मौका है कि वो टेक्सटाइल बिजनेस को अलग अलग देशों तक फैलाए। कारोबारियों को उम्मीद है कि गौतम बुद्ध नगर और लखनऊ इस सेक्टर में तेजी से ग्रोथ करेंगे। इसके अलावा दर्शकों ने फिरोजाबाद की चूड़ियां, कन्नौज का इत्र, बलिया का सत्तू भी खूब खरीदा।

### कौशल विकास मंत्री भी पहुंचे

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** जल जीवन मिशन के 'हर घर जल गांव' मॉडल को देखने शुक्रवार को राज्य सरकार में कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी पहुंचे। स्टॉल के बाहर आल्हा की धुन सुनते ही स्टॉल के भीतर आ गए। इस दौरान उन्होंने 2.26 करोड़ घरों तक इतने कम से नल कनेक्शन पहुंचाने की उपलब्धि की सराहा। मंत्री ने जल जीवन मिशन के स्टॉल पर लगी टाइम वॉल को भी देखा।

### पार्किंग से गेट तक निःशुल्क शटल सेवा

मेले में आने वालों की सुविधा के लिए पार्किंग से गेट तक निःशुल्क शटल सेवा उपलब्ध कराई गई है। दोपहर 3 बजे के बाद मेले में प्रवेश निःशुल्क है। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जो आगंतुकों के लिए एक अतिरिक्त आकर्षण है। युवाओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है रोबोट सेल्फी पॉइंट, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरों के साथ सेल्फी खिंचवाई जा सकती है। साथ ही, ग्रेटर नोएडा से संबंधित क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर उपहार जीतने का मौका भी मिल रहा है।



## कारोबारियों के सपनों को मिल रही उड़ान


**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** उत्पाद बनाने वाले हर कारोबारी का एक बड़ा सपना होता है कि उसके उत्पाद को विदेशों में भी पंसद किया जाए। यूपीआईटीएस 2024 कारोबारियों के सपने को नई उड़ान दे रहा है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में कई विदेशी ऑर्डर मिलेंगे, जो उनके उत्पादों को एक्पोजर में सहायक सिद्ध होंगे।

### नहीं ढूंढ़ने पड़ रहे खरीदार : चेतन



वृंदावन के डिवाइन कॉपर के फाउंडर चेतन खंडेलवाल कहते हैं कि पहले बॉयर्स को ढूंढ़ने की जरूरत पड़ती थी, लेकिन इस बार आसानी से मिल रहे हैं। पिछले साल तीन देशों से ऑर्डर मिले थे। इस बार भी ऑट्रेलिया से ऑर्डर मिला है।

### अच्छे कारोबार की उम्मीद : रुचि



कानपुर स्थित रास बॉयोसॉल्यूशन की प्रमुख रुचि खन्ना ने कहा कि हम पिछले 15 साल से अपना कारोबार कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों के अंदर हमें वियतनाम, युगांडा, आस्ट्रेलिया सहित कई देशों के बॉयर्स मिले हैं।

### मिल रहे विदेशी खरीदार : दीपक



हापुड़ के मदर नेचर हर्बल अपैरल्स के एमडी दीपक पांडे क्यूबा, यूके, स्पेन, तुर्की, जिम्बाब्वे के बॉयर्स मिलने से उत्साहित हैं। वह कहते हैं कि यह सब मुख्यमंत्री योगी की पहल की वजह से संभव हो रहा है। हमारे उत्पाद हर्बल हैं, जो पर्यावरण के साथ ही स्किन के लिए भी लाभकारी है।

### मिल रहा एक्सपोजर : शाहरुख



मुरादाबाद स्थित शान इम्पैक्स के प्रमुख मो. शाहरूख कहते हैं कि हमें अभी कुछ देशों से ऑर्डर मिल चुका है, जबकि कई और देशों के ऑर्डर पाइप लाइन में हैं। मुख्यमंत्री योगी की पहल की वजह से उनके उत्पादों को इंटरनेशनल एक्सपोजर मिल रहा है, जो उनके लिए बहुत गर्व की बात है।

# खादी फैशन शो में दिखी प्रदेश की सांस्कृतिक झलक

## इंडियन आइडल सितारों, पवनदीप और अरुणिता की संगीतमय प्रस्तुति के साथ हुआ तीसरे दिन का समापन

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तीसरे दिन शुक्रवार को आयोजित खादी फैशन शो में यूपी की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। शानदार साड़ियों से लेकर अन्य परिधानों का खूबसूरत प्रदर्शन यहां आई भीड़ को खूब भाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने राज्य सरकार के खादी को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 एफ विज़न (फार्म टू फाइबर टू फैब्रिक टू फैशन टू फॉरेन) में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर जोर दिया। उन्होंने लखनऊ और उन्नाव में पीएम मित्र पार्कों के विकास को वस्त्र क्षेत्र में वृद्धि के मुख्य प्रेरक बताया।



यूपीआईटीएस 2024 के स्टाल पर बांस से बने उत्पाद का जायजा लेते केंद्रीय कपड़ा मंत्री।

### वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा यूपी

"वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए वित्तपोषण" पर एक सत्र की अगुवाई वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने की। दिन का समापन एक शानदार लेज़र शो के साथ हुआ, जिसके बाद इंडियन आइडल सितारों, पवनदीप और अरुणिता द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई, जिसने दिन की गतिविधियों का आनंदमय समापन किया।

**अपैरल पार्क देगा रोजगार के असीमित अवसर**

गिरिराज सिंह ने यह भी बताया कि नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर (एनएईसी) के नेतृत्व में, यमुना एक्सप्रेसवे पर 10,000 करोड़ के निवेश के साथ निर्माणाधीन अपैरल पार्क अगले 2 से 3 वर्षों में असीमित रोजगार के अवसर प्रदान करने वाला है। यह आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने इस अवसर पर इंटरनेशनल ट्रेड शो में विभिन्न पवेलियन का भी मुआयना किया। उन्होंने पवेलियंस की साज सज्जा और प्रदर्शित किए गए विभिन्न उत्पादों एवं योजनाओं की जानकारी को देखकर खुशी जताई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने सबसे बेहतर पवेलियन एस को पुरस्कृत भी किया।




यूपीआईटीएस 2024 के तीसरे दिन एफआईईओ के सेशन को संबोधित करते मंत्री राकेश सचान।

## पिछले वित्तीय वर्ष में 20.57 बिलियन डॉलर पहुंचा निर्यात : राकेश सचान

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा:** पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश के निर्यात ने 20.57 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आकड़े को छू लिया था। वृद्धि का महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे एमएसएमई के प्रयासों का कारण है। यह बात प्रदेश सरकार के माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज , हैंडलूम एंड टैक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने कही।

फेडरेशन ऑफ एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (एफआईईओ) द्वारा आयोजित नेविगेटिंग द ग्लोबल मार्केट प्लेसः पोटिंशल, चैलेंज एंड स्ट्रेटजीस फॉर इंडियन एक्सपोर्ट विषय पर हुए सेशन में उन्होंने कहा, एमएसएमई की यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है, जो घरेलू और अंतराष्ट्रीय बाजारों में अपनी रचनात्मकता और लचीलेपन का लाभ उठाते हैं। आगे भी इसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।



**कवायद** 2027 तक देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

# प्रदेश में 25 लाख घरों की छत पर लगेगा सोलर पैनल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सौर ऊर्जा के जरिए जनता को लगभग निःशुल्क बिजली देने का अभियान उप्र. में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घर की छतों पर सोलर रूफ टॉप पैनल लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी 75 जिलों के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किया है। साल 2027 तक उप्र. में जहां 25 लाख घरों की छत पर सोलर पैनल लगेगा, वहीं देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने की तैयारी है।

इसी साल शुरू हुई पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत मात्र सात महीने में ही लखनऊ में सर्वाधिक रूफ

**▸▸ पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने में लखनऊ अव्वल**

**▸▸ वाराणसी, कानपुर, आगरा और प्रयागराज टॉप फाइव में**

**11 हजार से अधिक सोलर पैनल लगाए गए 7 माह में**

टॉप पैनल इंस्टॉल किये गये हैं। इसी क्रम में वाराणसी, कानपुर, आगरा और कानपुर नगर टॉप फाइव में हैं।

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा भी की है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रदेश में लखनऊ जनपद में सर्वाधिक 11,435 सोलर रूफ टॉप पैनल क्रियाशील कर दिये गये हैं।

वहीं दूसरे नंबर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में इस योजना के अंतर्गत अबतक 4088 सोलर पैनल इंस्टॉल हो चुके हैं। ऐसे ही कानपुर में 1909, आगरा में 1364 और प्रयागराज में 1349 रूफ टॉप पैनल लगाए गए हैं।

### 17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन

उप्र. में पीएम सूर्य घर योजना के लिए अबतक 17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इनमें से 32 हजार से अधिक घरों में रूफ टॉप पैनल इंस्टाल किये जा चुके हैं। बता दें कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत एक किलोवॉट क्षमता के रूफ टॉप पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार रुपए और प्रदेश सरकार की ओर से 15 हजार रुपए यानी कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। ऐसे ही दो किलोवॉट के लिए केंद्र द्वारा 60 हजार रुपए और प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 90 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं तीन किलोवॉट और उससे ऊपर के लोड के लिए केंद्र द्वारा 78 हजार रुपए और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी जी जा रही है।

# अगेती धान की न करें कटाई, निकालें खेतों से पानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मौसम का रुख बदलने से शुरू हुई बारिश से अगेती धान की उस फसल को नुकसान होने की संभावना है जो लगभग कटने के लिए तैयार है। ऐसी स्थिति में कृषि विज्ञानियों ने अगेती धान की कटाई न कर जल निकासी खेतों से करने की किसानों को सलाह दी है। वहीं अक्टूबर माह के अंत में निकाली जाने वाली फसल के लिए यह पानी फिलहाल बहुत ज्यादा नुकसानदेय नहीं है।

कृषि विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया कि फसल बर्बाद होने को लेकर किसान चिंतित न हों। अभी ज्यादा बारिश नहीं हुई है।



डॉ. अखिलेश कुमार दुबे

**▸▸ कृषि विज्ञानियों की सलाह खेतों से जलनिकासी कर धान की फसल को बचाएं**

**▸▸ बारिश से अगेती धान की कटाई प्रभावित, पिछड़ी आलू बोवाई**

**▸▸ पूर्वांचल के जिलों में धान के लिए फायदेमंद बारिश, आज रेड व येलो अलर्ट**

**दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम**

मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहने की आशंका जताई है। इसमें प्रदेश के कई जिलों में हवा के साथ बारिश होने का अनुमान है।

ज्यादा बारिश और खेत जलमग्न होने पर सिर्फ धान को नुकसान पहुंचेगा। ऐसी स्थिति में आज कल में शुरू होने वाली अगेती धान की कटाई किसान न करें और खेतों में भरा पानी निकाल दें। खड़ी फसलों को नुकसान कम पहुंचता है। पछेती धान की कटाई अक्टूबर के अंत में होती है जो फिलहाल सुरक्षित है। यह बारिश पूर्वांचल के जिलों में धान के लिए वरदान साबित होगी। क्योंकि पूर्व में यहां के जिलों में धान के अनुसार बारिश नहीं हुई थी। इसी तरह अन्य जिलों में जहां पूर्व में बारिश कम हुई वहां धान की फसल को फायदा होगा।

### पिछड़ेगी आलू की बोआई

वहीं, इस बारिश से नये आलू (अगेती फसल) की बोवाई में अब और विलंब हो जाएगा। इसकी बोवाई 15 सितंबर तक किसानों को करनी थी, लेकिन पूर्व में भी बारिश के कारण किसान आलू की बोवाई नहीं कर पाए थे। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी आलोक पांडेय ने बताया कि शनिवार को पूर्वांचल कुशीनगर और महारागंज में रेड अलर्ट जबकि देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, बलिया, सुल्तानपुर, गोंडा बहराइच आदि जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:50 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 240, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड की उत्पत्ति का रहस्य खोलेगी आकाशगंगा 14

फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज 13

## एक नजर

### केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का एक और मामला सामने आया है। भारत में एमपॉक्स का यह तीसरा मामला है। 29 साल का युवक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से केरल के एर्नाकुलम लौटा था। बताया जा रहा है कि उसे तेज बुखार था और जांच में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। केरल के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मरीज का कोच्चि के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में जीनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं। जांच के बाद पता चलेगा कि मरीज एमपॉक्स के खतरनाक और तेजी से फैलने वाले क्लैड-1बी स्ट्रेन से संक्रमित है या नहीं।

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस में पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण

**नई दिल्ली।** सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण करने वाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी की तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा समेत अन्य शाखाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए पदों को आरक्षित करने का फैसला किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अग्निवीरों के लिए रिक्तियों को आरक्षित करने की घोषणा करने वाली रक्षा क्षेत्र की पहली अग्रणी कंपनी है। कंपनी के एक आदेश में कहा गया है कि तकनीकी और सामान्य प्रशासन में कम से कम 15 प्रतिशत रिक्तियां अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी।

# भारी बारिश से खेत में खड़ी धान मक्का व गन्ने की फसलें गिरीं

## पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

- प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश कर लौट रहा मानसून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश से मानसून कई जिलों में झमाझम बारिश करते हुए वापसी कर रहा है। 24 घंटों के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई है। गरज-चमक के साथ हुई भारी बरसात ने उमस से राहत तो दी, लेकिन धान, मक्का और गन्ने आदि की खड़ी फसलें खेतों में बिछ गईं। इसका बड़ा कारण बारिश के दौरान तेज हवाओं का चलना भी रहा। अयोध्या, अमेठी, अंबेडकर नगर, बहराइच आदि जिलों में खड़ी फसलों के गिरने से किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है।

राज्य के तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और आसपास के इलाकों में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक गरज चमक के साथ भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में अगले 24 घंटे बादल जमकर बरसेंगे। शुक्रवार को कानपुर, कन्नौज, बांदा ,गोरखपुर, बहराइच, सुल्तानपुर, अयोध्या, रायबरेली आदि में अच्छी बरसात हुई।

राजधानी लखनऊ में भी गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला शुक्रवार तक जारी रहा। सुबह से हुई बारिश से शहर सराबोर दिखा। बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। तापमान में अच्छी खासी गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश ने बताया कि शनिवार को भी मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है। रविवार से बारिश के कमजोर पड़ने के संकेत हैं। हालांकि, रविवार को भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश जारी रहने की संभावना है।

फिलिप कैपिटल इंडिया में कमोडिटीज रिसर्च के वाइस प्रेसीडेंट अश्विनी बंसोड़ का तर्क है कि सितंबर के चौथे सप्ताह और अक्टूबर की शुरुआत में भारी बारिश के कारण अगैती फसलों की बोआई प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसका असर बारिश की मात्रा व अवधि पर निर्भर होगा। अगर अक्टूबर के शुरुआती 15 दिन तक बारिश होती है तो खेतों में पानी जमा होने से फसलों को ज्यादा पहुंच सकता है।



अयोध्या में बारिश के बाद खेत में गिरी धान की फसल।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अभी सुधार नहीं

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में अभी सुधार नहीं है। प्रमुख नदियां उफनाई हुई हैं। मौसम विभाग ने 29 सितंबर तक भारी बारिश का अनुमान लगाया है। लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, सीतापुर, बाराबंकी और गोंडा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है तो वहीं हरदोई, बस्ती, लखनऊ और सिद्धार्थनगर में ऑरेंज अलर्ट लागू है। अन्य जिलों में भी बारिश के आसार हैं। इन जिलों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

> इस तरह की बारिश पूर्व में हुई कम बरसात की भरपाई नहीं है। बारिश के बीच हवाएं चलने से फसलों को नुकसान अवश्य पहुंचा है। फसलों को बारिश ही नहीं, रोशनी भी चाहिए। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण दोनों के बीच पहले जैसा तालमेल नहीं हो पा रहा है। यानी नदियों-तालाबों के बजाय अब समुद्री पानी वाष्पित होकर बादल बन बरस रहा है, इसलिए कृषि भी प्रभावित है।
> **- डॉ. अवधेश मिश्रा**, कृषि विशेषज्ञ, उप्र.

# मुरादाबाद में युवक की मौत पर पुलिसकर्मियों को दौड़ाकर पीटा

## अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा कर रहे थे पुलिसकर्मी

- चालक की मौत पर भड़का गुस्सा दो घंटे तक बवाल, पथराव
- दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों हत्या की रिपोर्ट
- सीओ ठाकुरद्वारा हटाए गए, एसएचओ समेत सात निलंबित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा कर रही पुलिस को चालक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए ग्रामीण उग्र हो गए। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। दो घंटे तक ग्रामीणों और पुलिस में जमकर संघर्ष हुआ। लाठी-डंडे लेकर गुस्साई भीड़ पुलिस के पीछे पड़ गई, जमकर पथराव किया।

पानी से भरे धान के खेत से भागकर पुलिस कर्मियों ने जान बचाई। उग्र भीड़ ने कुछ पुलिस कर्मियों को बंधक बनाकर वर्दी फाड़ दी और पिटाई की। सूचना पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पीएसी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। मृतक के पिता ने दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी ने सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार को हटा दिया है, जबकि एसएचओ ठाकुरद्वारा, दो दरोगा और चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। थाना क्षेत्र तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल का बेटा लोकेश उर्फ मोनू (25) ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी डालने का काम करता है। लोकेश शुक्रवार तड़के 3 बजे ट्रैक्टर-ट्राली लेकर खेत पर गया था। अवैध खनन की आशंका में पुलिस वालों ने अपनी गाड़ी से उसका पीछा कर लिया। पुलिस से बचने के लिए लोकेश ट्रैक्टर भगाने लगा। इसी दौरान उसकी ट्रैक्टर के पहियों के नीचे दबकर मौत हो गई। सुबह तक जब वह घर पर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रोड से नहर वाले रास्ते से 50 मीटर दूर खेत में मोनू का शव मिला। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के टायर से दबे शव को निकालकर पास ही सड़क पर रख दिया और पुलिस वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सुबह 8 बजे सूचना पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीण अवैध खनन को लेकर वसूली का पैसा नहीं देने पर सिपाही अनीस और नरेश समेत गाड़ी में सवार चार पुलिसकर्मियों पर मोनू की हत्या का आरोप लगाने लगे।



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में पुलिस वालों को लाठी-डंडे लेकर दौड़ाते ग्रामीण।

# महिला व 3 बच्चों के हत्यारों को मृत्युदंड

संवाददाता, बहराइच

### वर्ष 2021 का है मामला



- कोर्ट ने दोनों दोषियों पर 70-70 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में महिला व उसके तीन बच्चों की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने शुक्रवार को दो आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उनकी मौत होने तक फांसी पर लटकाए रखने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने अभियुक्तों को अलग-अलग धाराओं में भी सजा सुनाते हुए 70-70 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के बसंतापुर गजाधरपुर और मदनकोठी में तीन बच्चों व एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई थी। महिला मेरी कात्यान मुंबई की रहने वाली थी। पुलिस ने 10 सितंबर 2021 को हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। मामले में थाना क्षेत्र के तेलियनपुरवा ततेहरा गांव निवासी ननकू व सलमान को नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया था। मुकदमे में थाना पुलिस व तत्कालीन डीजीसी मुन्नूलाल मिश्रा ने सत्र न्यायाधीश की कोर्ट पर कड़ी पैरवी की थी। इस मामले की सुनवाई कोर्ट में लगातार चली। इस दौरान करीब 24 गवाहों को पेश किया गया था। शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय पवन कुमार शर्मा की कोर्ट में सुनवाई के दौरान डीजीसी गिरीशचद्र शुक्ला व एडीजीसी प्रमोद सिंह ने घटना को वीभत्स बताते हुए अभियुक्तों को फांसी की सजा दिलाने की दलील पेश की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने व साक्ष्यों के आधार पर ननकू व सलमान को फांसी की सजा सुनाई। वहीं, एक आरोपी दानिश नाबालिग है। उसका केस जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है। महिला व तीन बच्चों की हत्या कर शव अलग-अलग स्थानों पर फेंका गया था।

### जमीन घोटाला मामला

## सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी

**मैसूरू।** लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में अदालत के आदेश के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने बुधवार को इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिससे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भूमिका तैयार हो गई। विशेष अदालत का यह आदेश हाईकोर्ट द्वारा राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सिद्धारमैया के खिलाफ जांच करने की मंजूरी को बरकरार रखने के एक दिन बाद आया है।

## प्रसाद विवाद: जांच के लिए एसआईटी गठित

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में चढ़ाए जाने वाले लड्डू में पशु चर्बी मिलाए जाने के मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) नियुक्त किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल में आरोप लगाया था कि राज्य में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की पूर्ववर्ती सरकार ने वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डुओं को बनाने के लिए घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया। उन आरोपों के कारण देश में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया और करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं। मुख्य सचिव नीरभ कुमार प्रसाद ने गुरुवार देर रात जारी आदेश में कहा कि सरकार ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की पवित्रता की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पूरे मामले की विस्तृत जांच करने के लिए एक एसआईटी गठित किया है।

# तेलंगाना के मंत्री के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय का छापा

हैदराबाद, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तस्करी गिरोह से संबंधित लगभग 100 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में तेलंगाना के राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े कई परिसरों पर शुक्रवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद समेत राज्य में करीब पांच स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं।

धन शोधन का यह मामला राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा पी. श्रीनिवास रेड्डी के बेटे हर्ष रेड्डी के खिलाफ दर्ज शिकायत से जुड़ा है। हर्ष रेड्डी पर आरोप है कि उन्होंने 7 करोड़ रुपये की पांच घड़ियां खरीदी हैं, जिनके भुगतान क्रिप्टो करेंसी और हवाला गिरोह से जुड़े हैं । कांग्रेस नेता पी. श्रीनिवास रेड्डी तेलंगाना सरकार में राजस्व, आवास, सूचना और जनसंपर्क मंत्री हैं।

### जम्मू-कश्मीर के दो जिलों में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली/जम्मू।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जून में शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हुए घातक आतंकवादी हमले की जांच के तहत शुक्रवार को राजौरी और रियासी जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए अधिकारी जम्मू-कश्मीर में सात स्थानों पर छापे मार रहे हैं।

# आपके सारे इंतजाम हवा में... जमीन पर कुछ नहीं दिख रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

### पराली मामला

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने के चलते राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण पर रोक लगाने में नाकाम रहने पर शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को फटकार लगाई तथा कहा कि और अधिक सक्रिय होने की जरूरत है। न्यायमूर्ति अभय एस.ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित आयोग द्वारा उठाए गए कदमों पर असंतोष जताते हुए कहा कि आपके सारे इंतजाम हवा में ही हैं, धरातल पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है कि क्या किया गया है।

सीएक्यूएम को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और इसके आसपास के क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि अधिनियम का बिल्कुल ही अनुपालन नहीं किया गया है। हमें एक भी निर्देश दिखाएं जो किसी हितधारक को जारी किया गया हो।

# हर 10 में तीन लोगों में गैर-अल्कोहल फैटी लिवर

## स्वास्थ्य सचिव ने पेश किए आंकड़े, इस गंभीर समस्या को लेकर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोगों के बढ़ते खतरे को लेकर सचेत किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को देश में बढ़ती इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर (एनएएफएलडी) रोग सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में समस्या है।

युवाओं में इसका खतरा और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कि भारत में 10 में से एक से तीन लोगों में गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग पाया जा रहा है और मोटापे तथा मधुमेह जैसे चयापचय संबंधी विकारों से जुड़ी यह बीमारी तेजी से एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभर रही है।

अपूर्व चंद्रा ने यहां गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग से जुड़े संशोधित दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किए। उन्होंने कहा कि भारत ने इसे एक प्रमुख गैर-संक्रामक रोग (एनसीडी) के रूप में पहचानने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 'एनएएफएलडी मोटापे, मधुमेह और हृदय रोगों जैसे चयापचय संबंधी विकारों से निकटता से जुड़ा है। 10 में से एक से तीन लोगों में एनएएफएलडी हो सकता है, जो बीमारी के प्रभाव को उजागर करता है।' चंद्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संशोधित दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी करना बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दिए जा रहे महत्व को दर्शाता है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि ये दस्तावेज सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों से लेकर चिकित्सा अधिकारियों तक सभी स्तरों पर स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक रूपरेखा प्रदान करेंगे। उन्होंने एनसीडी से पीड़ित लोगों के लिए देखभाल की निरंतरता के महत्व पर भी जोर दिया और एनएएफएलडी के प्रसार को कम करने के लिए जीवनशैली में संशोधन की आवश्यकता को रेखांकित किया।

### बिना मोटापे वाले लोग भी चपेट में

गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग उन लोगों को प्रभावित करता है, जो शराब कम पीते हैं या बिल्कुल नहीं पीते हैं। इसमें लिवर में बहुत अधिक वसा जमा होने लगती है, जिससे इस अंग का सामान्य कार्य प्रभावित होने लग जाता है। विशेषज्ञों को ठीक से पता नहीं है कि लिवर में वसा बनने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं। हालांकि जीवनशैली के कारक इसका खतरा बढ़ाने वाले माने जाते हैं। पश्चिमी देशों में एनएएफएलडी के ज्यादातर मामले मोटापे के शिकार लोगों में देखे जाते रहे हैं।



## सार-संक्षेप



राजभवन में प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### राजभवन में डॉ शकुंतला मिश्रा विवि के छात्रों ने दी प्रस्तुति

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत डॉ शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि के छात्रों ने राजभवन में राज्यपाल के समक्ष सांस्कतिक कार्यकम प्रस्तुत किया। पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति छात्र-छात्राओं ने दिया। विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी डॉ कौशिकी सिंह के निर्देशन में प्रस्तुत इन सभी प्रस्तुतियों में विश्वविद्यालय के सामान्य विद्यार्थियों के साथ-साथ दिव्यांग विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। नाटक के माध्यम से धूम्रपान निषेध, स्वच्छता सभी का कर्तव्य है, प्लास्टिक बैन, सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह जैसे संदेश देकर लोगों को जागरूक किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक दूसरे नाट्य प्रस्तुति में महिला सशक्तीकरण पर बल दिया गया। समाज में स्वच्छता के साथ महिलाओं का मान-सम्मान बनाये रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नाट्य कलाकारों द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं पेड़ लगाने की शपथ भी दिलायी गयी।

### डॉ. शकुंतला मिश्रा विवि में 9 नए विभागाध्यक्ष नियुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** डा शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में नौ विभागों में नए विभागाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने 9 विभागों में नए विभागाध्यक्ष नियुक्त किए जिसमें कम्प्यूटर विज्ञान में प्रो राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, इतिहास में प्रो अवनीश चंद्र मिश्र, समाज कार्य में प्रो अवनीश चंद्र मिश्र, रसायन, गणित, साख्यिकी और माइक्रोबायोलाजी प्रो चंद्र कुमार दीक्षित, अंग्रेजी व अन्य विदेशी भाषा में प्रो विनोद कुमार सिंह, राजनीति शास्त्र व लोक प्रशासन में प्रो अश्वनी कुमार दूबे और वाणिज्य में डॉ संजीव गुप्ता नियुक्त किए गए हैं।

### लविवि के विभिन्न विभागों में सेवा पखवाड़ा आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग, हिंदी विभाग, योग और अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग, भूगोल विभाग में छात्रों, शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक मनाया। इसके अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता, काव्य गोष्ठी, पोस्टर, स्लोगन समेत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आत्मनिर्भर भारत विषय पर भी कार्यक्रम किए गए। जिसमें विकास में आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।



धरने की तैयारी को लेकर बैठक करते शिक्षक नेता। अमृत विचार

### मांगों को लेकर धरना देंगे शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ अपनी मांगों को लेकर 7 अक्टूबर को प्रदेश व्यापी धरने की तैयारी कर रहा है। इसे लेकर समीक्षा बैठक प्रादेशिक उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्र की अध्यक्षता में हुई। लखनऊ के जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि बैठक में तैयारी की समीक्षा की गई। महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा के अलावा संरक्षक रामेश्वर उपाध्यक्ष, मंत्री डा आरके त्रिवेदी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमीर अहमद व कौशल किशोर मिश्र, सदस्य राज्य परिषद अनुराग मिश्र व विश्जीत सिंह, मण्डलीय अध्यक्ष तुलसी राम मिश्र, सीतापुर जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, उन्नाव जिलाध्यक्ष शिवभान सिंह चौहान, रायबरेली जिलामंत्री शैलेश वाजपेई, हरदोई जिलामंत्री किसान चौरसिया, सीतापुर जिलामंत्री संजय कुमार उन्नाव जिलामंत्री दिनेश कुमार गुप्ता, लखनऊ के आय - व्यय निरीक्षक आलोक पाठक आदि उपस्थित रहे। संचालन मंडलीय मंत्री जगजीवन प्रसाद शुक्ल ने किया।

### सर्वर डाउन होने से रीचार्ज नहीं हो पाए प्रीपेड मीटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज अहिबरनपुर उपकेंद्र का शुक्रवार को सर्वर डाउन हो गया। जिसके चलते उपकेंद्र पहुंचे उपभोक्ताओं के न तो बिजली का बिल जमा हो पाये, और न ही बिलो का समायोजन हो पाया। उपक्रेंद पर शोएब ने बताया कि बकाये बिल के समायोजन के लिए आए हैं। सर्वर के डाउन होने से काम रूक गया है। मदेयगंज के नियाज अहमद ने बताया कि मीटर को रीचार्ज कराने के लिए दो घंटे से इंतजार कर रहे हैं।

# 8 वर्ष में नहीं निकलीं लोवर सबआर्डिनेट की भर्तियां

## 17 विभागों की नौकरियां आती हैं लोवर सबआर्डिनेट के अंतर्गत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (लोवर सबआर्डिनेट) प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (पीसीएस) के बाद दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा मानी जाती है। इसके अंतर्गत करीब दो दर्जन विभागों में निरीक्षक स्तर के अधिकारियों का चयन होता है। लेकिन पिछले आठ वर्षों से यह परीक्षा और संबंधित पद कहीं खो गए हैं। पहले यह परीक्षा लोक सेवा आयोग के माध्यम से होता था लेकिन वर्ष 2018 में इसे अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सौंप दिया गया।

▸▸ **पहले लोक सेवा आयोग से होती थी परीक्षा, अब अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के जिम्मे**

जिसके बाद एक बार भी न तो कोई वैकेंसी आई ना ही परीक्षा आयोजित किया गया। प्रतियोगी छात्रों ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर मांग किया है कि इसे फिर से लोक सेवा आयोग को दिया जाए।

> लोअर पीसीएस की केवल एक भर्ती 2019 की जो 2023 में पूर्ण हुई है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में हैं इस वजह से लाखों मेधावी छात्रों का भविष्य अंधकार मय हो रहा है।
>
> -प्रशांत पाण्डेय, प्रतियोगी छात्र

प्रतियोगी छात्रों ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पहले ही काम के बोझ से दबा हुआ है। उसके पास पिछले चार साल पहले तक की करीब 20 हजार भर्तियां लंबित है तो लोवर पीसीएस की परीक्षा की जिम्मेदारी लोक सेवा आयोग को पहले की तरह दिया जाए।

**इस भर्ती परीक्षा के पदों का विवरण**

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत(स्थानीय निकाय), कर अधिकारी (पंचायतीराज), विपणन एवं पूर्ति निरीक्षक (खाद एवं रसद), खांडसारी निरीक्षक (गन्ना आयुक्त), सहायक चकबंदी अधिकारी (चकबंदी विभाग), सहकारी निरीक्षक वर्ग 2/ सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) (सहकारी समितियां), सहायक विकास अधिकारी 2 (खादी ग्रामोद्योग बोर्ड), अपर जिला सूचना अधिकारी हिंदी (निदेशालय सूचना एवं जनसंपर्क), जिला मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी (मधनिषेध विभाग), नीलाम आयोजक एवं विपणन निरीक्षक (पशुपालन), सहायक कोषागार लेखाकार (कोषागार विभाग), मंडी निरीक्षक एवं मंडी पर्यवेक्षक ग्रेड 2 (मंडी परिषद), मनोरंजन कर निरीक्षक (राज्य कर विभाग), संकलन अधिकारी (प्रमुख सम्पादक जिला गजेटियर विभाग), राजस्व निरीक्षक ((स्थानीय निकाय), निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान (उपभोक्ता संरक्षण, बांट एवं माप), शोध सहयुक्त(राज्य ग्राम्य विकास संस्थान) आदि के करीब 17 प्रकार के विभाग के पद आते हैं।

## 3 अक्टूबर को संविदा शिक्षक करेंगे प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण एवं जनजाति विकास निदेशालय परिसर में 3 अक्टूबर को प्रदेश के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षक प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने शुक्रवार को दी।

जेएन तिवारी ने कहा कि संविदा शिक्षकों के प्रदर्शन का मुख्य कारण अब तक नवीनीकरण का न होना है। वर्तमान में जनजाति विकास विभाग में किसी भी शिक्षक का नवीनीकरण नहीं हुआ है। इसके कारण चार महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इसके साथ ही पांच शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार संविदा राशि में संशोधन का लाभ भी नहीं मिल रहा है। समाज कल्याण विभाग से हटाई गईं तीन महिला शिक्षकों को भी अभी तक पुनः बहाल नहीं किया गया है। जेएन तिवारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के उच्च जिम्मेदार अधिकारी शिक्षकों की समस्याओं पर संवाद करने से बच रहे हैं इसके कारण धरना-प्रदर्शन करना अब मजबूरी बन गया है। उन्होंने बताया कि धरना-प्रदर्शन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।



लखनऊ विश्वविद्यालय में हैरिटेज वॉक में शामिल लोग। अमृत विचार

# लविवि में हेरिटेज वॉक का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान यूएनडब्ल्यूटीओ की इस वर्ष की थीम पर्यटन और शांति के तहत विश्व पर्यटन दिवस मनाया। मुख्य परिसर में हेरिटेज वॉक फॉर पीसः एन ओड टू अवर यूनिवर्सिटी, साथ ही दूसरे परिसर में एक भाषण प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। हेरिटेज वॉक का नेतृत्व इतिहासकार डॉ. रवि भट्ट ने किया।

डॉ. भट्ट ने संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के वास्तुशिल्प के बारे में बताया। विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर में आत्मनिर्भर भारत विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता और एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बीबीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र नमामि गिरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बीबीए प्रथम सेमेस्टर के भविष्य पांडे और तीसरे स्थान पर सचिन तिवारी रहे।

▸▸ **आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण और एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई**

क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। अंशिका यादव और पारुल राज (बीबीए टूरिज्म, पांचवें सेमेस्टर) की टीम विजयी रही, जबकि तनु सिंह और युवराज सिंह (बीबीए टूरिज्म, तीसरे सेमेस्टर) ने दूसरा स्थान हासिल किया। पर्यटन अध्ययन संस्थान की प्रभारी डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने कुलपति और डॉ. भट्ट का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रो ओपी शुक्ला, प्रो. महेंद्र अग्निहोत्री, एसएमएच रिज़वी, डॉ. सुधीर मिश्रा, डॉ. अमर कुमार तिवारी, डॉ. सुयश यादव, मांडवी श्रीवास्तव, डॉ. नीतिका मेहता और विद्यार्थियों सहित विश्वविद्यालय समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया।

# प्रदेश में बनेंगे सात नए आश्रम पद्धति विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जरूरतमंद लोगों के बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के लिए समाज कल्याण विभाग प्रदेश में 7 और नए आश्रम पद्धति विद्यालय खोलेगा। निर्माण का कार्य यूपी सिडको को दिया जाएगा।

प्रदेश में अभी 102 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें यूपी बोर्ड और सीबीएससी शामिल हैं। बच्चों को मेधावी बनाने के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया गया है और अंग्रेजी स्कूलों की तर्ज पर परीक्षा (यूनिट टेस्ट) कराए जा रहे हैं। परीक्षाओं कराकर परखा जा रहा है कि कौन से छात्र किस विषय में कमजोर हैं।

मऊ, बागपत, शामली, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर और कन्नौज में नए आश्रम पद्धति विद्यालय खुलेंगे। इनका निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। हापुड़, कासगंज, सोनभद्र, हाथरस, महाराजगंज, अमरोहा और कानपुर देहात में निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू हो गई है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि निर्माण कार्य यूपी सिडको को दिया जाएगा। विद्यालयों के निर्माण के लिए बजट बनाकर शासन को भेजा जाएगा और धनराशि मांगी जाएगी।

▸▸ **अधिक संख्या में विद्यालय खोलकर जरूरतमंद को शिक्षा देने पर जोर**

▸▸ **मऊ, बागपत, शामली, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर और कन्नौज में बनेंगे विद्यालय**

▸▸ **हापुड़, कासगंज, सोनभद्र, हाथरस, महाराजगंज, अमरोहा, कानपुर देहात में काम शुरू**

## फिर उठी नैमिष-मथुरा रेल लाइन जोड़ने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** नैमिषारण्य वैश्विक तीर्थ और पर्यटन केंद्र होने के बाद भी यहां सुविधाओं का अभाव है। लोगों को यहां पहुंचने के लिए हवाई, रेल, एक्सप्रेस-वे तक की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसे लेकर नैमिषारण्य-मथुरा रेल जोड़ो अभियान समिति ने एक बार फिर इसकी मांग तेज की है। समिति के महासचिव अजय पाल सिंह सोमवंशी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पांच तीर्थ काशी वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा और नैमिषारण्य को वैश्विक तीर्थ ,पर्यटन केंद्र ने घोषित किया गया है।

कार्यालय- अधिशासी अभियन्ता (मु0), जलकल विभाग नगर निगम, ऐशबाग लखनऊ
पत्रांक- 1498/EE (HQ) 24-25 दि0- 27.9.24
शुद्धि-पत्र
पूर्व प्रकाशित निविदा संख्याः 1483/ई0ई0 (एच0क्यु0) 2024-25 दिनाँक 25.09.2024 मे क्र.सं. 1 जोकि 'जलकल विभाग ऐशबाग, मुख्यालय मे अधिष्ठापित फिटकरी गोदाम के समीप लगी एलम कैमिकल टैंक लगाने हेतु प्लेटफार्म के निर्माण इत्यादि का कार्य'' मे निविदा मूल्य की धनराशि टाईपिंग त्रुटिवश 3500.00 अंकित हो गयी है, जिसके स्थान पर निविदा मूल्य धनराशि रू0 300.00 पढ़ा व समझा जायेगा।
अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग
नगर निगम, लखनऊ

Sanjay Gandhi Postgraduate Institute of Medical Sciences
Raebareli Road, Lucknow - 226014, (U. P.) India, www.sgpgi.ac.in
EPABX No. 0522- 2668004-8, 2668700, 2668800, 2668900, 2494366, Fax.: 91-522-2668017, 2668078
Applications are invited for one post of Lab Technician in ICMR funded research project under Prof. Preeti Dabadghao, Department of Endocrinology, SGPGIMS, Lucknow. Detailed information available on institute website : (http://sgpgims.org.in).
Advt. No. R/28/2024-25
Prof. Preeti Dabadghao
(Principal Investigator)

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डर (संशोधित)
उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/प्रोजेक्ट/लखनऊ/पूर्वोत्तर रेलवे कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए, निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडर (दो पैकेट प्रणाली) के माध्यम से आमंत्रित की गयी थी जो कि निरस्त कर दी गयी हैः-
निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरणः एनईआर_एसएण्डटी_प्रोजेक्ट_LJN_02_2024- 27 सितंबर 2024 को खुलने वाली निविदा को निरस्त कर दिया गया है। निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरणः एनईआर_एसएण्डटी_प्रोजेक्ट_LJN_03_2024- 27 सितंबर 2024 को खुलने वाली निविदा को निरस्त कर दिया गया है।
नोटः- 1. वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना, योग्यता मापदंड, निरस्त, नियम एवं शर्तें देखी जा सकती है।
उप मुसिदूं/प्रोजेक्ट लखनऊ
मुजाधि/सिगनल-49
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना सं.: 15-DYCEGA-2024
उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :-
क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : गोरखपुर में - (1)- उप मुख्य इन्जीनियर/गो.क्षे. के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न सर्विस भवनों के एस्बेस्टस शीट छत का गेल्वालूम शीट से बदलाव का कार्य (2) प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त कार्यालय में विशेष मरम्मत एवं वर्क स्टेशन का प्रावधान, अनुमानित लागत : रु. 98,32,886.22, बयाने की राशि : रु. 1,96,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रु. 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय : 06 माह। कुल योग : रु. 98,32,886.22. 1. ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 22.10.2024 को 11:00 बजे। 2. ई-निविदा की बिडिंग तिथि 08.10.2024 से 22.10.2024 समय 10.59 बजे तक। 3. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अंतर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मुजाधि/डब्ल्यू-259 उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे.
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**सील खोलने का बनाया दबाव, उपाध्यक्ष से अभद्रता**

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम के सेक्टर-एच में मानचित्र के विपरीत निर्माण सील करने पर निर्माणकर्ता ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) कार्यालय पहुंचकर उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार और फरियादियों से अभद्रता की। तेज आवाज में बात कर टेबल पर रखीं फाइलें तितर-बितर कर दीं। उपाध्यक्ष ने सुरक्षा कर्मियों को बुलाकर उसे बाहर निकाला और गोमती नगर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकीपुरम के सेक्टर-एच में भूखंड संख्या-3/13 पर अंकुर यादव का निर्माण स्वीकृत मानचित्र के विपरीत होने पर सील किया गया था। इससे नाराज अंकुर शुक्रवार शाम उपाध्यक्ष के कार्यालय में पहुंचे थे। उपाध्यक्ष ने उनकी बात सुनीं और सील किए निर्माण की जोनल अधिकारी से जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वसन दिया। इसके बाद भी अंकुर नहीं माने और उपाध्यक्ष पर बिना जांच कराए सील खोलने का दबाव बनाया। टेबल पर हाथ पटक कर महत्वपूर्ण फाइलें तितर-बितर कर दीं।

## 41 शिक्षा अधिकारियों की हुई प्रोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्यपाल राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उत्तर प्रदेश शैक्षिक सामान्य शिक्षा संवर्ग सेवा समूह ख श्रेणी के 41 शिक्षा अधिकारियों को सेवा समूह क श्रेणी में प्रोन्नत करने पर सहमति दे दी है।

**ये हुए पदोन्नत :** वरुण कुमार सिंह, रेखा, रामचंद्र, चंद्रशेखर, रामप्रवेश, अरविंद कुमार पाठक, चंदनाराम इकबाल यादव, अतुल कुमार सिंह, संगीता, अमित कुमार, देवेंद्र कुमार पाण्डेय, शिवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार देव पाण्डेय, पवन कुमार, विजय सिंह, संतोष कुमार राय, लालजी यादव, शिव नारायण सिंह, संजय सिंह, सीमा, शाहीन, अंजली अग्रवाल, दीप्ती वाष्णेय, जयकरण यादव, दीपिका चतुर्वेदी, श्रवण कुमार, राजीव कुमार यादव, प्रकाश सिंह, अंशुमान, सत्येंद्र कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार, गौतम प्रसाद, सतीश कुमार, मायाराम, दिनेश कुमार, रती वर्मा, राघवेंद्र सिंह, हेमंत राव, अर्चना गुप्ता, प्रवीण कुमार तिवारी और भोलेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं।

# सफाई की, स्वच्छता के प्रति किया जागरुक

## बीबीएयू के कार्यक्रम में मौजूद रहे कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र व वानस्पतिक उद्यान में स्थित तालाब के आस-पास सफाई की गई और सभी को स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान में विश्वविद्यालय प्रभारी सेनीटेशन डॉ० रवि शंकर वर्मा, अन्य शिक्षक, अधिकारी, गैर शिक्षण कर्मचारी, सफाई सेवक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

पोषण माह का भी आयोजन

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत रेसिपी कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक स्कूल ऑफ़ लाइफ साइंसेज की संकायाध्यक्ष प्रो. संगीता सक्सेना, स्कूल ऑफ़ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी की संकायाध्यक्ष प्रो. दीपा एच द्विवेदी व डॉ. मोनिका शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष प्रो. यूवी किरण, विभागाध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रियंका शंकर उपस्थित रहीं। इसके अलावा विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी अग्रवाल, आयोजन सचिव डॉ. माधवी डैनियल व डॉ. अनु राम कैलाश मिश्रा, विभिन्न शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

▸▸ **काव्य पाठ प्रतियोगिता भी कराई गई**

बीबीएयू में हिन्दी पखवाड़ा के तहत पंडित सुदामा दुबे स्मृति व दर्शन न्यास के संयुक्त तत्वावधान में काव्यपाठ प्रतियोगिता व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर जल शक्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. अखिलेश मिश्र, कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, एनसीसी अधिकारी डॉ. राजश्री व शिवकुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। काव्यपाठ प्रतियोगिता के निर्णायक के तौर पर हिन्दी विभाग के प्रो. सर्वेश कुमार सिंह मौजूद रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित द्विवेदी ने किया।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सर्वसाधारण सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र आराध्य प्रताप सिंह उम्र 7 वर्ष का नाम बदलकर अभिराज प्रताप सिंह रख लिया है। यही नाम भविष्य में मेरे व पुत्र के सभी प्रपत्रों व स्कूली दस्तावेजों में लिखा पढ़ा व समझा जाये। आलोक कुमार सिंह पुत्र श्री राम आसरे सिंह पता- ग्राम शिवराजपुर, पोस्ट- गड़वारा, जनपद- प्रतापगढ़ (उ0प्र0)

सूचना
मेरे पासपोर्ट नं. 23063334 में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम SUMAIYA HASANI की जगह SUMMAIYA अंकित हो गया है। इसे संशोधित करके सही नाम SUMAIYA HASANI अंकित किया जाये SYED BILAL ABDUL HAI HASANI नि0- तकिया कला मैदानपुर, रायबरेली, उ.प्र

सूचना
सूचित हो कि मैं मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी पुत्र रहमतउल्ला, निवासी- ग्राम- कटौली, मजरा अहमदाबाद थाना रहीमाबाद जिला लखनऊ, मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड पर मदीहा आरिफ सिददीकी है जबकि कक्षा 09 की मार्कशीट पर मदीहा दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी तथा पुत्री मदीहा आरिफ सिद्दकी (MADEEHA ARIF SIDDIQUE) की माता का नाम तहसीन जहाँ है। यह कि उपरोक्त की पुत्री का नाम मदीह नाज के स्थान पर मदीहा आरिफ सिद्दीकी दर्ज किया जाए।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अमर कान्ती उर्फ श्रीकान्ती पत्नी अमरनाथ निवासी हरपालपुर पोस्ट खरसतिया, जिला बाराबंकी की रहने वाली हूं। जीवन बीमा पालिसी में मेरा नाम श्रीकान्ती अंकित है। जब कि आधार कार्ड, बैंक पासबुक में अमर कान्ती पत्नी अमरनाथ अंकित है। उक्त दोनो नाम मेरे ही हैं। मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रवण कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जिला जौनपुर घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम सचिन जायसवाल है लेकिन त्रुटिवश अभिलेखों में रितिक जायसवाल हो गया है जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम सचिन जायसवाल ही भविष्य में जाना व समझा जाए। भवदीय-श्रवण कुमार जायसवाल।

सूचना
मेरी पुत्री मंगला देवी मनमानी करते हुए 20-09-2021 को संतोष पुत्र जगदीश निवासी ग्राम रेउढ़ा थाना ज़रवलरोड जिला बहराइच के साथ जाकर शादी कर लिया था। जिससे मेरी मानहानि हुई थी। दोनों के कृत्य से आहत होकर मेरे परिवार ने मंगला देवी व संतोष से संबंध विच्छेद कर लिया था। अब दोनों लोग पुनः संबंध बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मंगला देवी व उनके पति से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता सरोकार नहीं है। दोनों लोग अपने द्वारा किये गये कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। उदय राज पुत्र स्व0 राम सेवक ग्राम पैरौरी अमृतपुरी पुरवा थाना-कोतवाली करनैलगंज जनपद-गोण्डा

**एलडीए** ई-ऑक्शन में बेची गई 515 करोड़ रुपये से अधिक की सम्पत्ति

# 53 लाख का भूखंड 1.85 करोड़ रुपये में बिका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने ई-ऑक्शन में 515 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की सम्पत्ति बेची। उत्साहित निवेशकों ने आरक्षित दर से चार गुना अधिक कीमत तक बोली लगाई। सबसे अधिक गोमती नगर विस्तार में 53 लाख का भूखंड 1.85 करोड़ रुपये में बिका, जबकि कानपुर रोड योजना में 40 लाख कीमत का भूखंड 1.65 करोड़ रुपये में बिका।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ई-ऑक्शन का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए इच्छुक लोगों को अभियंताओं व कर्मचारियों द्वारा साइट विजिट कराई थी। इससे उन्हें सम्पत्तियों की जानकारी मिली। 16 अगस्त से 21 सितम्बर, 2024 के बीच पंजीकरण खोला गया। इसमें पंजीकरण कराने वाले लोगों के मध्य 25 सितम्बर, 2024 को ई-ऑक्शन कराया गया। ई-नीलामी में कुल 256 सम्पत्तियां लगाई गईं। इनमें 73 सम्पतियां 515 करोड़ रुपये से अधिक कीमत में बिकी।

इसमें कानपुर रोड योजना के सेक्टर-जी में 40 लाख कीमत का 202 वर्गमीटर क्षेत्रफल का भूखंड 1.65 करोड़ रुपये में बिका। इसमें 284 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसी तरह गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में 53 लाख कीमत का भूखंड 1.85 करोड़ रुपये में बिका। बोली लगाने वाले सभी सफल आवंटियों को जल्द आवंटन पत्र निर्गत करेंगे। आवंटियों द्वारा इन सम्पत्तियों पर जो भी प्रोजेक्ट लाये जाएंगे, उसके लिए मानचित्र आदि स्वीकृत करने की प्रक्रिया सिंगल विन्डो सिस्टम के अंतर्गत निष्पादित करेंगे।

**ग्रुप हाउसिंग का 96 करोड़ का भूखंड 110 करोड़ में बिका**

बसन्तकुंज योजना में स्कूल के लिए आरक्षित भूखंड ई-नीलामी में अधिक कीमत में बिका। इससे स्कूल बनने का रास्ता साफ हो गया है। इसके अलावा सीबीडी योजना में ग्रुप हाउसिंग का 96 करोड़ रुपये का भूखंड 110 करोड़ रुपये व सीजी सिटी में ग्रुप हाउसिंग का भूखंड 82 करोड़ रुपये में बेचा गया। इसी तरह सीबीडी योजना में फाइन डाइन का 10 करोड़ रुपये कीमत का भूखंड 18 करोड़ रुपये में बिका। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में 33 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की आरक्षित दर के भूखंड 1.12 लाख रुपये प्रति वर्गमीटर की दर तक बिके हैं। बोली लगाने वाले जो लोग सफल नहीं हुए उनके लिए नवरात्र पर पुनः व्यवसायिक सम्पत्तियों के ई-ऑक्शन पोर्टल खोला जाएगा।

▸▸ **कानपुर रोड योजना का 1.65 करोड़ में बिका 40 लाख का भूखंड**

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), टोल-फ्रीः 1800 1800 5000, वेबसाइटः http://www.ldaonline.co.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किए जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया हैः-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती कमल सिंह<br>श्री विजय पाल सिंह | भूखण्ड सं-बी-4/116 | विशाल खण्ड गोमती नगर योजना | 25.07.1999<br>12.05.2023 | श्रीमती सपना भारतीय<br>श्री आकाश सिंह | - | पुत्री<br>पुत्र |
| 2 | श्रीमती अन्नपूर्णा श्रीवास्तव व श्री कृष्ण चन्द्र श्रीवास्तव | भूखण्ड सं-डी-1/151, विजयंत खण्ड | गोमती नगर योजना | मृत्यु क्रमशः दिनांक 13.07.2022 एवं 08.12.2020 को हो गयी | 1. श्री प्रशांत कश्यप | - | पुत्र |
| 3 | स्व. उत्रेश तिवारी | भूखण्ड सं-1/190 रश्मि खण्ड | शारदा नगर योजना | 17.12.2023 | श्रीमती अनीता तिवारी | श्रीमती निहारिका तिवारी<br>श्रीमती शुभांगी तिवारी | पत्नी<br>पुत्री<br>पुत्री |
| 4 | श्री इन्द्र प्रकाश | भूखण्ड सं- D-2/97 सेक्टर-ओ, मानसरोवर योजना | कानपुर रोड | 18.02.2024 | श्रीमती पार्वती देवी<br>श्री निखिल प्रकाश<br>श्री विशाल प्रकाश<br>श्रीमती स्नेहा प्रकाश<br>श्रीमती रिचा प्रकाश | - | पत्नी<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्री<br>पुत्री |
| 5 | श्री दिनेश राम यादव | भूखण्ड सं- डी-3/267, वास्तु खण्ड | गोमती नगर योजना | श्री दिनेश राम यादव की मृत्यु दिनांक 02.05.2021 को हो गयी | 1. श्रीमती विमला यादव<br>2. श्रीमती शिवांगी यादव<br>3. श्री उत्कर्ष कुमार यादव | - | पत्नी<br>पुत्री<br>पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
सचिव

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

बादल छाए रहेंगे, बारिश होने की भी संभावना है।

| 28.4° | 24.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज



- उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के प्रेक्षागार में वंचित एवं अल्पसंख्यकों का सम्मेलन- 9:00 बजे।
- दारुलशफा के बी ब्लाक में भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी का वार्षिक अधिवेशन- 10:00 बजे।
- प्राग नारायण रोड महिला संरक्षण गृह में एमरन फाउंडेशन और रेड ब्रिगेड के संयुक्त तत्वावधान में आरोहणम का आयोजन- 4:00 बजे।
- अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डेन में राष्ट्रीय पुस्तक मेले के दूसरे दिन रेवांत संस्था का कवि सम्मेलन- 6:30 बजे।

# 22 घरों में मच्छरजनित स्थितियां, थमाया नोटिस

## स्वास्थ्य विभाग सख्त : फैजुल्लागंज के निजी स्कूल में टायरों, कूलर के पानी में मिला डेंगू का लार्वा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डेंगू, मलेरिया समेत सभी मच्छर जनित बीमारियों से जागरुकता के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद लोग चेत नहीं रहे हैं। डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ने पर स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। शुक्रवार को कराए गए सर्वे में 22 घरों में मच्छरजनित स्थितियां मिलीं, जिस पर भवन मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं। दोबारा से ऐसी स्थिति मिलने पर जुर्माना वसूलने की चेतावनी भी दी गई है।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें रोजाना जागरूकता अभियान चला रही हैं। शुक्रवार को फैजुल्लागंज, अलीगंज, इंदिरानगर, चन्दरनगर ऐशबाग सहित विभिन्न क्षेत्रों में जागरूक करने के साथ मच्छरजनित स्थितियां की जानकारी ली। टीम ने शुक्रवार को फैजुल्लागंज के श्याम विहार कॉलोनी के निजी स्कूल का निरीक्षण किया।

वहां पड़े टायरों में बारिश का पानी जमा मिला। जिसमें लार्वा पनप रहे थे। कूलर में भी ऐसे ही हालत मिले। आसपास भी जलजमाव की स्थिति थी। टीम ने संचालक को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है।

टीम ने 1488 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया। इसमें 22 घरों में मच्छरजनित स्थिति मिलने पर भवन मालिकों को नोटिस जारी किए गए। दोबारा से ऐसी स्थिति पाए जाने पर जुर्माना वसूलने की चेतावनी भी दी गई है। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों ने लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव भी कराया।

### डेंगू के 27 व मलेरिया के 4 नए मरीज मिले



जिले में शुक्रवार को डेंगू के 27 नए मरीज मिले हैं। सभी को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इन्दिरानगर 5, टूडियागंज 2, चन्दरनगर 4, अलीगंज 4, सरोजनी नगर 3, चिनहट 3, एनके रोड 2, सिल्वर जुबली 2, ऐशबाग सीएचसी क्षेत्र में डेंगू के 2 मरीज मिले हैं। अलीगंज, ऐशबाग और चन्दरनगर सीएचसी क्षेत्र में मलेरिया के भी 4 रोगी पाए गए। स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में जनपद में जनवरी से अब तक डेंगू के 390 और मलेरिया के 405 मरीज मिल चुके हैं।

**405** मरीज मलेरिया के जनवरी से अब तक मिल चुके हैं

### आज से चलाएंगे जागरुकता अभियान



फैजुल्लागंज क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार तक इलाके में 8 डेंगू, 37 मलेरिया और 100 से अधिक तेज बुखार के रोगी मेरी जानकारी में हैं। सरकारी तंत्र के साथ लोगों को भी सतर्क होना पड़ेगा। कूड़ा कूड़े दानी में सोएं मच्छर दानी में, दूर हों वेक्टर जनित रोग यदि मिले सबका सहयोग, संदेश के साथ बाल महिला सेवा संगठन शनिवार से फैजुल्लागंज क्षेत्र में जागरूकता अभियान शुरू करेगा।

– ममता त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता

### डेथ ऑडिट के लिए बनी पांच चिकित्सकों की कमेटी

श्रेयांश को पहले बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि यहां समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा था। परिजनों ने उसे मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हॉस्पिटल प्रशासन ने एलाइजा से भी एडवांस तकनीक एंजाइम लिंक्ड फ्लूरेसेंस अस्से (एल्फा) से जांच में डेंगू की पुष्टि का दावा किया था, जिसे स्वास्थ्य विभाग ने मान लिया है। श्रेयांस की डेंगू रिपोर्ट को प्रशासन ने सही माना है लेकिन मौत डेंगू से हुई या नहीं, इसके लिए डेथ ऑडिट का आदेश देते हुए 5 डॉक्टरों की कमेटी बना दी गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि जनवरी से अब तक डेंगू से हुई यह पहली मौत है। हालांकि प्रशासन डेथ ऑडिट की रिपोर्ट आने के बाद ही इस पर मुहर लगाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग ने माना श्रेयांश की मौत डेंगू से हुई

फैजुल्लागंज की श्रीनगर कॉलोनी के कक्षा-12 के छात्र श्रेयांश की मेदांता अस्पताल में गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने मौत में डेंगू के कारण होने का दावा किया था। प्रथम दृष्टया स्वास्थ्य विभाग ने भी डेंगू से मौत होना स्वीकार किया है।

**131** डेंगू के मरीज सामने आए थे राजधानी में जनवरी से जुलाई के अंत तक, सभी इलाज के बाद ठीक हो गए।

**300** मरीज सामने आ चुके हैं 1 अगस्त से अब तक। 3 दिनों से 20 से ज्यादा मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो रही है।

**02** लोगों की मौत हो चुकी है फैजुल्लागंज में, दावा, 8 डेंगू, 37 मलेरिया, 100 तेज बुखार के रोगी इलाके में हैं।

#### लक्षण

- अचानक तेज बुखार आना।
- सिरदर्द, मितली होने और उल्टी की शिकायत।
- शरीर के ज्यादातर हिस्से पर चपटे, लाल दाने।
- पेट में दर्द, सांस लेने में दिक्कत।
- नाक, मसूड़ों, उल्टी, या मल में खून आना।

#### बचाव

- मच्छरों से हर संभव बचाव करें
- ढीले-ढाले, लंबी आस्तीन वाले कपड़े पहनें।
- मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
- मच्छरों को आकर्षित करने वाली गंधों से बचें।
- मच्छरों के पनपने के स्थानों को हटाएं।
- घर व आसपास पानी जमा न होने दें।
- पानी की टंकी को ढककर रखें।



फैजुल्लागंज में लार्वा ढूंढती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

# डेंगू से बचना है सजग रहें, जलजमाव रोकें

**अमृत विचार :** शहर में एक सप्ताह से डेंगू के मामलों में इजाफा हुआ है। फैजुल्लागंज क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो चुकी है। ये इलाका हर साल डेंगू को लेकर अति संवेदनशील रहता है।

शहर के अनुपात में डेंगू से 80 फीसदी मौतें फैजुल्लागंज में होती हैं। इसकी वजह गंदगी और जलभराव सामने आई है। ऐसे में ''अमृत विचार'' ने इस मुद्दे पर स्थानीय लोगों से बातचीत की। जिसमें सामने आया कि दैनिक कार्यों के साथ ही घर व आसपास साफ-सफाई पर ध्यान दें तो बीमारी पर काबू पा जा सकता है।

### डेंगू से लड़ रहे रोज लड़ाई



राजकुमार पाल ने कहा कि डेंगू-मलेरिया को लेकर सरकारी सिस्टम को कोसने के बजाय हमें खुद भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अपने परिवार को इससे बचाने के लिए हम रोजाना दैनिक कार्यों के साथ 10 मिनट डेंगू से बचाव के लिए प्रयास करते हैं। इस अवधि में हम घर और आसपास जल जमाव न होने पाए इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करता हूं।

### दूसरों को भी कर रहे जागरूक



गुड़िया सिंह का ने बताया कि बाल महिला सेवा संगठन से जुडी हूं। खुद बचाव करने के साथ हम रोजाना दूसरों को भी डेंगू-मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूक कर रही हूं। इससे बच्चों में भी जागरूकता बढ़ रही है, जो आगे आने वाली पीढ़ी के लिए सकारात्मक संदेश है। मेरा मानना है कि सामूहिक भागीदारी से ही हम डेंगू पर आसानी से काबू पा सकते हैं।

### रोज 10 लोगों को कर रहीं हूं जागरूक



शिखा सिंह ने कहा कि फैजुल्लागंज में डेंगू से मौतों को लेकर मैं डरी हुई हूं। मेरा मानना है कि डेंगू-मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का कारण बनने वाले मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए नागरिक भागीदारी जरुरी है। इसको लेकर मैं रोजाना 10 लोगों को इसके बचाव को लेकर जागरूक करती हूं। ये लक्ष्य फोन के माध्यम से भी पूरा कर लेती हूं।

### रूट डायवर्जन

#### मवैया पुल के पास कल से आवागमन बंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** मवैया पुल के नीचे आरसीसी सड़क की मरम्मत के चलते 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी यातायात प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक चारबाग से मवैया होते हुए आलमबाग और आलमबाग से मवैया होते हुए चारबाग की तरफ वाहनों के आवागमन पर पांच अक्टूबर तक रोक रहेगी।

#### कुकरैल नदी नाले के ऊपर से 29 से नहीं जा सकेंगे

कल्याण अपार्टमेंट के पास कुकरैल नदी नाले के ऊपर बने पुल की शटरिंग के कार्य को लेकर 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी यातायात प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक मुंशीपुलिया से खुर्रमनगर न जाकर कल्याण अपार्टमेंट से बाएं मुड़कर रहीनगर चौराहा होकर जाएंगे। इसी तरह समतामूलक चौराहा से मुंशीपुलिया जाने वाले भूसा मंडी गली से होते हुए सेक्टर-25 चौराहा पहुंचकर जा सकेंगे।

### एक नजर

#### हिंदी पखवाड़ा के तहत हुए विविध कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अन्तर्गत 14 से 27 सितंबर 2024 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण, निबन्ध, कविता, टिप्पणी लेखन एवं टंकण प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो यशवंत वीरोदय ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को नकद धनराशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

# 100 टैंकर पानी, 32 घंटे में बुझी आग

## इमारत में कहीं वेंटीलेशन नहीं था, आग पर काबू पाने के लिए दीवारों और फर्श को तोड़ना पड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार :** अमीनाबाद के लाटूश रोड पर संजय जायसवाल के इलेक्ट्रिकल गोदाम में लगी आग पर 32 घंटे बाद शुक्रवार शाम 5 बजे काबू पाया जा सका। अग्निशमन विभाग के 30 से अधिक कर्मचारी और एसडीआरएफ के जवान लगातार जुटे रहे। दीवारों और फर्श को तोड़कर 100 से अधिक टैंकर पानी डाला गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस सड़क पर आवागमन पर रोक लगाए रही। हालांकि एहतियातन दमकल की एक गाड़ी और 10 जवान मौके पर लगा दिए गए हैं।

करीब 2000 वर्गफीट के बेसमेंट में बिजली के तारों के बंडल, कूलर, झालर और तमाम बिजली के उपकरण भरे थे। अंधेरे के कारण ड्रैगन टार्च के सहारे दिन और रात में रेस्क्यू हुआ। पहले तल पर बेडरूम से सटे हाल, दूसरे तल और तीसरे तल की छत पर टीनशेड के नीचे भी माल भरा था। पूरी इमारत में कहीं भी वेंटीलेशन की जगह नहीं थी। इससे आग पर काबू पाने में ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी। हालात बिगड़ते देख बेमसेंट दो जगह तोड़ा गया। पहले तल की छत और दीवार कटिंग टूल्स से काटी गई। तीसरे तल का टीन शेड काटकर फायर फाइटिंग की गई। वेंटीलेशन मिलने पर कुछ आग शांत हुई।



लाटूश रोड पर इमारत में लगी आग पर काबू करते एसडीआरएफ जवान। अमृत विचार

### दीवार काटने के विरोध पर जिलाधिकारी ने फटकारा

गोदाम के पिछले हिस्से में धधकती आग तक पानी पहुंचाने का इंतजाम नहीं था। दमकल ने चैम्पियन इलेक्ट्रानिक्स दुकान की दीवार तोड़ने का प्रस्ताव रखा। दुकान मालिक ने न केवल इसका विरोध किया बल्कि दमकल टीम से अभद्रता करने लगे। विवाद बढ़ता देख सीएफओ मंगेश कुमार ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को सूचना दी। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी ने दुकान मालिक को जमकर फटकारा। अधिकारियों ने खड़े होकर दीवार का एक हिस्सा तुड़वाया। इसके बाद फायर फाइटिंग की गई। फिर पिछले हिस्से में दीवार में होल कर पानी फेंका गया।

### दवा खाकर काम में जुटे एफएसओ

हाइड्रोलिक प्लेटफार्म से उतरते समय एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत की आंख के नीचे दाहिनी ओर चोट लग गई। असहनीय दर्द होने पर उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया। दवा खाकर वह दो घंटे बाद फिर आग पर काबू करने में जुट गए। सीएफओ मंगेश कुमार के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

- धुआं निकलने के लिए नहीं थी जगह, ड्रैगन टॉर्च के सहारे अंधेरे में टीम ने चलाया अभियान

### रात भर सड़क पर बैठा रहा कारोबारी का परिवार

व्यवसायी संजय उनके परिवार के लोग पड़ोस के व्यापारियों के साथ रात भर सड़क पर बैठे रहे। सभी को यही चिंता थी कि आग कहीं उनकी दुकान तक न पहुंच जाए।



लाटूश रोड पर इमारत में लगी आग पर काबू करने के लिए खड़ीं दमकल की गाड़ियां। अमृत विचार

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने कोर्ट रूम में सील किया चाइनीज लहसुन

**अमृत विचार, लखनऊः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष शुक्रवार को उपस्थित हुए फूड सेफ्टी व ड्रग प्रशासन विभाग के अधिकारी विजय सिंह ने कोर्ट रूम में ही कथित चाइनीज लहसुन को सील किया। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान याची ने आधा किलो प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया था। याची मोतीलाल यादव का का कहना है कि उक्त चाइनीज लहसुन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इसी वजह से वर्ष 2014 से ही भारत में प्रतिबंधित है। आरोप है कि बावजूद इसके यह बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहा है।

सुनवाई के दौरान हाजिर हुए अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने न्यायालय को बताया कि चाइनीज लहसुन की सूचना देने के लिए विभाग द्वारा एक टोल फ्री नंबर 18001805533 भी जारी किया गया है। उनका यह भी कहना था की तीन टीमें बनाकर राजधानी की तमाम मंडियों में छापेमारी की गई है, लेकिन अब तक चाइनीज लहसुन की बरामदगी नहीं हो सकी है। इस पर न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 अक्टूबर की तिथि नियत कर दी है। न्यायालय ने वर्ष 2014 के उक्त आदेश को रिकॉर्ड पर लाने का भी आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भी पता करने को कहा है कि प्रतिबन्ध के बावजूद उक्त लहसुन की सप्लाई कैसे हो रही है।

# वीडियो वायरल की धमकी दे आईएएस से मांगे 5 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसीपी के निर्देश पर हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज
- रुपये न मिलने पर परिचितों को वीडियो भेजने की कॉलर ने दी धमकी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक (आईएएस) को अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। कॉलर ने इसके बदले में उनसे 5 करोड़ रुपये की मांग की। रुपये न मिलने पर उसने परिचितों और रिश्तेदारों को वीडियो भेजने की भी धमकी दी। पीड़ित आईएएस अधिकारी राम सिंह वर्मा ने एसीपी हजरतगंज से शिकायत की। एसीपी के निर्देश पर शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

हजरतगंज स्थित शासकीय कालोनी में रहने वाले आईएएस अधिकारी राम सिंह वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24 सितंबर की रात करीब 10 बजे 8390805...से एक वीडियो कॉल आई। उस कॉल के बाद से उन्हें अनजान नंबर से फोन और मैसेज आने लगे। फोन करने वाले ने धमकाया कि 5 करोड़ रुपये दो वरना जो वीडियो बनाया है, उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर देंगे। राम सिंह वर्मा ने बताया कि बुधवार से शुक्रवार तक उनके पास कई बार नंबर बदल-बदलकर कॉल आई। इसके बाद कॉलर ने रंगदारी की रकम डेढ़ करोड़ रुपये कर दी। पीड़ित ने रुपये देने से इनकार किया तो आरोपी ने गाली-गलौज कर परिवार व ऑफिस में वीडियो भेजने की धमकी दी। मैसेज में लिखा कि रुपये नहीं दिए तो बीच सड़क पर ठोक दूंगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर राम सिंह ने शुक्रवार को एसीपी हजरतगंज से मुलाकात कर शिकायत की। मामला गंभीर देख हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### चीफ ब्रिज इंजिनियर ने मां बेल्हा देवी धाम तक की विंडो ट्रेलिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे चीफ ब्रिज इंजीनियर सुरेश कुमार सपरा ने शुक्रवार को लखनऊ से मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ तक रेल ब्रिजों के रखरखाव का जायजा लिया। उन्होनें लखनऊ के मंडल अधिकारियों के साथ विंडो ट्रेलिंग और जगेशरगंज-अंतू के मध्य, जगेशरगंज-चिलबिला के बीच ब्रिज का जायजा लिया। इस दौरान ब्रिजों के रख रखाव को लेकर उन्होने सभी को दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही रेलवे ब्रिजों की निगरानी करने और इनकी सुरक्षा के प्रति सावधानी बरतने की बात कही।

### बदहाली

## लोक निर्माण विभाग की 500 किमी सड़कों की मरम्मत और दोबारा बनाने की जरूरत

# बारिश में बहा डामर, सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 8 से 10 जगह व्यस्ततम किसान पथ पर भी सड़क खराब
- 1090 चौराहा, अंबेडकर पार्क, राजेंद्र नगर में भी सड़क उखड़ी

**अमृत विचारः** बारिश में डामर बहने से राजधानी में लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड और निर्माण खंड-2 की सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। ऐसी सड़कों पर वाहन क्षतिग्रस्त होने के साथ लोग भी चोटिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री की ओर से समय सीमा निर्धारित होने के बाद भी खराब और पैचवर्क लायक सड़कों की सूची बनाने का काम शुरू हुआ है।

किसान पथ ट्रांसपोर्टनगर से अर्जुनगंज तक 8 से 10 जगहों पर सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, लेकिन अवर अभियंता अंशुमान सिंह सड़क पूरी तरह दुरुस्त बता रहे हैं। शहर के कई ओवरब्रिज की सड़कें भी जर्जर हैं। इसके अलावा 1090 चौराहा, अंबेडकर पार्क, राजेंद्र नगर समेत कई जगह सड़क खराब है।

पीडब्ल्यूडी ने 18 किलोमीटर शहरी, 242 किलोमीटर ग्रामीण के अलावा जिला मार्ग की खस्ताहाल सड़कों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया है। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र नाथ ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 18 किलोमीटर और 42 किलोमीटर अन्य मार्ग पर गिट्टी बिछा दी गई है। जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

निर्माणखंड-दो इकाई के तहत नादरगंज मोहनलालगंज, गोसाईगंज, निगोहां, नगराम, पारा, दुबग्गा, काकोरी, माल-मलिहाबाद, रहीमाबाद क्षेत्र में लगभग 200 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। एक-दो दिन में गड्ढों को भरने का काम शुरू किया जाएगा।



बारिश में डामर बहने से पीडबल्यूडी की सड़क पर बना गड्ढा। अमृत विचार

# बिना टैक्स दिए दौड़ रहे 16 हजार वाहन

**अमृत विचार, लखनऊः** राजधानी की सड़कों पर 16 हजार से अधिक वाहन बिना टैक्स दिए दौड़ रहे हैं। इन पर 17 करोड़ रुपये से ज्यादा का टैक्स बकाया हैं। समय पर वसूली नहीं होने से लखनऊ राजस्व वसूली में अन्य कार्यालयों से पीछे चल रहा है। अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) की टैक्स वसूली की समीक्षा में एआरटीओ प्रशासन फिसड्डी निकले। अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) चित्रलेखा सिंह ने टैक्स बकाए की रिपोर्ट एआरटीओ (प्रशासन) प्रदीप कुमार सिंह से मांगी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक पांच वर्षों में टैक्स बकाया वाले वाहनों की संख्या 16322 हो गई है। इन पर 179900034 रुपये टैक्स बकाया है। इनमें से 6262 वाहन मालिकों को नोटिस भेजकर टैक्स जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद टैक्स जमा नहीं करने पर तहसीलदार के जरिए आरसी भेजकर बकाया वसूलने की तैयारी है।

# बारिश से तापमान गिरा, ठंड का एहसास

## दो दिन में 13.3 मिमी गिरा पानी, अभी दो दिन बारिश की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** दो दिन से हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आ गई है। ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। सोमवार से मौसम साफ होने की उम्मीद है।

बुधवार को मौसम का मिजाज बदलने से गर्मी एवं उमस से राहत मिली थी। गुरुवार को बारिश का सिलसिला जारी रहने से पारा लुढ़क गया था। शुक्रवार को भी सुबह से ही बादल छाए और दोपहर से शाम तक रुक-रुककर हल्की बारिश हुई। इससे अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस कम रहा। न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दो दिन से हो रही बारिश के कारण हल्की ठंड का एहसास हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि दो दिनों में 13.3 मिलीमीटर बारिश हुई। गुरुवार को 4.7 और शुक्रवार को 8.6 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। दक्षिण पूर्व दिशा से चली हवा ने राहत दी। उन्होंने बताया कि जून से अभी तक 671.7 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य है। रविवार तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।



बारिश से बचने के लिए रेनकोट पहन व छाता लगाकर जाते लोग। अमृत विचार

- अधिकतम तापमान सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस कम रहा
- जून से अभी तक हुई 671.7 मिलीमीटर सामान्य बारिश

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**अमृत विचार, विधि संवाददाता :** सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी पिता ललित कुमार मिश्रा को पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद कमरुज्जमा खान ने 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 32 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट स्वयं पीड़िता द्वारा 15 सितंबर 2020 को थाना मंडियाँव में दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि वह कक्षा 8 में पढ़ती है तथा उसकी उम्र 13 वर्ष है। यह भी कहा गया है कि उसके पिता लखनऊ से लखीमपुर प्राइवेट बस चलाते हैं तथा उसकी मां जानकीपुरम में खाना बनाने जाती थी। आरोप लगाया गया है कि 27 अगस्त 2020 को जब उसकी मां काम पर गई थी तब उसके सौतेले पिता ललित कुमार मिश्रा ने अकेला पाकर उसके साथ दुराचार किया एवं मारा पीटा।

### दुबग्गा में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। मूल रूप से सदर उन्नाव निवासी आरोपी संजय बाजपेई पारा के सत्यम सिटी में किराए पर रह रहा था। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2023 में डकैती का मामला दर्ज हुआ था। उसके बाद कुछ वक्त पहले दुबग्गा पुलिस ने गैंग के सरगना नमन मिश्रा समेत नौ के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट की थी। जिसमें वह फरार चल रहा था।

### ग्रामीणों ने चोर समझ बाइक सवार युवकों को पीटा

**अमृत विचार सरोजनीनगर :** बंथरा के रसूलपुर में गुरुवार देर रात को ग्रामीणों ने बाइक सवार दो युवकों को चोर समझकर पीट दिया। रसूलपुर गांव में चोरों के अफवाह से परेशान ग्रामीण देर रात को पहरा दे रहे थे। गुरुवार देर रात करीब 1 बजे बाइक सवार दो युवक गांव के रास्ते से निकले। ग्रामीणों ने उनको रोक लिया। उनके साथ अभद्रता करने लगे। उन पर चोरी का आरोप लगाया। विरोध करने पर ग्रामीणों ने उनकी पिटाई कर दी। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# बुजुर्ग व महिला समेत तीन के खाते से उड़ाए 75.38 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ साइबर क्राइम और काकोरी थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग और महिला समेत तीन के खातों से करीब 75.38 लाख रुपये उड़ा लिए। स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर ठगी की गई। पीड़ितों ने साइबर क्राइम और काकोरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बीबीडी स्थित ओमेगा ग्रीन पार्क टॉवर निवासी बुजुर्ग ज्ञान प्रकाश पाठक का बचत खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। कुछ दिनों पहले उनके पास एक कॉल आई। जालसाज ने खुद को बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मी बताया। जालसाज ने क्रेडिट कार्ड देने का झांसा देकर डेबिट कार्ड की जानकारी ली। फिर खाते से कई बार में 7,59,300 रुपये गायब कर दिए। रुपए कटने का मैसेज देख ज्ञान प्रकाश के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने बैंक में शिकायत करने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं, काकोरी के मोहान रोड स्थित स्काई सिटी सोसाइटी निवासी मंजू प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि जालसाज ने टेलीग्राम पर लिंक भेज पार्ट टाइम जॉब का झांसा दिया। फिर कई बार में 85,700 रुपये जमा करा लिए। पीड़िता ने काकोरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चिनहट के दयाल रेजीडेंसी में 56 वर्षीय अजय कुमार श्रीवास्तव परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया। जिसमें स्टॉक ट्रेडिंग में अच्छे मुनाफे का आश्वासन दिया गया। फिर ग्रुप एडमिन ने एक नंबर दिया। एक स्टॉक ट्रेडिंग के ग्रुप में जोड़ने के बाद निवेश के नाम पर सात अलग-अलग खातों में 66.93 लाख रुपये जमा कराए गए। अजय ने रुपए निकालने का प्रयास किया तो निरस्त कर दिया गया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई।

### नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से एक लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू पीआरओ ऑफिस में तैनात कर्मचारी ने हॉस्पिटल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक महिला से एक लाख रुपए ऐंठ लिए। नौकरी न मिलने पर पीड़िता ने रुपए वापस मांगे तो नेता, विधायक का करीबी बता धमकाया। डीजीपी मुख्यालय के निर्देश पर तालकटोरा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। तालकटोरा के आलमनगर निवासी सुमन देवी गौतम ने बताया कि कुछ वक्त पहले बाजारखाला के हैदरगंज निवासी शुभम शर्मा से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने खुद को केजीएमयू हॉस्पिटल में पीआरओ कार्यालय का कर्मचारी बताया, और आश्वासन दिया कि सिर्फ एक लाख रुपए खर्च कर नौकरी मिल सकती है। सुमन ने बताया कि जेवर गिरवी रखकर दो बार में एक लाख रुपए दिए। कुछ समय बाद पीड़िता ने नौकरी के लिए बात की तो आरोपी ने टालमटोल की। रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज की। सुमन ने बाजारखाला और तालकटोरा थाने में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। सुमन ने डीजीपी मुख्यालय में शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर तालकटोरा पुलिस ने शुभम शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दोनों बच्चों का हुआ अंतिम संस्कार पुलिस को शिकायत का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ सरोजनीनगर में खनन से बने गड्ढे में डूबने से हुई थी मौत

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर के एयरपोर्ट के पास रहीमाबाद गांव में मिट्टी खनन से बने गड्ढे में डूबने से छात्र दुर्गेश सिंह और मानस सिंह की गुरुवार को मौत हो गई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों का शव घर पहुंचा तो चीख- पुकार मच गई। दोनों बच्चों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

दोपहर दुर्गेश का शव लेकर उसके पिता मनमोहन और अन्य परिवारीजन बैकुंठ धाम पहुंचे। वहां शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर, मानस के पिता मनोज सिंह शव लेकर पैतृक आवास लतीफपुर गांव चले गए। वहां, शव का अंतिम संस्कार किया।

दोनों निजी विद्यालय से कक्षा नौ के छात्र थे। गुरुवार शाम खनन से बने 18 से 20 फीट गहरे गड्ढे में डूबने से दोनों की मौत हो गई थी। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव प्रजापति ने बताया कि प्रशासन को इस संबंध में पत्र भेजा गया है। इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# महिला की हत्या, खेत में मिला शव

## अर्धनग्न अवस्था में मिला शव, शरीर पर कई जगह चोट और खरोंच के निशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ इटौंजा पुलिस ने गुमशुदा महिलाओं की खंगाल रही है रिकॉड

**अमृत विचार:** इटौंजा के अकड़रिया खुर्द गांव में खेत में शुक्रवार को एक महिला का अर्धनग्न हालात में शव मिला। ग्रामीणों ने दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की है। महिला के शरीर पर मौजूद चोटें, खरोंचे और परिस्थितजन्य साक्ष्य भी हत्या की ओर ही इशारा कर रहे हैं। पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

अकड़रिया खुर्द गांव में किसान रामकरन परिजनों के साथ रहते हैं। गांव के बाहरी हिस्से में उनका खेत है। वह शुक्रवार दोपहर को पशुओं को चराने के लिए खेत में गए थे। खेत में घास के बीच से उन्हें बदबू महसूस हुई। वह पास में पहुंचे तो लगभग 35 वर्षीय महिला का अर्धनग्न हालत में शव पड़ा हुआ था। शरीर पर सिर्फ ब्लाउज मौजूद था। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ वहां जुट गई। इसी बीच ग्रामीणों ने इटौंजा पुलिस को महिला का शव खेत में मिलने की जानकारी दे दी। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

ग्रामीणों ने बताया कि महिला के सिर, मुंह व शरीर पर कई जगह पर चोटें है। यही नहीं शरीर पर रगड़ और खरोंचें भी मौजूद थीं। महिला की कपड़े कुछ दूरी पर पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की है कि महिला के दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस यह कयास लगा रही है कि महिला कहीं और की रहने वाली है। वहीं ग्रामीणों का यह भी कहना है कि ऐसा लग रहा है कि महिला को कहीं ओर से घटनास्थल पर लाया गया था। इसके बाद सुनसान स्थान का फायदा उठा कर शव को ठिकाने लगा दिया गया।



घटना स्थल पर एकत्रित ग्रामीण व पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### बीकेटी से शिनाख्त के लिए पहुंचा, नहीं हुई पहचान

बीकेटी इलाके से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में चार दिन पहले गायब हो गई थी। परिजनों ने बीकेटी पुलिस को सूचना भी दी थी। शुक्रवार को इटौंजा में महिला का शव संदिग्ध हालात में मिलने की सूचना बीकेटी पुलिस को भी दी। बीकेटी पुलिस ने उनके क्षेत्र से गायब हुई महिला के परिजनों को दी। परिजन शव की शिनाख्त करने के लिए पहुंचे। उन्हों महिला के शव की फोटो और कपड़े दिखाए गए, लेकिन उन्होंने शव की शिनाख्त नहीं की।

### फॉरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य

एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि घटनास्थल पर फील्ड यूनिट के साथ-साथ फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया था। छानबीन के दौरान फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महिला की साड़ी, पेटीकोट, बीड़ी, सिगरेट के टुकड़े व कुछ अन्य साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस का कहना है कि महिला के शरीर से बदबू आ रही थी। लिहाजा यही लग रहा है कि महिला का शव तीन से चार दिन पुराना है।

# मेटा अलर्ट पर बची थी जान, दो माह बाद दर्ज कराई दुष्कर्म की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ निगोहां थाने में दर्ज किया गया मामला, युवक पर आरोप लगा किया था खुदकुशी का प्रयास

▶▶ पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार :** मेटा अलर्ट पर निगोहां पुलिस ने जिस युवती को खुदकुशी करने से बचाया था। उसने दो माह बाद युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि झूठी शादी रचाकर दुष्कर्म किया। किराए के कमरे में भूखा-प्यासा रखा। विरोध करने पर पिटाई कर फरार हो गया। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। घटना स्थल पीजीआई का होने के कारण विवेचना स्थानांतरित कर दी जाएगी।

रायबरेली निवासी युवती ने करीब दो महीने पहले लाइव जाकर फांसी लगाने का प्रयास किया था। एआइ मेटा ने डीजीपी की सोशल मीडिया टीम को अलर्ट भेजा, जिसकी मदद से निगोहां पुलिस ने चार मिनट में पहुंचकर युवती की जान बचा ली थी। उसी युवती ने अब रहीमाबाद के कुशलखेड़ा निवासी अमन शर्मा पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि इसी के कारण आत्महत्या का प्रयास किया था। अमन ने झांसा देकर झूठी शादी की। पीजीआइ इलाके में कमरा लेकर पति-पत्नी की रहने लगा।

अमन ने उसको कमरे में बंद कर कई दिनों तक भूखा प्यासा रखकर प्रताड़ित किया। घर जाने की बात की तो अमन ने पिटाई की और उसे कमरे पर अकेला छोड़कर भाग निकला। युवती अमन के घर पहुंची। उसे देखते ही अमन के पिता व भाई गाली-गलौज कर उसकी अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी दी।

# शादी का झांसा दे विधवा का किया शारीरिक शोषण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोशल मीडिया के माध्यम से विधवा की दोस्ती एक शख्स से हुई। आरोपी ने शादी का झांसा देकर करीब ढाई वर्ष तक शारीरिक शोषण करते हुए रुपए ऐंठे। एसीपी विनय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर कृष्णानगर पुलिस ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एलडीए कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि कुछ वक्त पहले सोशल मीडिया के माध्यम से अजीत कुमार द्विवेदी से मुलाकात हुई थी। मुलाकात के दौरान प्रेम प्रसंग होने पर अजीत शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने लगा। यही नहीं कई बार अजीत ने जरूरत बताकर काफी रुपए भी लिए। दो साल तक शोषण के बाद भी शादी से इंकार करता देख पीड़िता ने संबंध खत्म कर दिए। अपने रुपए वापस मांगने पर आरोपी ने मारपीट की। लेकिन उसने दोबारा भरोसा कर आरोपी से बात कि इसपर आरोपी ने शारीरिक संबंध बना उसकी आपत्तिजनक फोटो खींच ली और उसे वायरल करने की धमकी दो रहा। पीड़िता ने एसीपी कृष्णानगर से शिकायत की। निर्देश पर कृष्णानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सऊदी अरब के गिरोह को भेजा था 49 बैंक खातों का ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

▶▶ एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर से ठगी में किया था दो खातों का प्रयोग

**अमृत विचार:** एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट कर 2.81 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का तार सऊदी अरब से जुड़ा। इसकी पुष्टि साइबर क्राइम टीम द्वारा बुधवार को पकड़े गए दो आरोपियों के पूछताछ में हुई। इन जालसाजों ने बताया कि ठगी के लिए सऊदी अरब में बैठे साथियों को बैंक खाते उपलब्ध कराने का काम करते थे। पिछले कुछ दिनों के अंदर कुछ 49 बैंक खाते उपलब्ध कराए थे। इसमें दो खातों का प्रयोग डॉ. रुचिका टंडन से ठगे गए रुपये के हेराफेरी में किया गया था। साइबर क्राइम टीम सभी बैंक खातों की डिटेल निकलवा रही है।

डॉ. रुचिका टंडन से ठगी मामले में नया खुलासा हुआ है। साइबर जालसाजों ने ठगी की रकम ट्रांसफर करने के लिए भिखारियों के पहचान पत्र का प्रयोग किया था। अलग-अलग जगहों से भिखारियों को 1-2 हजार रुपए देकर उनके पहचान पत्र लिए थे। भिखारियों के पहचान पत्र से अलग-अलग बैंक में अकाउंट खोले जाते थे। खाता खुलवाने में सिर्फ अपना मोबाइल नंबर ही दर्ज कराया था। ताकि खाते का संचालन खुद कर सके। आरोपियों ने पूछताछ में कुबूल किया पुलिस उनको ट्रैक न कर सके, इसके लिए भिखारियों के नाम व पते का प्रयोग किया गया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि बुधवार को सहारनपुर के रॉबिन कुमार और संभल के रहने वाले नितिन गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। दोनों खुद को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताते हैं। लेकिन कोई डिग्री नहीं दिखा सके। यही दोनों भिखारियों और अन्य के नाम से खाते खुलवाते थे।

### कई देशों में फैला है नेटवर्क

साइबर जालसाजों के इस गिरोह का नेटवर्क यूपी, उत्तराखंड, दिल्ली, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान और गुजरात में ही नहीं फैला है। बल्कि इस गिरोह के तार पाकिस्तान, नेपाल, बियतनाम, सऊदी अरब तक फैले हैं। जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्यों ने बिहार, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली के सात खातों में डॉ. रुचिका से ठगी की रकम ट्रांसफर की थी। जिसे क्रिप्टो करंसी में बदला था। यम काम सऊदी अरब में बैठे गिरोह के सदस्यों ने किया। सऊदी अरब के साथियों ने सूरत के एक खाते सबसे अधिक रकम ट्रांसफर की थी।

### जल्द दाखिल होगी चार्जशीट

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि डॉ. रुचिका टंडन से 2.81 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 10 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट करीब तैयार है। बाकी अन्य 8 आरोपियों के खिलाफ भी जल्द चार्जशीट तैयार की जाएगी।

# पूर्व पत्नी पर लगाया मारपीट का आरोप

**अमृत विचार, पीजीआई:** आशियाना थाने में सेक्टर एल निवासी सूर्य प्रकाश ने पूर्व पत्नी पर मां और बच्चों को पीटने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। सूर्य प्रकाश ने बताया कि उनकी पहली शादी बीना पटेल जो की एक सरकारी स्कूल में प्रधानाचार्य हैं। उनसे उनका तलाक हो चुका है।

गुरुवार दोपहर सूर्य प्रकाश और उसकी पत्नी कहीं बाहर गये थे, इसी बीच बीन उसके घर पहुंची और गाली गलौज देते हुए मां के साथ धक्का मुक्की की, जब बच्चों ने बीच बचाव किया तो उन्हे भी धक्का देकर गिरा दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सपा नेता ने जाली दस्तावेज बना जमीन हड़पने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ पीड़ित की शिकायत पर चिनहट पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** चिनहट कोतवाली में खुद को सपा नेता बताने वाले अधिवक्ता के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपी ने जमीन के जाली दस्तावेज बनाकर स्टांप पर अपने नाम पर दर्ज कराकर कब्जे का प्रयास किया।

बलरामपुर जिले के कोतवाली नगर इलाके में रहने वाले नंद लाल चौहान ने बताया कि चिनहट के हरदासी खेड़ा में करीब 14 बिस्वा जमीन निजामुद्दीन निवासी चौक से अप्रैल 1986 में 60 हजार रुपए में खरीदी थी। आरोप है कि उक्त जमीन पर खुद को सपा नेता बताने वाले अधिवक्ता छविराम निवासी मटियारी ने जाली स्टांप तैयार कर वर्ष 1975 में फर्जी तरीके से अपने नाम लिखवा लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली गलौज कर धमकाया। पीड़ित नंद लाल चौहान ने चिनहट कोतवाली में छविराम के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी, गाली-गलौज और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हिंदू बनकर दोस्ती की, जबरदस्ती किया निकाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सलमान नाम के युवक ने हिंदू बनकर युवती से दोस्ती की। प्रेमजाल में फंसाकर जबरदस्ती निकाह कर लिया। आरोप है कि सलमान अपने दोस्त के साथ मिलकर युवती का शारीरिक शोषण किया। इस दौरान तीन बार उसका गर्भपात भी करवा दिया। फिर तलाक दकर उसे हलाला के लिए मजबूर किया। पीड़िता ने इंदिरानगर थाने में तहरीर दी। पुलिस जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह रही है।

खुर्रम नगर निवासी 25 वर्षीया युवती का आरोप लगाया है कि सलमान और उसके परिवार ने उसे मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए शारीरिक और मानसिक यातनाएं दीं। पीड़िता ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं, जिनसे उसे जबरन अलग कर दिया गया। पीड़िता ने आरोप लगा कि सलमान का मित्र जो कि समीक्षा अधिकारी है उसने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। धमकी दी कि अगर उसने इसका खुलासा किया तो उसे मार दिया जाएगा। बच्चों को बेचने की देता है धमकी

पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद उसके तीन बच्चे हुए। बड़ा बेटा अली पांच साल का है। दूसरा अधान तीन और एक साल की बेटी है। सलमान और उसकी बहन ने उसे अपने पास रख लिया और उसे घर से बाहर निकाल दिया। सलमान और उसके घर वाले पूजापाठ तक नहीं करने देता। जब भी बच्चों से मिलने की बात कहती हूं तो तीनों को नेपाल में बेचने की धमकी देता है।

### चार दिन से पुलिस लगवा रही चक्कर

पीड़िता का आरोप है कि चार दिन पहले खुर्रमनगर चौकी में इसकी शिकायत की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भी चक्कर लगाए। अभी तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं किया। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस समीक्षा अधिकारी के दबाव में काम कर रही है। हालांकि इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी शुक्रवार देर शाम को हुई है। रिपोर्ट दर्ज कार्रवाइ की जाएगी।

# टाटा मोटर्स के प्लांट से लाखों के पाट्‌र्स चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट में टाटा मोटर्स के प्लांट में घुसे चोर करीब सवा लाख रुपए के पाट्‌र्स उठा ले गए। चोरों की करतूत प्लांट में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। स्टॉक सत्यापन होने के बाद यूनिट कमांडर ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है।

अयोध्या रोड स्थित अप्ट्रॉन के पास टाटा मोटर्स का प्लांटके यूनिट कमांडर प्रदीप मौर्या ने पुलिस को बताया कि 12 सितम्बर की देर रात प्लांट की दीवार फांदकर पांच बदमाश घुस गए। बदमाश एचटी शॉप से टेस्टिंग ट्रैक के साथ प्लांट का मेटेरियल चोरी करके ले गए।

स्टॉक का मिलान करने पर 1.37 लाख रुपए का सामान चोरी हो गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने में पांच चोर दिखे हैं। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### शटर तोड़कर लाखों के मोबाइल और नगदी चोरी

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा कोतवाली से महज चंद कदमों की दूरी पर बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने मोबाइल शॉप की दुकान का शटर तोड़कर लाखों के मोबाइल और नगदी चुरा कर रफूचक्कर हो गए। आम्रपाली योजना निवासी सार्थक खन्ना की दुबग्गा कोतवाली से महज चंद कदमों की दूरी पर हाजी सलीम कांप्लेक्स में खन्ना मोबाइल शॉप की दुकान है। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे पड़ोस के दुकानदार नदीम ने सार्थक को फोन पर सूचना दी कि दुकान शटर टूटा हुआ पड़ा है। दुकान में चोरी की सूचना पाकर आनन फानन सार्थक मौके पर पहुंचे तो पाया कि चोरों ने शटर उठाने के बाद अंदर लगे शीशे को तोड़कर दुकान में रखे 7 आईफोन, वीवो, सैमसंग कम्पनी के मोबाइल करीब 8 से 10 लाख रुपए की कीमत के चोर चोरी कर ले गए। साथ ही गल्ले में रखे रुपए 50 हजार रुपये नगद व डीवीआर भी चोर चोरी कर ले गए। वहीं शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चोरी की दो बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पलक झपकते बाइक पार करने वाले दो शातिर वाहन चोरों को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की दो बाइकें बरामद हुई हैं।

इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में अजीत रावत निवासी बीकेटी हालपता सिकंदरपुर जानकीपुरम, अमन रावत निवासी आदिलनगर गुडंबा और सरोज निवासी सेक्टर-एच जानकीपुरम हैं। आरोपी अजीत पीओपी और सरोज माली का काम करता है, जबकि अमन की दुकान है। बरामद बाइकों में एक अलीगंज और एक मड़ियांव से चोरी की गई थी।

# नशे में विवाद के बाद हुई थी शेर खान की हत्या

**अमृत विचार, लखनऊ:** डालीगंज के तकिया मुंशीगंज निवासी फर्नीचर कारीगर शेर खान की हत्या उसके दोस्तों ने की थी। शराब के नशे में दोस्तों से शेर खान का विवाद हो गया। इसके बाद नाराज दोस्तों ने उसकी हत्या कर शव को कुकरैल जंगल में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने तीन को हिरासत में लिया है। डीसीपी मध्य रवीन त्यागी ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

तकिया मुंशीगंज डालीगंज के रहने शेर खान का शव कुकरैल जंगल में मिला था परिजन ने हत्या की आशंका जाहिर की। सीसी फुटेज व सर्विलांस की मदद से तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। तीनों ने पूछताछ में जुर्म स्वीकार कर लिया है।

समीक्षा

मंडलायुक्त के पूर्व के आदेश को नहीं मान रहे मातहत, निर्देश के बाद भी फुटपाथ से नहीं हटा पक्का निर्माण

# पुराने रूट प्लान को ठेंगा, धड़ल्ले से गुजर रहीं रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ मंडलायुक्त ने फिर दिए निर्देश, सिटी ट्रांसपोर्ट की बसें निर्धारित स्थान पर ही रुकें

**अमृत विचार:** शहर की यातायात व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर बनाई जा रही कार्ययोजना फलीभूत हो ही नहीं पा रही है। कैसरबाग से संचालित होने वाली रोडवेज की बसों का रूट परिवर्तित का पूर्व का दिया निर्देश इसकी बानगी है। जी हां, बसें पुनः यातायात दबाव वाले क्षेत्र से होकर ही गुजर रही हैं। मंडलायुक्त के पूर्व के आदेश को मातहत ही आइना दिखा रहे हैं।

यातायात की बेहतरी को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने फिर दोहराया कि रोडवेज बसों का संचालन कैसरबाग बस अड्डे से विभिन्न जिलों के लिए होता है। उनके रूट में परिवर्तन किया गया था। रूट डायवर्जन प्लान पुलिस उपायुक्त, यातायात एवं रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक को भेजा गया था। इसके बावजूद बसों का आवागमन यातायात के अधिक दबाव वाले क्षेत्र से ही हो रहा है। उन्होंने मातहतों को फिर चेताया कि यातायात के लिए इसे पूर्वानुसार किया जाए।

मंडलायुक्त ने कहा कि राजा नवाब अली रोड पर जिलाधिकारी कार्यालय, राजस्व परिषद एवं सिविल कोर्ट के पास लखनऊ स्मार्ट सिटी की ओर से सड़क पर निर्मित फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए निर्देश भी दिए गए थे। अभी भी उक्त सड़क पर निर्मित फुटपाथ पर कई स्थानों पर पक्के और अर्द्ध पक्के निर्माण हैं, जिससे पैदल यात्रियों का मार्ग अवरूद्ध होता है। फुटपाथ के नीचे सड़क पर पार्किंग अव्यवस्थित तरीके से की जा रही है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। इसे संज्ञान में लेते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि फुटपाथ पर बने अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाए। पैदल यात्रियों के लिए आवागमन के लिए रैंप बनवाकर टू-व्हीलर पार्किंग के उपयोग में लाया जाए। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में स्मार्ट सिटी की ओर से बनाई जा रही मल्टीलेवल पार्किंग को अतिशीघ्र पूरा करके चालू किया जाए।

उन्होंने कहा कि सिटी ट्रांसपोर्ट के बसें अपने निर्धारित स्थान पर ही रुकें। इधर उधर बसें रुकने या खड़े होने पर चालान किया जाए। चौराहों पर गाड़ियों को पार्क करने पर तत्काल चालान हो। बैठक में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, डीसीपी ट्रैफिक प्रबल कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कार और पांच लाख रुपये न मिलने पर दिया तीन तलाक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी इलाके में रहने वाली एक महिला ने पति पर दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। उत्तरधौना इलाके में अफसाना बानो रहती हैं। उन्होंने बताया कि निकाह बाराबंकी निवासी सैफ मोहम्मद के साथ हुआ था। निकाह के बाद से पति व अन्य ससुरालवाले दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता के मायकेवालों ने ससुरालवालों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। लगातार चार पहिया गाड़ी और 5 लाख रुपए कैश की मांग करते रहे। मांग पूरी न होने पर पति सैफ ने तीन तलाक दे दिया। पीड़िता के विरोध करने पर पति ने उसे जमकर पीटा। पीड़िता की शिकायत पर बीबीडी पुलिस ने दहेज प्रताड़ना और ट्रिपल तलाक समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ई-रिक्शा चला करते थे रेकी, बंद मकानों में करते थे चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ई-रिक्शा चलाने की आड़ में बंद मकानों को चिन्हित कर ताला तोड़कर माल साफ करने वाले तीन चोरों को दुबग्गा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 54 हजार रुपए, जेवर, घटना में प्रयुक्त ई रिक्शा और चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने चोरी की चार वारदातों का खुलासा किया है। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि 22 अगस्त को सितारा कालोनी निवासी अब्दुल्लाह दानिश, 13 सितंबर को फिरदौस कालोनी निवासी मो. अलीम अंसारी, 24 सितंबर को यूनिट कॉलेज निवासी अंशुल माहेश्वरी और 26 सितंबर को सिकरौरी निवासी मोहम्मद इरफान ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम साबिर बबलू उर्फ कलीम निवासी शाहपुर भमरौली, कल्लू उर्फ राजू निवासी इंदिरानगर हालपता शाहपुर भमरौली और मुन्ना उर्फ इमरान निवासी विशाल सिटी दुबग्गा बताया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी बबलू पर सात, कल्लू पर 13 और मुन्ना पर 16 मामले दर्ज हैं।

### 28539 हेक्टेयर जमीन चारागाह के लिए हो रही है प्रयोग

**अमृत विचार, विधि संवाददाता :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में राजस्व विभाग की ओर से बताया गया है कि प्रदेश के 75 जिलों में इस समय कुल 28539 .22 हेक्टेयर जमीन चारागाह के लिए इस्तेमाल हो रही है। इस पर न्यायालय ने पूछा है कि रिकॉर्ड में चारागाह के लिए पूरे प्रदेश में कुल कितनी जमीन सुरक्षित की गयी है। न्यायालय ने चारागाह की जमीनों पर अतिक्रमण व अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का ब्यौरा भी तलब किया है। वहीं निदेशक, पशुपालन पीएन सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई के दौरान उपस्थित गौशालाओं के बावत बिस्तृत हलफनामा देने के लिए समय की मांग की जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। न्यायालय ने उनसे यह भी पूछा था कि 30 रुपये प्रतिदिन में गौशाला के मवेशियों जिनमें मुख्यत: गायें हैं, उन्हें क्या खिलाया जाता है। मामले की अगली सुनवाई नवम्बर के पहले सप्ताह में होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अर्चना सिंह तोमर की जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पूछा था कि क्या हाल में कोई सर्वेक्षण इत्यादि हुआ है, जिससे पता चल सके कि गांवों में कितने चारागाह बचे हैं, क्या वे अब भी अपने पुराने स्वरूप में बचे हैं, या कुछ क्षेत्र कम हुआ है अथवा पूरी तरह से गायब हो गए हैं। वहीं गौशालाओं के सम्बन्ध में भी न्यायालय ने कहा था कि हम जानना चाहते हैं कि इन गोशालाओं को चलाने का क्या मैकेनिज्म है और इसमें कितने लोगों को नियुक्त किया गया है। न्यायालय ने नगर निगम लखनऊ से भी पूछा है कि कांजी हाउस और कान्हा उपवन चलाने का क्या मैकेनिज्म है।

## एक नजर

### 6 अक्टूबर को होगी यूनानी चिकित्साधिकारी की परीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोक सेवा आयोग की विज्ञापित यूनानी चिकित्साधिकारी की परीक्षा आगामी 6 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित किया गया है। इस परीक्षा का विज्ञापन वर्ष 2023 में किया गया था। लखनऊ जनपद के विभिन्न केंद्रों पर सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक होगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र आयोग बेवसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपनी दो फोटो और आइडी प्रूफ की मूल कॉपी के साथ परीक्षा केंद्र पर डेढ़ घंटे पहले पहुंचना होगा।

### बैचलर ऑफ फार्मेसी की सभी सीटों पर प्रवेश बंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में सत्र 2024-25 के बैचलर ऑफ फार्मेसी के प्रवेश प्रक्रिया को बंद कर दिया गया है। कुल 110 सीटों में सभी सीटों पर छात्रों ने प्रवेश ले लिया है। इन सीटों पर प्रवेश के लिए सीयूईटी-2024 के आधार पर आवेदन प्राप्त किए गए थे। काउंसिलिंग के पहले ही दिन बी फार्मा की सभी सीटों पर छात्रों ने प्रवेश ले लिया है। इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय में वर्ष 2021 से संचालित है।

### सुरक्षित इंजेक्शन लगाने के दिए सुझाव

**अमृत विचार :** केजीएमयू में स्नातक मेडिकल छात्रों के लिए एक विशेष कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने मुख्य रूप से छात्रों को इंजेक्शन के माध्यम से दवा देने के लिए खून की नस (आईवी) और मांसपेशियों (आईएम) के साथ-साथ पेशाब की नली सहित आवश्यक नैदानिक प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। प्रोफेसर रिदम कहा कि ये कार्यशाला संक्रमण को रोकने और इंजेक्शन के सुरक्षित प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए संक्रमण रहित उपकरणों के उपयोग, हाथ की स्वच्छता और सड़न रोकने वाली तकनीकों जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित रही। प्रोफेसर अंजू अग्रवाल और डॉ. हिमांशु महाजन ने भी छात्रों को जानकारी साझा की।

# अस्पताल में अव्यवस्थाओं से उप मुख्यमंत्री नाराज

## एक बेड पर तीन महिलाओं को लिटाने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लोहिया संस्थान के मातृ शिशु एवं रेफरल हास्पिटल का मामला



**अमृत विचार :** शहीद पथ स्थित लोहिया संस्थान के मातृ शिशु एवं रेफरल हॉस्पिटल में अव्यवस्थाओं को लेकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संस्थान प्रशासन से नाराजगी जताई है। निदेशक को व्यवस्था में तत्काल सुधर करने के निर्देश जारी किए है।

मातृ शिशु रेफरल हॉस्पिटल में 200 बेड हैं। इसमें गर्भवती महिला व बच्चों को इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसकी वजह से मरीजों को बेड मिलने में अड़चन आ रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत गायनी विभाग में आ रही है। नतीजतन डॉक्टर एक बेड पर दो से तीन मरीजों को लिटा रहे हैं। इस मामले में एक तीमारदार ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिकायत की है। उपमुख्यमंत्री ने संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। संस्थान की साख को भी धक्का लग रहा है। मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएं। इसमें किसी भी तरह लापरवाही न बरती जाए।

### निदेशक 15 दिन में एक बार करें औचक निरीक्षण

उपमुख्यमंत्री ने पूरे प्रकरण की एक सप्ताह में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निदेशक से कम से कम 15 दिन में एक बार हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं। ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके।

# सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केंद्रीय एनएचएम की टीम ने लोकबंधु अस्पताल सहित सीएचसी व पीएचसी का किया निरीक्षण




**अमृत विचार :** केंद्रीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की टीम ने शुक्रवार को लोकबंधु अस्पताल सहित कई सीएचसी-पीएचसी का निरीक्षण किया। टीम ने स्वास्थ्य सम्बंधित सुविधाएं परखने के साथ ही कमियों को इंगित कर सुधार का सुझाव भी दिया।

केंद्रीय एनएचएम भारत सरकार की अपर सचिव आराधना पटनायक शुक्रवार को लखनऊ पहुंचीं। उनके साथ में एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल, सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अफसर रहे। टीम लोकबंधु राजनारायण संयुक्त अस्पताल पहुंची। यहां अस्पताल के निदेशक डॉ. सुरेश कौशल, सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित, एमएस डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने टीम का स्वागत किया। टीम ने लैब, आईसीयू, लेबर, ओटी, ब्लड बैंक, पीडिया विभाग आदि जगह का निरीक्षण किया। साथ ही सुझाव दिया कि बाल रोग विभाग के वार्ड में और गैलरी में कार्टून व बच्चों के लिए दूसरी जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था करें। साथ ही अस्पताल में संचालित विभागों में मैनपॉवर बढ़ाने के निर्देश दिए। टीम ने लोकबंधु के अलावा छितवापुर आरोग्य मंदिर, परवर पश्चिम, सीएचसी सरोजनी नगर में निरीक्षण कर कमियों में सुधार करने को कहा।

# निदेशक को डॉक्टर देंगे ओपीडी की रोज रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बलरामपुर अस्पताल में लागू की गई व्यवस्था, स्लिप भरकर जमा करनी होगी

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में अब डॉक्टरों को रोजाना ओपीडी रिपोर्ट देनी होगी। रिपोर्ट एक स्लिप के माध्यम से अस्पताल के निदेशक कार्यालय में जमा करना होगा। इस स्लिप में बुखार समेत 13 प्रकार की बीमारियों के नाम लिखे हैं। मरीज को इनमें से कोई भी बीमारी होने पर उसका डेटा भरकर इस स्लिप को सुरक्षित रखना होगा। इससे बुखार समेत दूसरी बीमारी के मरीजों का सही डेटा तैयार होगा।

बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि रोजाना ओपीडी रिपोर्ट का प्रोफार्मा तैयार किया गया है। जिसे रोजाना ओपीडी में बैठने वाले डॉक्टर भरेंगे। इस प्रोफार्मा स्लिप पर तारीख, विभाग और डॉक्टर का नाम, कमरा नंबर और नए या पुराने मरीज का विवरण, दर्ज होगा।

साथ ही प्रोफार्मा पर दर्ज 13 प्रकार की बीमारियों में से जो मरीज को समस्या है। उसे टिक करना होगा। इससे यह डेटा इकट्ठा होगा कि अस्पताल में सबसे अधिक मरीज किस बीमारी के पहुंच रहे हैं। इसी डेटा के आधार पर मरीजों की सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा।

# हार्निया के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दुबग्गा के निजी अस्पताल की घटना, परिजन ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** दुबग्गा स्थित एक निजी अस्पताल में हार्नियां के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत हो गई। परिजनों ने ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाराज परिजनों को शांत कराकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में परिजनों ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिकायत करने की बात कही है।

उन्नाव औरास के रहने वाले आईटीबीपी जवान संजय ने अपनी मां रूपा देवी (54) को हार्निया के ऑपरेशन लिए दुबग्गा स्थित निजी अस्पताल में बुधवार को भर्ती कराया था। परिजनों के मुताबिक डॉक्टर प्रवीन शर्मा ने जांच पड़ताल करके उसी दिन ओटी में ले गए। ओटी में ऑपरेशन दौरान महिला की हालत बिगड़ गई। आरोप है कि अधूरा ऑपरेशन करके ही महिला को वेंटीलेटर पर रखा गया। गुरुवार को इलाज दौरान महिला की मौत हो गई। बेटे संजय का आरोप है डॉक्टर ने ऑपरेशन से पहले अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन तक नहीं कराया। ऑपरेशन दौरान हुई लापरवाही से ओटी टेबल पर मरीज की हालत बिगड़ गई थी। बेटे ने मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से करने की बात कही है। नर्सिंग होम के नोडल व एसीएमओ डॉ. एपी सिंह ने बताया शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी। जांच में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की संस्तुति होगी।

# चार डॉक्टरों को मिली मानद फेलोशिप



किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान सम्मानित डॉक्टर व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिकित्सा क्षेत्र में हिंदी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुनर्भवम एवं मैक्सिलोफेशियल ट्रॉमा गैलरी में संगोष्ठी व कार्यशाला शुक्रवार को केजीएमयू में आयोजित हुई। मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग की और से आयोजित कराई गई इस कार्यशाला की शुरुआत केजीएमयू की कुलपति, डॉ. सोनिया नित्यानंद ने की।

कुलपति ने कहा चिकित्सक आम बोलचाल की भाषा में मरीजों-तीमारदारों से संवाद स्थापित करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. एमएलबी भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अंशुमान कुमार ने भी हिंदी भाषा की विशेषता पर अपना व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन ऑफ ट्रॉमा ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन्स की ओर से डॉ. शादाब मोहम्मद, डॉ. अजय राय चौधरी, प्रोफेसर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, डॉ. संदीप तिवारी प्रोफेसर केजीएमयू और डॉ. नरेश शर्मा प्रोफेसर बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी को मानद फेलोशिप प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. विभा सिंह द्वारा हिंदी में लिखित ओरल सर्जरी की एक विशेष पाठ्यपुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर डॉ. यूएस पाल, डॉ. अभिषेक बहादुर सिंह, डॉ. गौरव सिंह, डॉ. अमिय अग्रवाल, डॉ. अरुणेश तिवारी, डॉ शिवानी, डॉ ऋचा, डॉ निर्मल, डॉ. रंजीत पाटिल, डॉ. आर. प्रधान, डॉ आरके. सिंह और डॉ. गीता सिंह मौजूद रहीं।

# आईसीयू में मरीजों को संक्रमण का अधिक खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीजीआई में आयोजित हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**अमृत विचार :** आईसीयू-वेंटिलेटर पर भर्ती मरीजों को संक्रमण से बचाना चुनौतीपूर्ण होता है। जरा सी भी लापरवाही मरीज की जान जोखिम में डाल सकती है।

मरीज को छूने से पहले साबून से हाथ जरूर धोनें चाहिए। आईसीयू के प्रोटोकाल का सख्ती से पालन होना चाहिए। यह नियम डॉक्टर व पैरामेडिकल समेत अन्य सभी पर लागू है। ऐसा कर हम मरीज को संक्रमण से काफी हद तक बचा सकते हैं। यह सलाह पीजीआई में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के डॉ. तनमय घटक ने दी।

पीजीआई में इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन की तरफ से शुक्रवार को क्रिटिकांन-2024 का आयोजन किया गया। डॉ. तनमय घटक ने कहा कि आईसीयू में जिंदगी बचाने के लिए मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा जाता है। इनमें से 30 से 40 फीसदी में मरीजों को वेंटिलेटर एसोसिएटेड निमोनिया, सेंट्रल लाइन एसोसिएटेड इंफेक्शन, यूटीआई हो जाता है। नतीजतन मरीजों को अस्पताल में अधिक समय तक भर्ती रखने की जरूरत पड़ती है। संक्रमण रोकने के लिए मरीजों को छूने से पहले हाथ धोएं। गैस्ट्रिक अल्सर और डीप वेन थ्रोम्बोसिस को रोकने के लिए पहले इलाज शुरू करना चाहिए। इसे प्रोफाइलेक्सिस कहते हैं। सुई जहां लगती है उस जगह को स्प्रिट आदि से साफ करें।

# ट्रांसजेंडर गौरव यात्रा आज



गौरव यात्रा के बारे में जानकारी देतीं प्रियंका सिंह, पल्लवी एवं डॉ. शशांक।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आदिशिव ट्रांसजेंडर फाउंडेशन की ओर से 29 सितम्बर रविवार को ट्रांसजेंडर गौरव यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा के जरिये ट्रांसजेंडर, किन्नर और समलैंगिक वर्ग के अधिकारों की तरफ ध्यान खींचने की कोशिश की जाएगी।

फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रियंका सिंह रघुवंशी ने बताया कि आयोजन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य, संजय निषाद, महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल, नम्रता पाठक, महंत देव्या गिरि, राहुल गुप्ता, जिलाधिकारी सूर्य पाल सिंह गंगवार, पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र सिंह, किन्नर महामंडलेश्वर और किन्नर कथावाचक को आमंत्रित किया गया है। ट्रांसजेंडर गौरव यात्रा 29 सितम्बर को दोपहर 2:30 बजे राम मनोहर लोहिया पार्क के गेट नंबर 4 से शुरू होगी और 1090 चौराहे तक जाएगी। 1090 चौराहे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और किन्नर समाज को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## चारबाग और आलमबाग शाखा के विजयी पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के शाखा चारबाग डिपो और आलमबाग डिपो लखनऊ क्षेत्र के वार्षिक चुनाव में विजयी पदाधिकारियों को शुक्रवार को आलमबाग बस टर्मिनल पर शपथ दिलाई गई। वर्ष 2024-25 के लिए चुने गए पदाधिकारियों को परिषद के प्रांतीय महामंत्री गिरीश मिश्र ने शपथ दिलाई।

चारबाग के शाखाध्यक्ष दिनेश सिंह और आलमबाग के शाखाध्यक्ष जितेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आलमबाग बस टर्मिनल के सभागार में कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में शाखा चारबाग डिपो के शाखाध्यक्ष दिनेश सिंह, शाखा उपाध्यक्ष काली प्रसाद -7 तिवारी, शाखा मंत्री शिव प्रकाश त्रिपाठी, शाखा कोषाध्यक्ष विजय यादव व क्षेत्रीय प्रतिनिधि प्रदीप कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

वहीं आलमबाग शाखा के अंतर्गत उक्त पदों पर क्रमशः जितेंद्र श्रीवास्तव, पुनीत कुमार द्विवेदी, मुन्नी लाल, रमेश सरोज, मनोज कुमार यादव व वेद रत्न वर्मा निर्वाचित पदाधिकारियों को संयुक्त परिषद की ओर से शपथ दिलाई गई।

# पुस्तक मेला : बारिश के बावजूद उमड़ी भीड़



पुस्तक मेले का उद्घाटन करते वरिष्ठ अधिवक्ता रामजी दास व अन्य।



मेले में पुस्तकें देखते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डेन में शुक्रवार को 21वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला शुरू हुआ। इस बार का पुस्तक मेला काकोरी ट्रेन एक्शन की थीम पर आधारित है। मेले की थीम पर शहीदों को नमन करती नाटिका भी मंचित की गयी। केटी फाउंडेशन और फोर्स वन बुक्स द्वारा संयुक्त रूप से 6 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में शनिवार से साहित्यिक आयोजनों का दौर भी शुरू हो जायेगा। कार्यक्रम की शुरुआत अधिवक्ता रामजी दास, अतिथि योगेश कुमार, लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेन्द्र अग्रवाल एवं लखनऊ दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

अमिता दुबे के संचालन में हुए उद्घाटन समारोह में अधिवक्ता रामजी दास और जूडो-कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने काकोरी घटनाक्रम के साथ किताबों के महत्व पर कहा कि किताबें जीवन जीने का सलीका सिखाती हैं। इस मौके पर संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने संस्थापक सहयोगी उमेश ढल को याद करते हुए पुस्तक मेलों के 21 साल के सफर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस बार गीता प्रेस गोरखपुर, अनबॉउंड स्क्रिप्ट व वर्धमान बुक दिल्ली, फ्लाइड्रीम इंदौर, शुभी प्रकाशन गुरुग्राम, फ्यूचर सॉल्यूशंस प्रयागराज और नवपल्लव बुक्स लखनऊ के स्टाल पहली बार शामिल हैं।

शुक्रवार को पुस्तक मेले के उद्घाटन से पहले ही युवाओं का आना शुरू हो गया। बड़ी संख्या में लोगों ने किताबों की खरीददारी शुरू कर दी थी। शाम को बारिश होने के बावजूद पुस्तक प्रेमियों की संख्या पर कोई खास फर्क नहीं पड़ा। मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि बरसात का ख्याल करते हुए 15 हजार वर्ग फुट का वाटरप्रूफ जर्मन हैंगर लगाया गया है।

मेले की थीम काकोरी घटनाक्रम पर नटराज कला मंडल के कलाकारों ने नाट्य प्रस्तुति दी। प्रस्तुति में अन्वेश शुक्ला के साथ चन्द्रशेखर आजाद के रूप में विमल प्रकाश, अशफाकउल्ला के रूप में कबीर खान, राम प्रसाद बिस्मिल के किरदार में शुभम कश्यप, हिन्दुस्तानी अधिकारी व ठाकुर रोशन सिंह के रूप में मनोज गुप्ता के साथ भगतसिंह के रूप में अनिल तिवारी नजर आये।

### 9 से 17 नवम्बर तक रिवर फ्रंट पर लगेगा गोमती पुस्तक मेला

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल बुक ट्रस्ट ने 9 से 17 नवम्बर तक गोमती पुस्तक मेले की घोषणा कर दी। नेशनल बुक ट्रस्ट पिछले साल की तरह इस साल भी गोमती रिवर फ्रंट पर पुस्तक मेले का आयोजन करेगा। ट्रस्ट के अनुसार रिवर फ्रंट पर यह तीसरा आयोजन होगा और इस बार यह पहले से ज्यादा बड़ा पुस्तक मेला होगा। नेशनल बुक ट्रस्ट के मोहन शर्मा ने बताया कि गोमती पुस्तक महोत्सव में पाठकों के लिए 150 से अधिक बुक स्टॉल होंगे। देश का हर बच्चा पढ़े और हर हाथ में पुस्तक पहुंचाने के सपने को साकार किया जा सके, इसके लिए पुस्तकें सभी के लिए थीम के साथ गोमती पुस्तक महोत्सव 2024 का आयोजन किया जाएगा।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### 131 रेलकर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छता पखवाड़ा में शुक्रवार लोको रनिंग शेड, आलमबाग में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा। जिसमें महिला और पुरुष सहित कुल 131 रेलकर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। शिविर में डॉक्टरों ने रक्तचाप, शुगर और दंत चिकित्सा से संबधित रोगों का परीक्षण किया। जिसके बाद दवाओं का वितरण किया गया। उत्तर रेलवे वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि शिविर में रोगियों को उचित आहार, योग, प्रणायाम, व्यायाम संग खानपान में संयम अपनाने की सलाह दी गई। शिविर में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एके शुक्ला, दंत चिकित्सक डॉ अनुराधा, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुराधा सहित कई चकित्सकों ने भाग लिया। इस मौके पर डीजल शेड आलमबाग में सिविल डिफेंस के कर्मचारियों की ओर से नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।

### बिजली कर्मियों से मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के सरोसा उपकेंद्र पर कर्मचारियों से मारपीट के मामले में दो नामजद और 17 अज्ञात के खिलाफ पारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सरोसा उपकेन्द्र पर ब्रेकडाउन होने से लगभग 4200 उपभोक्ता की बिजली गुल हो गई थी। उपकेंद्र पर तैनात दुबग्गा निवासी श्रमिक ओम प्रकाश ने बताया कि 23 सितम्बर को 11 :30 बजे साई मंदिर फीडर पर मेंटीनेंस कार्य चल रहा था। आरोप है कि पारा निवासी संजय कुमार और शिवम शुक्ला 10 से 15 साथियों के साथ आए और गाली गलौज व मारपीट की। कर्मचारी पंकज ने घटना का वीडियो बनाया तो हमलावरों ने मोबाइल छीनकर डिलीट कर दिया। उससे मारपीट भी की। जिसमें आंख और सिर में चोटें आई हैं। अधिशाषी अभियंता विशाल वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

# कांशीराम सांस्कृतिक स्थल में झील का होगा सुंदरीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर बनेगी बहुमंजिला पार्किंग
- स्मारक समिति के कार्मिकों को मिलेगा चिकित्सा व बाल्य देखभाल अवकाश

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल के सामने निर्मित पार्किंग स्थल पर अब बहुमंजिला हाइड्रोलिक पार्किंग बनेगी। साथ ही आशियाना क्षेत्र के अंतर्गत कांशीराम सांस्कृतिक स्थल परिसर में झील का सुंदरीकरण कराया जाएगा। स्मारक समिति के कार्मिकों को चिकित्सा तथा बाल्य देखभाल अवकाश भी मिलेगा।

शुक्रवार को आवास विकास परिषद मुख्यालय पर अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में स्मारक समिति की 22वीं बैठक में स्वीकृत दी गई। प्रबंध समिति के सदस्य सचिव के रूप में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सदस्यों के साथ बैठक में प्रतिभाग किया। इस दौरान स्मारक समिति के माध्यम से शहरवासियों व पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए नवीन कार्य योजना तैयार की गई। साथ ही स्मारक समिति के कार्मिकों के हित के लिए चिकित्सा अवकाश की स्वीकृति प्रदान की गई। महिला कार्मिकों के लिए बाल्य देखभाल अवकाश को भी मंजूरी दी गई।

इसके अलावा डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल के पास यूपी दर्शन पार्क व लोहिया पार्क स्थित होने कारण साप्ताहांत व त्योहारों पर पार्किंग की समस्या रखी गई। इसके समाधान के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल के सामने निर्मित पार्किंग स्थल पर बहुमंजिला हाइड्रोलिक पार्किंग का निर्माण कराने की स्वीकृति दी गई। साथ ही आम नागरिकों की मनोरंजन सुविधा व क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को देखते हुए कांशीराम सांस्कृतिक स्थल परिसर की निष्प्रयोज्य झील का जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण कराया जाएगा। झील में नया फाउंटेन लगेगा।

वहीं, स्मारक समिति के अधीन वीआईपी रोड स्थित कांशीराम ग्रीन (ईको) गार्डेन में मनोरंजन के लिए इंडोर एडवेंचर स्पोर्ट्स व खेलकूद संबंधी गतिविधियां संचालित की जाएगी। इससे शहर में मनोरंजन व पर्यटन की दिशा में नया आयाम स्थापित होगा। अंत में प्रबंध समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 का वेतन व गैर वेतन मद का बजट पारित किया गया।

### 14 से चलेगा विद्युत अनुरक्षण अभियान

**अमृत विचार,लखनऊ :** विद्ययुत वितरण तंत्र को मजबूत करके बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के लिए रखने के लिए उप्र पावर कारपोरेशन ने 14 अक्तूबर से 15 नवम्बर तक एक माह को अनुरक्षण माह के रूप में मनाने का फैसला किया है। यह जानकारी कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने दी।

# चार गुना बढ़ा मैरिज लॉन का गृहकर , ब्याज भी जोड़ा

## जीआईएस सर्वे में 2021 से 2025 तक 2.62 लाख रुपये का थमाया नोटिस

समाधान दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समराही देवी रोड सहादतगंज का मामला, भवन स्वामी लगा रहे चक्कर

**अमृत विचार :** जीआईएस सर्वे की गड़बड़ी से समराही देवी रोड सहादतगंज में एक मैरिज लॉन का गृहकर 8 हजार से 35 हजार रुपये पहुंच गया। नगर निगम ने 2021 से 2025 तक के ब्याज व एरियर समेत 2,62,670 बकाया दर्शाकर भवन स्वामी को नोटिस जारी कर दिया। शुक्रवार को गृहस्वामी ने इसकी शिकायत गृहकर समाधान दिवस में की।

लालबाग स्थित नगर निगम के त्रिलोकीनाथ हॉल में समाधान दिवस की अध्यक्षता नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने की। उनके जाने के बाद अन्य अधिकारियों ने शिकायतें सुनीं। मोअज्जमनगर कॉलोनी से आईं निखत मिर्जा ने समराही देवी रोड सहादतगंज में संचालित अपने एआर मैरिज लॉन के बढ़े गृहकर पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि मैरिज लॉन का वार्षिक गृहकर 8 हजार रुपये निर्धारित है। 2021 तक जमा कर चुकी हैं।

2023 में हुए जीआईएस सर्वे में गृहकर 35 हजार रुपये वार्षिक कर दिया। 2021 से 2025 तक का बढ़ा गृहकर ब्याज व एरियर समेत 2,62,670 निकाल दिया। जमा न करने पर नगर निगम ने दो बार नोटिस जारी किए। एक वर्ष का जमा करने पर भी जोड़ने के साथ एक वर्ष का अतिरिक्त गृहकर भी लगा दिया।

ऐशबाग से आए उज्ज्वल ने मकान के बढ़े गृहकर की आपत्ति दर्ज कराई। बताया कि दादी लक्ष्मी देवी के नाम मकान है। वार्षिक गृहकर 833 जमा करते थे। जीआईएस सर्वे में कर 3,868 कर दिया गया। एक साथ बढ़ा कई गुना कर कहां से जमा करेंगे। इस दौरान कुल 74 शिकायतें आईं, इसमें सभी का भवन की फोटो और साक्ष्य के आधार पर समाधान कर दिया गया।


समाधान दिवस में सुनवाई करते नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह । अमृत विचार

### नगर निगम बनाएगा 50 पीसीटीएस

**अमृत विचार, लखनऊ :** खुले में कूड़ा न दिखे इसके लिए नगर निगम शहर में 50 पीसीटीएस (पोर्टेबल कांपैक्टर ट्रांसफर स्टेशन) बनाएगा। इसके लिए नगर निगम ने टेंडर निकाल दिया है। एक कंपनी ही सभी ट्रांसफर स्टेशन बनाएगी। टेंडर फाइनल होते ही काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए नगर निगम जमीन उपलब्ध कराएगा। ट्रांसफर स्टेशन बनने के बाद इन्हें कंपनी को हैंडओवर किया जाएगा। ट्रांसफर स्टेशन के अंदर बाकी सभी काम लखनऊ स्वच्छता अभियान कंपनी कराएगी। 5 जोन में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और डम्पिंग यार्डों से कूड़ा उठान देख रही कंपनी को नगर निगम द्वारा ही ट्रांसफर स्टेशन बनाकर देने हैं। ट्रांसफर स्टेशन बन जाने के बाद कूड़ा गाड़ियों से सीधे इनके अंदर गिराया जाएगा। जिससे खुले में बने पड़ाव घरों के बाहर कूड़ा नहीं दिखेगा। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि सभी ट्रांसफर स्टेशन बनाने के लिए टेंडर निकाल दिया गया है। एक कंपनी ही पूरा काम करेगी। टेंडर होने के बाद काम शुरू हो जाएगा।

# जनहित याचिका के माध्यम से जनहित योजना को चुनौती देना विडंबना

लखनऊ, विधि संवाददाता।

- सांसद आदर्श ग्राम योजना को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट की टिप्पणी

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सांसद आदर्श ग्राम योजना को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को विस्तृत निर्णय देते हुए खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने निर्णय में टिप्पणी करते हुए कहा कि यह विडंबना है कि जनहित याचिका के माध्यम से एक जनहित की योजना को चुनौती दी जा रही है। यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने नैतिक पार्टी की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

वर्ष 2014 में ही दाखिल की गयी उक्त याचिका में ग्राम्य विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा सांसद आदर्श ग्राम योजना के संबंध में जारी 11 अक्टूबर 2014 के दिशा-निर्देशों को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि इस प्रकार की योजना संविधान के भाग 9 और विशेषतः अनुच्छेद 243जी के तहत ग्राम पंचायतों को दिये गए अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है। आदर्श ग्राम का चयन भी सांसद का अधिकार है। याचिका का केंद्र व राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि उक्त योजना दस सालों ने लागू है। लेकिन रिकॉर्ड पर ऐसा कोई भी तथ्य नहीं है जिससे यह पता चलता हो कि उक्त योजना को लेकर कोई विधिक अथवा अन्य अड़चन सामने आयी हो। याची की ओर से भी ऐसा कोई दृष्टांत नहीं प्रस्तुत किया जा सका है।

### बेखौफ चोरों ने घर के बाहर खड़े ई रिक्शा की बैटरी किया पार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा में गुरुवार रात बेखौफ चोरों ने घर के बाहर खड़े ई रिक्शा की बैटरी पार कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर बंथरा थाने में दी है। बंथरा में कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास रहने वाले शिवपूजन यादव के मुताबिक उन्होंने रोज की तरह गुरुवार को भी रात में अपने घर के सामने अपना रिक्शा खड़ा कर दिया और घर के अंदर जाकर सो गए। शुक्रवार को सुबह देखा तो ई रिक्शा की बैटरी गायब मिली। साथ ही वहां पर खड़ी बाइक के तार कटे मिले।


सशस्त्र सीमा बल, सीमांत मुख्यालय पर सम्मेलन के दौरान उपस्थित प्रशिक्षु व उच्च अधिकारी। अमृत विचार

# सीमा पर आने वाली चुनौतियों से कराया अवगत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल, सीमांत मुख्यालय पर 29वें सहायक कमांडेंट (सीधी भर्ती) बैच के 13 प्रशिक्षु अधिकारी को सीमा पर कार्य करने के दौरान भविष्य में आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया। साथ ही एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य करने की कार्य प्रणाली समझाई।

शुक्रवार को गोमती नगर स्थित मुख्यालय पर भापुसे के महानिरीक्षक रत्न संजय के नेतृत्व में 12 दिन के सीमा भ्रमण पर आए 13 प्रशिक्षु अधिकारियों का प्रशिक्षण के लिए सम्मेलन कराया गया। महानिरीक्षक ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सीमा पर कार्य करने के दौरान भविष्य में आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया। अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए भारत- नेपाल सीमा पर सीमा सुरक्षा से जुडें महत्वपूर्ण विषय, सशस्त्र सीमा बल अधिनियम, सीमा चौकियों पर कार्य के दौरान अपनाए जाने वाले मानक संचालन प्रक्रिया एवं अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य करने की कार्य प्रणाली समझाई।

कार्यक्रम में उप महानिरीक्षक (कार्मिक एवं प्रशिक्षण) जगदीप पाल सिंह, उपमहानिरीक्षक (प्रशासन) कमल कांत, उप महानिरीक्षक (प्रचालन) महेश कुमार, उपमहानिरीक्षक (चिकित्सा) निखिल कुमार प्रसाद व उप कमांडेंट पंकज शर्मा ने अन्य जानकारी साझा की।

### चेक मीटर की कमी से उपभोक्ता परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के उपक्रेंदों पर तेज मीटर के चलने की 300 से ज्यादा शिकायतें प्रतिदिन आ रही हैं। इससे हजारों का बिल बकाया हो गया है। चेक मीटर लगाकर बिल समायोजन के लिए उपभोक्ता उपक्रेंद्रों चक्कर लगा रहे हैं। विभाग चेक मीटर की कमी के चलते अधिकारी उपभोक्ताओं के मीटर सही बताकर टरका रहे हैं। उपकेंद्रों पर उपभोक्ताओं ने बताया कि चेक मीटर लंबे समय से न लगाने से बिल बढ़ता जा रहा है। बकाया होने पर विभाग कनेक्शन काट रहा है। नादान महल रोड निवासी मोहम्मद जावेद ने बताया कि उनके यहां नया मीटर लगाया गया। इसके बाद ज्यादा का बिजली बिल आने लगा। प्रार्थनापत्र दिए महीनों हो गए लेकिन चेक मीटर नहीं लगा। बिल बढ़ने पर बिजली काट दी गई। सरोजिनीनगर निवासी रानू शुक्ला ने कहा कि मीटर तेज होने से बिल ज्यादा आ रहा है। चेक मीटर की रसीद भी कटवा ली लेकिन अभी तक मीटर नहीं लगा। अधिकारी मीटर की कमी बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं और उपक्रेंद कर्मचारी कनेक्शन काटने की चेतावनी दे रहे हैं। इस संबंध में मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती वीके सिंह ने कहा कि चेक मीटर की कोई कमी नहीं है। किसी उपभोक्ता की यदि इस तरह की कोई समस्या है तो उसकी शिकायत पर जांच कराकर समस्या को दूर किया जाएगा।

### आद्योगिक घरानों से वसूला जाए सबस्टेशन लाइनों का 837 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** टाटा पावर की जलपुरा खुर्जा पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड ने इंटर स्टेट ट्रांसमिशन लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। जिसकी शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई राज्य विद्युत नियामक आयोग में थी। टाटा पावर के अधिवक्ता की ओर से जरूरी शर्तो को पूरी करने की बात कहते हुए लाइसेंस देने का अनुरोध किया। वहीं राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि कंपनी को लाइसेंस की अनुमति सशर्त दी जाए। जिसमें बनने वाले सब-स्टेशनों और लाइनों पर खर्च होने वाले 837 करोड़ रुपये की धनराशि की वसूली उन औद्योगिक घरानों से हो, जिनके प्रोजेक्टों को इन बिजलीघरों से बिजली सप्लाई की जाएगी।

टैरिफ बेस कॉम्पिटेटिव बिडिंग के तहत टाटा पावर की जलपुरा खुर्जा पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड की ओर से बनाये जा रहे 400/220 केवी 500 एमबीए जीआईएस जेवर की दो इकाइयों मेट्रो डिपो और जलपुरा ग्रेटर नोएडा उपकेंद्रों सहित सबंधित लाइनों के निर्माण पर लागत लगभग 837 करोड़ रूपये की आएगी। कार्य को लेकर विद्ययुत नियामक आयोग में दाखिल इंटर स्टेट ट्रांसमिशन लाइसेंस के मुद्दे पर शुक्रवार को सार्वजनिक सुनवाई नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार और सदस्य संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में हुई। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा कि कोई भी बिजली उपभोक्ता 2 किलोवाट की लाइन का खर्च भी खुद ही उठाता है।

# अपर मुख्य सचिव ने खरीदे समूह के उत्पाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दूसरे दिन गोसाईगंज के ग्राम बक्कास में स्टॉलों का किया अवलोकन
- अमृत सरोवर, पंचायत भवन और आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया

**अमृत विचार :** अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग हिमांशु कुमार को गोसाईगंज की ग्राम पंचायत बक्कास के निरीक्षण में स्वयं सहायता समूह की आर्गेनिक सब्जियां और हाथ के बने उत्पाद खूब भाए। उन्होंने महिलाओं के हाथ से बने उत्पाद खरीदे और उनका हौसला बढ़ाया।

शुक्रवार को दूसरे दिन अपर मुख्य सचिव ने मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन व जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार के साथ पंचायत भवन बक्कास का निरीक्षण किया। वहां होने वाले ग्रामीणों के कार्यों की जानकारी की। इसके बाद आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करके जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर से कूड़ा उठान और निस्तारण की प्रक्रिया समझी।

गांव में स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र/बारात घर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए हाथ से बने उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया। आर्गेनिक सब्जियां, आचार, शरद, एलईडी बल्ब, नमकीन, वर्मी कम्पोस्ट आदि देखे। महिलाओं से संवाद करके तैयार करने की विधि, फंड, बिक्री आदि की जानकारी ली। गुणवत्ता और शुद्धता को देखते हुए उत्पाद खरीदे। इसके बाद कासिमपुर बिरुहा में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। सजावट और कार्यों की प्रशंसा करके पानी भरने की प्रक्रिया पूछी। उन्हें उपायुक्त श्रम रोजगार सुशील कुमार ने बताया कि अमृत सरोवर में बारिश का पानी संरक्षित करके एकत्र करते हैं और अन्य समय में आवश्यकतानुसार नदी से पानी भरते हैं।


सामुदायिक मिलन केंद्र बक्कास में स्टॉलों पर लगे उत्पाद की मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन से जानकारी करते अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास हिमांशु कुमार।

# पुलिस करती है अभद्रता, बंद करा देती है दुकानें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह से मुलाकात की और पुलिस पर अभद्रता कर दुकानें बंद करवाने का आरोप लगाया। व्यापारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन भी किया।

संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने कहा कि चिनहट- अयोध्या मार्ग पर ढाबा-होटल को रात 11 बजे पुलिस जबरन बंद करा देती है। साथ ही पुलिस की ओर से अभद्रता की जाती है। हाईवे पर दुकानदारी रात में ही होती है। दुकानें बंद कराने से कारोबार का नुकसान हो रहा है और लोग बेरोजगार हो रहे हैं। सभी ढाबे और होटल काफी पुराने है और पूर्व में पुलिस ने ऐसा व्यवहार कभी नहीं किया। किसी क्षेत्र में अगर दिक्कत है तो पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। पांडे के अनुसार डीसीपी ने आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान पंकज अवस्थी, गौरव द्विवेदी, ब्रह्माश बाजपेई, मनोज खेतान, निर्भय सिंह, बृजेश यादव, संजय दीक्षित आदि मौजूद रहे।


समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

### ट्रेनों के दबाव में चेकिंग स्टाफ की समस्याएं बढ़ीं

**अमृत विचार, लखनऊः** टिकट चेकिंग स्टाफ पर बढ़ते दबाव को देखते हुए इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ आर्गेनाइजेशन पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के महामंत्री ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक को पत्र लिखा है। जिसमें बताया कि टीटीई को चार से पांच कोच की निगरानी करनी पड़ती। रेस्ट हाउस स्टेशन से दूर होने के कारण प्लेटफॉर्म पर ही समय बिताना पड़ता है। रेस्ट हाउस में 150 टिकट चेकिंग स्टाफ की औसत में केवल 35 बेड ही हैं। महामंत्री ने बताया कि कानपुर के रेस्ट हाउस के 5 कमरों में 35 बेड हैं। झांसी, प्रयागराज, टुंडला, बांदा, लखनऊ, गोरखपुर, छपरा और ग्वालियर का 150 से ज्यादा टिकट चेकिंग स्टाफ यहां रुकता है।

प्रदर्शन

पेंशनर्स ने ईपीएफओ कार्यालय पर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

# न्यूनतम पेंशन नहीं बढ़ी तो देश भर में होगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पेंशन बढ़ोतरी न करने और वृद्ध पेंशनरों के हितों की अनदेखी के विरोध में शुक्रवार को ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने भविष्य कर्मचारी निधि संगठन (ईपीएफओ) कार्यालय पर धरना दिया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा गीता वर्मा के नेतृत्व में केंद्रीय श्रम मंत्री के नाम का ईपीएफओ कमिश्नर नवीन कनौजिया को ज्ञापन दिया गया। मांगें पूरी न होने पर देश भर में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है।

धरना सभा में पेंशनरों ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें तरह-तरह की मुफ्त की घोषणाएं कर रही हैं, लेकिन जिन कर्मियों ने 30-35 वर्ष तक सेवा काल में पेंशन अंशदान दिया उनको 300 से 3 हजार पेंशन देकर अन्याय किया जा रहा है। अनेकों बैठकों के बावजूद ईपीएफओ और श्रम मंत्रालय मामले को हल करने की बजाय टालमटोल कर रहे हैं। पेंशनरों ने कहा कि उनकी न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये प्रति महीना, महंगाई भत्ता और पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग तत्काल पूर्ण की जाए। मांगें पूरी न होने पर देश भर में आंदोलन किया जाएगा। 1 अक्टूबर को मुंबई में होने वाली पेंशनरों की महारैली हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की दिशा तय करेगी।

धरना सभा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केएस तिवारी, राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर, आरएन द्विवेदी, पीके श्रीवास्तव, दिलीप पांडे, सुभाष चौबे, उमाकांत सिंह, अशोक बाजपेई, सतीश अग्निहोत्री,रमेश श्रीवास्तव, मनोज भटनागर, गीता वर्मा,सुनीता सोनकर, अखिलेश दयाल आदि ने संबोधित किया।


धरने के दौरान नारेबाजी करते ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

# संगोष्ठी में संगीत-नृत्य के अन्तर्सम्बन्धों पर चर्चा

## भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के कला मंडपम प्रेक्षागृह में हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के कला मंडपम प्रेक्षागृह में नाद-नर्तन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन के जरिये संगीत और नृत्य के अन्तर्सम्बन्धों पर बात की गई।

ज्ञानेंद्र दत्त वाजपेयी की अध्यक्षता में हुए पहले सत्र में नृत्य विभाग की डॉ. सृष्टि माथुर, हैदराबाद विश्वविद्यालय से डॉ. पावनी और डॉ. प्रज्ञा प्यासी ने शैक्षणिक गतिविधियों वाला माहौल तैयार किया। 12 वक्ताओं ने यहां विभिन्न विषयों पर अपने शोध प्रस्तुत किये।

दूसरे सत्र की अध्यक्षता की जिम्मेदारी कला एवं शिल्प महाविद्यालय के डॉ. आलोक कुमार और डॉ. रतन कुमार ने की। यह सत्र दृश्य कला के अन्तर्सम्बन्धों पर बात की। इस सत्र में 14 विद्वानों ने सौन्दर्य संबंधी आयाम पर रोशनी डाली। कथक नर्तक पं. राम मोहन ने शास्त्रीय नृत्य के कलात्मक महत्व पर पारंम्परिक और आधुनिक दोनों सन्दर्भो में बात की।

तीसरा सत्र परम्परा और नवीनता पर आधारित रहा। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो. कुमकुम धर, डॉ. रूचि खरे और ज्ञानेंद्र दत्त बाजपेयी ने की। कथक और भरतनाट्यम जैसे पारम्परिक नृत्यों पर 18 प्रस्तुतियां हुईं। इन प्रस्तुतियों में बताया गया कि क्षेत्रीय सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने में लोकनृत्यों का योगदान बहुत अहम होता है।


कला मंडपम प्रेक्षागृह में नाद-नर्तन संगोष्ठीमें बोलतीं वक्ता। अमृत विचार

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की प्रो. संगीता पंडित, दिल्ली विश्वविद्यालय के नरेश कुमार, बड़ौदा विश्वविद्यालय के डॉ. विश्वास संत और डॉ. प्रवीण अहिरे ने शास्त्रीय संगीत की विरासत पर विस्तार से चर्चा की। इस चर्चा में कर्नाटक संगीत परम्पराओं और शास्त्रीय संगीत के आधुनिक प्रयोगों पर भी बात हुई। इस आयोजन में समकालीन शिक्षा शास्त्र में संगीत की लोकप्रिय संगीत शैलियों के प्रभाव पर भी बात की गई।

## एक नजर

### ताइक्वाण्डो में छात्रा ने जीता गोल्ड मेडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की कक्षा-8 की छात्रा प्रज्ञा सिंह ने अन्तर-विद्यालयी ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। चैम्पियनशिप का आयोजन इण्डियन एसोसिएशन ऑफ ताइक्वाण्डो के तत्वावधान में मिनी स्टेडियम राजाजीपुरम में किया गया। सीएमएस के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि इस ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में लखनऊ के कई विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### गौरवी ने जीता स्वर्ण और रजत पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ पब्लिक स्कूल कालिंदी पार्क शाखा सेक्टर 4- बी में कक्षा 7 की छात्रा गौरवी ने सीबीएसई क्लस्टर 4 एथलेटिक प्रतियोगिता में दो पदक हासिल किए। गौरवी ने 1500 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। साथ ही गौरवी ने 800 मीटर दौड़ में रजत पदक जीत कर सभी को चौंका दिया। वह अंडर 17 आयु वर्ग में खेली। गौरवी ने प्रतियोगिताओं की तैयारी कोच कमल सिंह के निर्देशन में की।

### अमृत कुमार ने शॉटपुट में जीता स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसकेडी अकादमी के छात्र अमृत कुमार सिंह ने राष्ट्रीय एथलेटिक्स मीटर 2024-25 में अंडर 19 शॉटपुट वर्ग में स्वर्ण जीता। प्रतियोगिता द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनिशेंस की ओर से हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्टेडियम में आयोजित हुई। एसकेडी अकादमी के निदेशक मनीष सिंह ने बताया कि अमृत कुमार के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद वह स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# एनएसजी कमांडो ने विमान यात्रियों को बचाया

## सीसीएस एयरपोर्ट पर विमान अपहरण को लेकर मॉक ड्रिल सफल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मॉकड्रिल में हिस्सा लेते एनएसजी कमांडो। अमृत विचार

**अमृत विचार:** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को विमान अपहरण विरोधी मॉकड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया। अपहरण विरोधी आकस्मिक बल, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के विशेष कार्रवाई समूह द्वारा आयोजित यह अभ्यास इस सप्ताह की शुरुआत में चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में हुआ। फाल्कन स्ट्राइक कोडनाम वाले इस अभ्यास का उद्देश्य हवाई अड्डे की विमान अपहरण जैसी आपात स्थितियों से निपटने में राष्ट्रीय बलों और विभिन्न एजेंसियों की तत्परता की जांची गयी।

अभ्यास के हिस्से के रूप में, उत्तर प्रदेश सरकार के गृह विभाग के सचिव डॉ. संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में एयरोड्रम आपातकालीन प्रबंधन समिति (एईएमसी) की बैठक में सदस्यों ने ऐसी स्थितियों में टीम की तैयारियों की समीक्षा की। अभ्यास में एनएसजी, सीआईएसएफ, यूपी पुलिस, यूपी एटीएस, राज्य और जिला प्रशासन, डीजीसीए, एयरलाइंस, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, एटीसी, एआरएफएफ, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस और लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एलआईएएल) के वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी रही। इन एजेंसियों की व्यापक भागीदारी ने अभ्यास को सफल सुनिश्चित किया।

लखनऊ हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि हम यात्रियों और हितधारकों की सुरक्षा, संरक्षा और भलाई को प्राथमिकता देते हैं। एयरपोर्ट की टीम ने यह भी सुनिश्चित किया कि पूरे अभ्यास के दौरान उड़ान संचालन प्रभावित न हो।

### एयरपोर्ट पार्किंग में खड़ी कार में लगी आग

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को पार्किंग में खड़ी कार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। सुरेश अपनी इंडिगो कार एयरपोर्ट के प्रीपेड टैक्सी स्टैंड में संबद्ध कर खुद चलाते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे सुरेश एयरपोर्ट पर सवारी लेने गए थे और कार को वहीं पार्किंग में खड़ी कर दिया। लेकिन कुछ देर बाद ही कार से अचानक आग की तेज लपटें उठने लगी। आनन फानन इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम और पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंचे एयरपोर्ट के दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# कब्जा न मिलने पर डूडा कार्यालय में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कब्जा न मिलने के विरोध में डूडा कार्यालय पर प्रदर्शन करते आवंटी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लाइट हाउस प्रोजेक्ट अवध विहार योजना में 2021 को आवंटित फ्लैटों पर कब्जा न मिलने से नाराज लोगों ने नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय में हंगामा किया। अधिकारियों पर बराबर टरकाने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। जल्द कब्जा देने के लिए परियोजना अधिकारी सौरभ त्रिपाठी को प्रार्थना पत्र दिया।

- 2021 में लाइट हाउस प्रोजेक्ट अवध विहार योजना में आवंटित हुए थे फ्लैट
- पूरा भुगतान करने के बाद भी चक्कर लगा रहे आवंटी

नवल किशोर रोड स्थित डूडा कार्यालय पर शुक्रवार सुबह लोगों ने हंगामा किया। महेंद्र गौतम, महेंद्र कुमार, अंजू यादव, अंकुर रावत, मानस शर्मा, गौरव सिंह आदि ने कब्जा देने में अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। इन लोगों ने बताया कि सभी को 2021 में लाइट हाउस प्रोजेक्ट अवध विहार योजना में फ्लैट आवंटित हुए थे। चार किस्तों में पूरा भुगतान कर चुके हैं। 2023 में संबंधित कार्यालय द्वारा योजना अपूर्ण बताकर दीपावली बाद कब्जा देने को कहा गया था। इसके बाद 2024 में होली से पहले कब्जा देने का आश्वासन दिया गया। 10 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा योजना के लोकार्पण के दौरान 10 लाभार्थियों को चाबी वितरित की गई। इसके बाद भी योजना अपूर्ण बताकर कब्जा नहीं दिया गया। हमारी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। कोई दूसरों पर आश्रित है, तो कोई किराये पर रह रहा है।

परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रक्रिया पूरी हो गई है। आवास विकास परिषद से एक प्रमाण पत्र जारी होना है, इसकी सहमति बन गई है। प्रमाणपत्र मिलते ही नवरात्र तक सभी को कब्जा पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

### इंजीनियर्स एसोसिएशन का वार्षिक महाधिवेशन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंजीनियर्स एसोसिएशन उप्र आवास एवं विकास परिषद का 26वां वार्षिक महाधिवेशन शनिवार को होगा। कार्यक्रम इंदिरा नगर स्थित विश्वेश्वरैया भवन में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सदस्यों का पंजीकरण, एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा आंतरिक सत्र का उद्घाटन किया जाएगा। महासचिव की रिपोर्ट के साथ कोषाध्यक्ष द्वारा लेखा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही नई कार्यकारिणी के लिए पदाधिकारियों का नामांकन, चुनाव व स्मारिका विमोचन व नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कराया जाएगा।

# विद्याज्ञान स्कूल ने जीती चैम्पियंस ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**एथलेटिक प्रतियोगिता**

- सीबीएसई क्लस्टर 4 के समापन पर विजेता हुए सम्मानित

**अमृत विचार :** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में चल रही सीबीएसई क्लस्टर 4 एथलेटिक प्रतियोगिता में सीतापुर का विद्या ज्ञान स्कूल ने चैम्पियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, अंडर-14 बालक वर्ग में बेस्ट एथलीट का अवार्ड विद्या ज्ञान स्कूल के मोहम्मद हमजा को मिला। बालिका वर्ग में डीपीएस आजाद नगर कानपुर रोड की प्रियंका राजपूत बेस्ट एथलीट चुनी गई। अंडर-17 बालक वर्ग में डीपीएस आजाद नगर कानपुर के प्रियांशु राज और बालिका वर्ग में विद्या ज्ञान पब्लिक स्कूल की प्रत्यूषा के साथ अंडर-19 बालक वर्ग में विद्या ज्ञान पब्लिक स्कूल के शंभूराज और बालिका वर्ग में कानपुर की सोनम यादव ने बेस्ट एथलीट का खिताब जीता।

25 से 27 सितंबर तक साई स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक प्रतियोगिता में लॉन्ग जंप, शॉट पुट, 800 मीटर, 100 मीटर, 400 मीटर, 3000 मीटर, पोल वॉल्ट समेत सभी खेलों में विद्या ज्ञान पब्लिक स्कूल, सीतापुर ने अन्य जिलों से आए स्कूलों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए चैम्पियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में बेस्ट स्कूल का अवार्ड अंडर-14 में पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय, उन्नाव और अंडर-17 और अंडर-19 का अवार्ड विद्याज्ञान पब्लिक स्कूल सीतापुर को मिला। प्रतियोगिता के समापन पर स्पोर्ट्स चीफ इंडियन रेलवे कीर्ति मिश्रा, बाबा गुरुकुल अकादमी बाराबंकी के हरपाल सिंह, सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर बाराबंकी आरपी सिंह के अलावा चेयरमैन सेठ एमआर जयपुरिया शिव शंकर अवस्थी, अतुल अवस्थी, अनुज और प्रधानाचार्य पूनम गौतम ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# महिला वॉलीबॉल में एफओ एपी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह 7 मई 2024 से 8 मई 2025 तक मनाया जा रहा है। इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में शुक्रवार को महिला वॉलीबॉल का फाइनल मैच एफओ एपी 11 और कुलसचिव 11 के बीच खेला गया। जिसमें एफ ओ ए पी 11 ने कुल सचिव 11 को 2-1 से हरा कर चैंपियन बन गया। इस मौके पर सहायक कुलसचिव रंजीत सिंह, सहायक कुलसचिव सुनील पांडे, सहायक कुलसचिव शांतनु पाठक समेत काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



विक्ट्री साइन दिखातीं महिला खिलाड़ी। अमृत विचार

### दूरसंचार ने खेलो इंडिया अभियान आयोजित किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** दूरसंचार विभाग की ओर से भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कार्यालय के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का समापन शनिवार को होगा।

# बाल निकुंज ने जीती ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की जनपदीय विद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बाल निकुंज स्कूल के स्टूडेंट्स ने अपने दमदार मुक्केबाजी और सधे पंच की बदौलत स्कूल को चैम्पियन ट्रॉफी दिलाई। बाल निकुंज के कार्तिकेय मिश्रा ने 46 से 48 किग्रा वर्ग में, तो शौर्य सिंह 40 से 42 किग्रा वर्ग में गोल्ड हासिल किया। बालक वर्ग में लखनऊ मांटेसरी इंटर कॉलेज उपविजेता रहा।

बालक वर्ग में जहां बाल निकुंज चैम्पियन बना, तो सेंट मेरी की बालिकाएं भी कुछ कम पीछे नहीं रही। सेंट मेरी की बालिकाओं ने मुक्केबाजी में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए बालिका वर्ग में स्कूल को ट्रॉफी दिलाई। अंडर-17 बालिका वर्ग में सेंट मेरी स्कूल की अलवीरा शाह ने 44 से 46 किग्रा में तो अशरा फातिमा ने 46 से 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। स्कूल की जकिया खातून ने 48 से 50 किग्रा, शहना खातून ने 50 से 53 किग्रा वर्ग और अदीबा बानो ने 77 से 82 किग्रा वर्ग में गोल्ड पर कब्जा किया। बालिका वर्ग में बाल निकुंज बालिका विद्यालय उपविजेता बना।

जनपदीय विद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता शुक्रवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित हुई।

## सार-संक्षेप



रामलीला का पूर्वाभ्यास करतीं बालिकाएं। अमृत विचार

### लीलाओं की जीवंतता के लिए पात्र बहा रहे पसीना

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंतनगर सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव की तैयारी जोर शोर के साथ चल रही हैं। समिति के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि मंचन का पूर्वाभ्यास विगत एक माह से भी अधिक समय से सांस्कृतिक मंत्री दीपक सनवाल की देखरेख में हो रहा है। विभिन्न पात्रों को अभिनीत कर रहे कलाकार लीलाओं की जीवन्तता के लिए पसीना बहा रहे हैं। रामलीला में राम-रायना राणा, लक्ष्मण-कोमल पांडे, सीता-कर्णिका तिवारी, भरत-पार्थ उप्रेती, शत्रुघ्न-कार्तिक रौतेला, दशरथ महेन्द्र सिंह रावत, परसुराम-राज जोशी, रावण-पूरन सिंह नयाल व अंगद के रूप में नीरज सिंह मेहता भूमिका निभा रहे हैं।

### टड़ियन हनुमान मंदिर का हुआ शुद्धीकरण

**अमृत विचार, काकोरी :** राजाजीपुरम के टड़ियन हनुमान मंदिर में गर्भगृह के अंदर लड्डू के प्रसाद का भोग लगाने पर रोक लगाई गई है। शुक्रवार को अयोध्या तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगदगुरु परमहंस महाराज ने मंदिर महंत रामकांत दास, अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला के साथ वैदिक मंत्रोच्चर के साथ मंदिर व भक्तों का शुद्धीकरण किया और परिक्रमा कर बाबा बजरंगबली को पंचेमेवा और पंचामृत का भोग लगाकर भक्तों को वितरित किया। वहीं मंदिर महंत रमाकांत दास ने कहा कि मंदिर के गर्भगृह में बाजार के बाहरी प्रसाद का भोग नहीं लगेगा। फलाहार, सूखे मेवे व घर का बना भोग का प्रसाद गर्भगृह में चढ़ सकेगा। इस मौके पर मयंक त्रिपाठी, मंगल पाण्डेय, अंकित निगम, सूरज पाण्डेय, प्रमोद दीक्षित, श्यामाकांत, मुन्नू मिश्रा, पुनीत, लोकेश द्विवेदी, कार्तिकेय तिवारी, विचित्रमणि तिवारी, सहित तमाम भक्त मौजूद थे।

### वक्फ संशोधन बिल वापस लेने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना जहीर अब्बास रिजवी से मुलाकात कर वक्फ अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की। दोनों धार्मिक नेताओं ने वक्फ अधिनियम के प्रस्तावित बदलावों की कड़ी आलोचना की। दोनों नेताओं ने वक्फ कानूनों में संशोधन को विवादास्पद और अनावश्यक करार देते हुए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून मुस्लिम समुदाय की धार्मिक और परोपकारी संपत्तियों के प्रबंधन से संबंधित है। मौलाना यासूब अब्बास ने इस बिल को पूरी तरह से वापस लेने की मांग की। मौलाना जहीर अब्बास रिजवी ने वक्फ संशोधन से समुदाय के धार्मिक अधिकारों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियां मुस्लिम समुदाय की एक पवित्र अमानत हैं। हम इस बिल को वापस लेने की मांग में एकजुट हैं। बैठक ने वक्फ संशोधन बिल के संबंध में शिया समुदाय के भीतर बढ़ते असंतोष को उजागर किया गया। दोनों नेताओं ने इन प्रस्तावित संशोधनों के खिलाफ विरोध को संगठित करने के अपने इरादे स्पष्ट किए। उन्होंने वक्फ संपत्तियों के धार्मिक और परोपकारी कार्यों को बनाए रखने और उन्हें बाहरी हस्तक्षेप से बचाने के महत्व पर जोर दिया।

# 38 छायाकारों की 228 कृतियां प्रदर्शित, पांच का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



प्रदर्शनी का अवलोकन करते एमएलसी डॉ. लाल जी निर्मल व अन्य।

- 18वीं अखिल भारतीय छायाचित्र प्रदर्शनी शुरू

**अमृत विचार :** लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में शुक्रवार को 18वीं अखिल भारतीय छायाचित्र प्रदर्शनी शुरू हुई। इस प्रदर्शनी में देश के 38 छायाकारों के 228 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। तीन छायाकारों के चित्रों को निर्णायकों ने उत्कृष्ट माना और इन छायाकारों को 20-20 हजार रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्रम दिया गया।

राज्य ललित कला अकादमी को मिले चित्रों को 12 जून को निर्णायक समिति के सामने रखा गया। प्रधान तकनीकी अधिकारी अविनाश चन्द्र लिटिल, केन्द्रीय संचार ब्यूरो के वरिष्ठ कलाकार गौरव गंगवार और रायबरेली की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तूलिका साहू ने निर्णायक के रूप में 38 छायाकारों के 228 चित्रों को गंभीरता से परखा और छायाकारों की सृजनात्मकता और उत्कृष्टता का अध्ययन किया।

निर्णायकों ने वडोदरा (गुजरात) के कालू वी भरवार्ड, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) की रूमेला डे तथा धनबाद (झारखंड के मुकेश श्रीवास्तव की कृतियों को उत्कृष्ट कृतियों की श्रेणी में रखा। समिति ने तीनों छायाकारों को 20-20 हजार रुपये के पुरस्कार के लिए नामित किया।

इनके अलावा लखनऊ के हर्षित सिंह और विजयवाडा (आंध्र प्रदेश) के टी श्रीनिवास रेड्डी को 10-10 हजार रुपये की राशि, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देने की अनुशंसा की गई।

18वीं अखिल भारतीय छायाचित्र कला प्रदर्शनी के उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में एमएलसी डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल और वरिष्ठ छायाकार सुबीर राय ने पुरस्कृत छायाकारों को स्मृति चिन्ह पुरस्कार राशि के चेक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। लालजी प्रसाद निर्मल ने प्रदर्शनी के पुरस्कृत छायाकारों के साथ ही सभी प्रतिभागी छायाकारों को बधाई देते हुए अकादमी के उत्कृष्ट आयोजन की तारीफ़ की।

सुबीर राय ने कहा कि हर फोटोग्राफर के अर्न्तमन में एक पेंटर होता है, लेकिन चित्र चित्रांकन के लिए वह तूलिका के स्थान पर अपने कैमरे और अपने कौशल का उपयोग करते हुए एक उत्कृष्ट छायाचित्र का सृजन करता है।

अकादमी के नवनियुक्त उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र ने कहा कि सभी अतिथियों का स्वागत किया। अकादमी के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा गया कि सरकार ने मुझे अकादमी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस जिम्मेदारी को निभाने के साथ ही अकादमी के लम्बित कार्यक्रमों को जल्दी पूरा कराने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल के इस युग में हर व्यक्ति के पास कैमरा है और वह खुद छायाकार है परन्तु इन सब के मध्य इस प्रदर्शनी में जो छायाचित्र प्रदर्शित किये गये है उन छायाकारों के चुनौती पूर्ण कार्य अपने आप में उत्कृष्ट है तथा इसलिए इस महत्वपूर्ण प्रदर्शनी का हिस्सा बन सके।

अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि यह प्रदर्शनी 3 अक्टूबर तक सभी कलाप्रेमियों के लिए खुली रहेगी। इस मौके पर संगीत नाटक अकादमी के निदेशक शोभित कुमार नाहर, ललित कला अकादमी की सामान्य सभा के मनोनीत सदस्य डॉ. संदीप श्रीवास्तव (गोरखपुर), अनिल सोनी (मथुरा), डॉ. आभा (आगरा), अभिनव दीप (लखीमपुर) आदि मौजूद रहे।


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
ई-टेण्डर पोर्टल – https://etender.up.nic.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213 (बी-2)के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

### कार्यालय जोनल अधिकारी, जोन-5

| क्र. सं. | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | चित्रगुप्त नगर | | |
| 1 | 560-वी/250 विजय नगर | श्री शिवप्रकाश | श्रीमती शशि मेहरोत्रा | रजिस्ट्री |
| 2 | 049 विनय नगर | श्रीमती राजरानी | श्री अंकित पाल | दान विलेख |
| 3 | एएनआर/404 आषुतोष नगर | श्री पंकज कुमार | श्री बलजीत | रजिस्ट्री |
| 4 | बीवी/040 भगवती विहार | श्री बसंत लाल | श्री दीपक | वसीयत |
| 5 | 163 विनय नगर | श्री रमा शंकर | श्री शैलेन्द्र | परिवारिक |
| 6 | 561/224 | श्रीमती कुसुम लता | श्रीमती अनुराधा | रजिस्ट्री |
| 7 | 560/272/01 कृष्णानगर | श्रीमती स्वदेष कालरा | श्री योगेश कालरा | दान विलेख |
| 8 | 555ख/ए-252 भोला खेडा | श्री विधू कुमार | श्रीमती निर्मला | परिवारिक |
| 9 | 555ख/067 भोला खेडा | श्री राम अधार | श्री शिवप्रसाद | पारिवारिक |
| 10 | बीएनआर/109-ए बजरंग नगर | श्रीमती प्रभजोत | श्रीमती विजय लक्ष्मी | रजिस्ट्री |
| 11 | 555ख/ए-029 भोला खेडा | श्री राम नारायण | श्रीमती आरती शर्मा | दान विलेख |
| 12 | 555ख/ए-126ए भोला खेडा | श्री राजेन्द्र | श्रीमती लक्ष्मी चौरसिया | रजिस्ट्री |
| | | बाबू कुंज बिहारी-ओम नगर, गुरूगोविन्द सिंह | | |
| 13 | 554/163 छोटा बरहा | श्री सनत कुमार राय | श्रीमती षिवानी राय | दान विलेख |
| 14 | 557/287/2 ओम नगर | श्री सुधाकर शुक्ला | श्रीमती रंजना | रजिस्ट्री |
| 15 | 556/347 सुजानपुरा | श्री राम आसरे मिश्र | श्री अषोक कुमार चौहान | रजिस्ट्री |
| 16 | 554/319एम छोटा बरहा | श्री सुरेन्द्र बिहारी लाल | श्री विधेही शर्मा | रजिस्ट्री |
| 17 | 551ग/07 पुराना सरदारी खेडा | श्रीमती नूरजहॉ | श्री शुऐब अहमद सिद्दीकी व जुबैर अहमद | वसीयत |
| 18 | 551ग/018 पुराना सरदारी खेडा | श्री हाजी लाल मोहम्मद | श्री शुऐब अहमद सिद्दीकी व जुबैर अहमद | परिवारिक |
| 19 | 554/514 छोटा बरहा | स्व0 लक्ष्मी नारायण शर्मा | श्री गोविन्द राम विष्वकर्मा व श्याम सुन्दर विष्वकर्मा | परिवारिक |
| 20 | 553/029 पटेल नगर | श्री जगदीश कपूर | श्री अजीत कुमार सिंह | रजिस्ट्री |
| 21 | 551ग/202 पुराना सरदारी खेडा | श्रीमती सुशीला देवी | श्री ब्रह्म प्रकाश पाण्डेय एवं अंजू पाण्डेय | दान विलेख |
| 22 | 554/121 छोटा बरहा | श्रीमती आष मिश्रा | श्री अरूण कुमार मिश्रा | पारिवारिक |
| 23 | 554/1103 छोटा बरहा | श्रीमती रामश्री | श्री रामअधार | दान विलेख |
| | | गुरूनानक नगर | | |
| 24 | 555ग/111 दामोदर नगर | श्रीमती राजकुमारी | श्रीमती मंजू वाडा | रजिस्ट्री |
| 25 | 569क/226 स्नेह नगर | श्री श्याम लाल | श्री प्रताप सिंह राव | रजिस्ट्री |
| 26 | 569च/629 प्रेम नगर | श्रीमती श्यामकान्ती | श्री विजय कुमार श्रीवास्तव | परिवारिक |
| 27 | 564/052 गुरूनानक नगर | श्रीमती बलबीर कौर | श्री गुरमीत सिंह | पारिवारिक |
| 28 | 569क/204 स्नेह नगर | श्री वीरेन्द्र पाण्डेय | श्रीमती नारायणी पाण्डेय/विकास पाण्डेय | परिवारिक |
| 29 | 565क/043 अमरूदहीबाग | श्री वीरेन्द्र पाण्डेय | श्रीमती नारायणी पाण्डेय/विकास पाण्डेय | परिवारिक |
| 30 | 566/445ए जय प्रकाश नगर | श्री सर्वजीत सिंह | श्री लीलाधर बाजपेई | रजिस्ट्री |
| 31 | 554ग/230(केएन-291मिन/पीएन-32) दामोदर नगर | श्रीमती लीलावती | श्री संजीव कुमार | दान विलेख |
| 32 | 569क/290 स्नेह नगर | श्रीमती शान्ति देवी | श्री महेष चन्द्र पाण्डेय एवं नरेन्द्र पाण्डेय | परिवारिक |
| 33 | 554ग/147 दामोदर नगर | श्री राजेष कुमार द्विवेदी | श्री रिषभ द्विवेदी | पारिविारिक |
| | | गीतापल्ली | | |
| 34 | 570/431 विराट नगर | श्री चन्द्रभूषण मिश्रा | श्री आदर्ष मिश्रा | परिवारिक |
| 35 | 570/803 आजाद नगर | श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव | श्री सुशील कुमार मिश्रा | रजिस्ट्री |
| 36 | 551क/ए-215 आजाद नगर | श्री रामप्रसाद मिश्रा | श्री अजय कुमार मिश्रा | परिवारिक |
| 37 | 568ख/459 गीतापल्ली | श्री सुरेष सिंह सिकरवार | श्रीमती शिवकुमारी, अरून कुमार सिंह सिकरवार व अन्य | परिवारिक |
| 38 | 551क/ओएम-345 मधुबन नगर | श्रीमती क्रान्ति देवी | श्री अनुराग सिंह | दान विलेख |
| 39 | 551क/ओएम-221 मधुबन नगर | श्रीमत विजय लक्ष्मी सिंह | श्री राजेश कुमार सिंह व शैल सिंह | छान विलेख |
| 40 | 551क/119 'ाक्ति नगर | श्रीमती निर्मल कौर | श्रीमती मन्जीत कौर | परिवारिक |
| 41 | 570/669 पकरी | श्री माता प्रसाद | श्रीमती कमलेष देवी | परिवारिक |
| 42 | 551क/ए-139/ आजाद नगर | श्रीमती विष्णुदेवी | श्रीमती प्रीति शाह | दान विलेख |
| 43 | 568ख/532 गीतापल्ली | श्री एम0एस0 कुदेशिया | श्री अजय मोहन | पारिवारिक |
| 44 | 570/915 पकरी | श्री रविन्द्र प्रकाष सिंघल व अन्य | श्री राकेष कुमार व आरोही मध्यान | रजिस्ट्री |
| | | केसरी खेडा | | |
| 45 | 548एस/39 सूर्य नगर | श्रीमती अमरावती | श्री राजेश मिश्रा, रमेष कुमार मिश्रा, व हरीष कु0 मिश्रा | परिवारिक |
| 46 | 548वी/467 विक्रम नगर | श्रीमती माया यादव | श्रीमती रीता यादव | दान विलेख |
| 47 | 548वी/093 विक्रम नगर | श्रीमती शान्ती देवी | श्री नीरज तिवारी | दान विलेख |
| 48 | 548वी/146 विक्रम नगर | श्रीमती शारदा देवी | श्रीमती मोनिका कुमारी | रजिस्ट्री |
| 49 | 55क/555 कनौसी | श्री भगवती प्रसाद | श्री पवन कुमार | परिवारिक |
| 50 | 548/176 सूर्य नगर | श्री रमेष कुमार सिंह | श्रीमती निर्मला व राकेष कुमार राम | रजिस्ट्री |
| 51 | 555क/661 कनौसी | श्री राम गुलाम यादव | श्री राम कृपाल यादव | दान विलेख |
| 52 | 548-घ/041 तेजी खेडा | श्री जलालुद्दीन | सुश्री सना खान | छान विलेख |
| | | रामजीलाल सरदार पटेल नगर | | |
| 53 | 555छ/012ए | श्री कृष्ण सबरवाल | श्री रवि सबरवाल | परिवारिक |
| 54 | 563क/102 | श्रीमती शिवप्यारी | श्रीमती कीर्ति शाहू | परिवारिक |
| 55 | 559क/046/1 | श्री प्रकाष नारायण | श्री सुधांषु | परिवारिक |
| 56 | 559क/046 | श्री प्रकाष नारायण | श्री राकेष | परिवारिक |
| 57 | 555छ/074 सिंगार नगर | श्री हनी भास्कर शर्मा | श्री हीरेष कुमार भवनानी | रजिस्ट्री |
| | | सरोजनी नगर प्रथम | | |
| 58 | 578/053/3-ए गौरी | श्रीमती तारावती शर्मा | श्री अरविन्द कुमार शर्मा | दान विलेख |
| | | सरोजनी नगर द्वितीय | | |
| 59 | 582/071 बदाली खेडा | श्रीमती कृष्णावती | श्रीमती अनीता विमल | रजिस्ट्री |
| 60 | 582/1292 बदाली खेडा | श्री टीका राम | श्री हीरालाल | दान विलेख |
| 61 | केएन-1511मिन(पीएन-04) रूस्तम विहार | श्री सुषील कुमार श्रीवास्तव | श्रीमती बिन्दु अरोरा | रजिस्ट्री |
| 62 | केएन-683स/मिन/पीएन-74 अली नगर सुनहरा | श्री वीरपाल | श्रीमती सुलेखा जैन | रजिस्ट्री |
| 63 | केएन-896स नारायणपुरी | श्री मयंक श्रीवास्तव | श्री अमरजीत वर्मा व लीलावती | रजिस्ट्री |
| 64 | एनपीयू/केएन-884/पार्ट नारायणपुरी | श्री पदम अहूजा | श्री विरेन्द्र मिश्रा | रजिस्ट्री |
| 65 | एएनएस/केएन-689स अली नगर सुनहरा | श्रीमती उपमा यादव | श्री संतोष कुमार यादव | रजिस्ट्री |
| 66 | एनपीयू/022-बी नारायणपुरी | श्री त्रिलोक सिंह | श्रीमती मनप्रीत कौर व हरमीत कौर | दान विलेख |
| 67 | एएनसी/246/01 आजाद नगर चिल्लावॉ | श्रीमती सलीमुनिषां | श्री इरफान इदरीषी व मो0 इमरान इदरीषी | दान विलेख |
| 68 | केएन-45 बदरी नगर | श्री सरताज आलम | श्रीमती खलीकुनिषां | रजिस्ट्री |
| 69 | केएन-466,85/पीएन-223 | श्री अरविन्द मिश्रा | श्रीमती पूनम मिश्रा | दान विलेख |
| 70 | एमएनएस/केएन-914 मानस नगर | श्रीमती पूनम मिश्रा | श्रीमती स्वाति मिश्रा | रजिस्ट्री |
| 71 | 582/212/2 बदाली खेडा | श्री राम प्रकाष | श्रीमती किरन बाला | रजिस्ट्री |

जोनल अधिकारी

यद्यत्संइष्यते लोके सर्वं तत्कर्मसम्भवम्।
सर्वां कर्मानुसारेण जन्तुर्भोगान्भुनक्ति वै॥

लोगों के बीच जो सुख या दु:ख देखा जाता है, कर्म से पैदा होता है। सभी प्राणी अपने पिछले कर्मों के अनुसार आनंद लेते हैं या पीड़ित होते हैं।

## संपादकीय

# पुतिन की धमकी

यूक्रेन पर रूस के युद्ध का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। इस हमले के बाद यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा संघर्ष शुरू हो गया। तब से रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कई बार हस्तक्षेप करने वाले किसी भी देश के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां जारी की हैं। रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन और नाटो देशों को परमाणु बम की धमकी दी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने परमाणु सिद्धांत में बदलाव के लिए कहा है। इससे रूस अब गैर परमाणु हथियार संपन्न देश के खिलाफ भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकेगा। यही नहीं अगर रूस पर भीषण हवाई हमला होता है तो रूस परमाणु हमला कर सकेगा। रूस की इस धमकी से एक बार फिर से दुनिया में चिंता बढ़ गई है। क्योंकि रूस के परमाणु सिद्धांत में संशोधन यूक्रेन युद्ध में शामिल होने के मामले में पश्चिम को अब तक की सबसे कड़ी चेतावनी है। रूस के पास वर्तमान समय में 5,580 परमाणु हथियार हैं और उसने 1710 एटम बमों को तैनात कर रखा है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है।

गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विश्व नेताओं, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने परमाणु निरस्त्रीकरण को एक वैश्विक प्राथमिकता बताया है और इसके लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने आगाह किया कि शीत युद्ध के बदतरीन दिनों के बीत जाने के बाद अब फिर परमाणु हथियारों की स्याह छाया नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश ने चिंता जताई कि परमाणु मुद्दे पर तनातनी और बयानबाजी हो रही है और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए धमकियां दी जा रही हैं। हथियारों की होड़ फिर से भड़कने की आशंका है। 20 देशों के समूह ने 2022 और 2023 में संयुक्त बयानों में खतरों को रेखांकित करते हुए, कहा कि परमाणु हथियारों का उपयोग और उपयोग की धमकियां अस्वीकार्य हैं। ऐसे में भू-राजनीतिक तनावों के विशेष संदर्भ में वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण के मुद्दों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा आवश्यक है। साथ ही भारत को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को वैश्विक निरस्त्रीकरण लक्ष्यों के साथ संतुलित करना चाहिए। सभी देशों को इस मुद्दे की तात्कालिकता को समझना होगा। अमेरिका और नाटो देशों को परमाणु प्रतिशोध की धमकी को और उत्तेजक परमाणु अभ्यासों से बचना चाहिए। चूंकि अमेरिका और यूरोपीय नेता यूक्रेन को रूस को पीछे हटाने के लिए जरूरी हथियार मुहैया करा रहे हैं, इसलिए उन्हें सावधानी से अपने सैन्य समर्थन को संतुलित करना चाहिए और तनाव बढ़ने से बचने के लिए समन्वय करना चाहिए।

# सरकारी खाद्यान्न खरीद में पारदर्शिता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं?

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से धान /बाजरा /ज्वार/मक्का की खरीद प्रारंभ होने वाली है। वस्तुतः न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में हमेशा से किसानों की मांगें उठती रही हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में निरंतर परिवर्तन और सुधारकर उन्हें अधिकाधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाती रही है। यहां यह बताना श्रेयस्कर होगा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त कराने के उद्देश्य से खरीफ और रबी सीजन में कुल 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। यह कृषि लागत और मूल्य आयोग की अनुशंसा पर आधारित होता है।

केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग का गठन किया गया था। भारत में सर्वप्रथम 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। तबसे हरेक साल इसमें सुधार और विस्तारीकरण के उपाय किए जाते रहे हैं। हालांकि उस समय देश में खाद्यान्न उत्पादन की अल्पता थी और भारत खाद्यान्न आयातक देशों में गिना जाता था, परंतु आज भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हैं और कई खाद्यान्नों का निर्यात करता है। ओपन मार्केट पॉलिसी आने के बाद किसानों को सीधे बाजारों में अपनी उपज बेचने का मौका मिला है। आज ई-नाम मंडी व्यवस्था के अंतर्गत पूरे देश के व्यापारी कहीं भी किसी भी मंडी के खाद्यान्न की खरीद बिक्री कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ हुआ है।

जाहिर है कि एमएसपी योजना की महत्ता के दृष्टिगत ही बदलते समय के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से किए खाद्यान्न की खरीद विभाग के कंप्यूटरीकरण के साथ सबकुछ ऑनलाइन एवं पारदर्शी हो गया है। इस योजना से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। पहले जिनके जमीन भी नहीं थे या जो किसान नहीं थे, वे भी किसी और की जमीन के कागज लगाकर और किसी दूसरे के बैंक खाते में पैसा भेजकर योजना का गलत लाभ लेने की कोशिश करते थे। सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसको लक्षित करते हुए ऑनलाइन ई उपार्जन सिस्टम लागू किया गया, जो एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के मामले में देशभर में एक प्रकार का यूनिक सिस्टम बनकर उभरा है। इसके लिए सर्वप्रथम किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई और उनके पंजीकरण को राजस्व विभाग के भू लेख पोर्टल से लिंक किया गया। इससे किसानों के जमीन की सत्यता प्रमाणित होने लगी और फर्जीवाड़ा और बिचौलियों पर रोक लग गई। हालांकि गन्ना विभाग से डाटा शेयरिंग का कार्य अभी भी किया ही जा रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण को किसान अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से करा सकता है, जिस पर ओटीपी के माध्यम से वेरीफिकेशन की व्यवस्था है। ऑनलाइन सिस्टम से पहले किसानों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता था, जो बियरर होता था। इसे पहले एकाउंट पेयी सिस्टम में लाया गया फिर आरटीजीएस के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाता मे भेजा जाने लगा, लेकिन सबसे फूल प्रूव सिस्टम तब लाया गया, जब भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पीएफएमएस के माध्यम से एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया) मैप्ड और वेरीफाइड बैंक एकाऊंट में किसानों को उनकी उपज के मूल्य की धनराशि भेजी जाने लगी। यह ऐतिहासिक कदम था, देश में पहली बार किसी राज्य में किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पीएफएमएस सिस्टम से दिया जाने लगा है। अन्य राज्यों ने भी अब इसी को अपनाने का निश्चय किया है। क्रय केंद्रों पर भी वास्तविक किसानों से खरीद हो यह सुनिश्चित करने के लिए ई पाप (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट आफ परचेज) मशीन की व्यवस्था की गई है, जिस पर किसान अपना बायोमेट्रिक करने के बाद ही अपनी उपज बेच सकता है। क्रय केंद्रों से राइस मिलों की ऑनलाइन टैगिंग एवं जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से खाद्यान्न प्रेषण करने की व्यवस्था लागू की गई है, जिसकी ऑनलाइन ट्रैकिंग भी हरेक स्तर से की जा सकती है।

उत्तर प्रदेश में लगभग 2 .33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2 .15 करोड़ हैं, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है।

पूरे सरकारी खरीद सिस्टम का एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के माध्यम से ई उपार्जन सिस्टम बनाया गया है, जिसमें किसानों से खाद्यान्न खरीद के ऑनलाइन पंजीकरण सिस्टम से लेकर टोकन जेनरेशन, तयशुदा तिथि को क्रय केंद्र पर खरीद, ऑनलाइन जेनरेटेड रसीद, ऑनलाइन वेरिफिकेशन के बाद पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भुगतान, राइस मिलों द्वारा ऑनलाइन प्राप्ति/प्रेषण भारतीय खाद्य निगम डिपो पर प्राप्ति सभी एक ऑनलाइन चेन सिस्टम से जोड़ दिया गया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ हैं, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है। इसके लिए सरकार द्वारा जारी क्रय नीति में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लघु और सीमांत किसानों से प्राथमिकता के आधार पर खरीद की जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में गठित शांता कुमार कमेटी के अनुसार मात्र 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को इस योजना के अंतर्गत सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचते हैं, शेष ओपन मार्केट में बेचते हैं। हालांकि कुछ समय पूर्व इस निष्कर्ष को सतही मानते हुए आइआइटी दिल्ली की रीतिका खेड़ा, प्रांकुर गुप्ता और सुधा नारायण द्वारा एक शोध पत्र जारी किया गया है, जिसके अनुसार लगभग 15-18 प्रतिशत किसानों द्वारा इसका लाभ उठाया जाता है, क्योंकि सभी किसानों द्वारा गेंहूं/धान का उत्पादन नहीं किया जाता है तो हम यदि धान/गेहूं उत्पादन करने वाले किसानों में इसकी तुलना करेंगे तो सहभागिता बढ़ जाती है। इस शोध पत्र में आंकड़ों के साथ यह भी कहा गया कि जिन राज्यों ने खरीद व्यवस्था की विकेंद्रीकृत प्रणाली अपनाई है जैसे छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि में लगभग 30-35 प्रतिशत किसानों द्वारा इस योजना का लाभ उठाया जा रहा है।


पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि में यह प्रतिशत भी उच्च है। यहां यह तथ्य भी ध्यान देने योग्य है कि यदि किसानों को मार्केट में अच्छा प्राइस मिल रहा है तो वो भी इसी योजना का प्रतिफल है, परंतु हम आंकड़ों में उन किसानों को शामिल नहीं करते। उदाहरण स्वरूप गत वर्ष 90 प्रतिशत गेहूं बेचने वाले किसानों ने ओपन मार्केट को चुना, क्योंकि यहां मूल्य एमएसपी से अधिक था, अर्थात यहां तुलना भी हम एमएसपी से ही करते हैं। गत वर्षों में गेहूं खरीद के आंकड़ों पर हम नजर डालते हैं तो किसानों को ओपन मार्केट में न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक पैसा मिला है। गेहूं को वो तो सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचना ही नहीं चाहते, क्योंकि उससे ज्यादा मूल्य पर व्यापारी उनके घरों से उठाकर ले जाते हैं। इस तरह से देखें तो यहां पर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अपना उद्देश्य प्राप्त कर रही है और किसानों को उससे अधिक मूल्य मिल रहा है।

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं? जाहिर है, उन्हें पता है कि मंडियों मे उनके खाद्यान्न की नीलामी जब होती है तो उसकी बोली का आधार एमएसपी ही होता है। प्रत्येक वर्ष बोली का रेट स्वतः एमएसपी में हुई वृद्धि के अनुरूप बढ़ जाता है। वस्तुतः पीडीएस और एमएसपी मार्केट रेट कंट्रोल करता है। पीडीएस के लाभार्थी भी तो एक दूसरे छोर से एमएसपी योजना से ही जुड़े हैं, क्योंकि यहां खरीदे गए खाद्यान्न का उपयोग ही अंत्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों के मध्य किया जाता है।

## प्रसंगवश

# धार्मिक स्थलों की समस्या

भगवान राम के दरबार में एक दिन एक कुत्ता न्याय की गुहार लेकर आया। आरोप था कि एक ब्राह्मण ने अकारण उसे डंडे से मारकर चोट पहुंचाया है। ब्राह्मण तलब हुआ। उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि कई दिनों से भूखा रहने के कारण उसे कुत्ते के अकारण भूंकने पर क्रोध आ गया, जिसके कारण उससे यह अपराध हो गया। धर्म संकट देखकर श्रीराम ने कुत्ते से कहा कि इस ब्राह्मण के दंड का अब तुम्हीं निर्धारण करो। कुत्ते ने बहुत सोच विचार कर कहा, महाराज! इस ब्राह्मण को किसी मठ का मठाधीश बना दिया जाए। सारी सभा अवाक्। भगवान मुस्कुराए। मंत्री ने कुत्ते से पूछा कि तुम इस ब्राह्मण को दंड दे रहे या पुरस्कार? कुत्ता श्रीराम की ओर मुखातिब हुआ और बोला, महाराज! पिछले जन्म में मैं मठाधीश ही था। कुत्ते की योनि में जन्म लेकर निरपराध डंडे खाने पड़ रहे हैं। धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों के दायित्व बोध के लिए कथा।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

श्री तिरुपति बालाजी धाम अपने देश के सर्वाधिक समृद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। इस स्थिति में वहां के महाप्रसादम् में घालमेल करके किसी भी स्तर पर की गई मुनाफाखोरी अक्षम्य होनी चाहिए। जहां तक प्रसाद ग्रहण करने वाले भक्तों के अपवित्र होने का प्रश्न है, अपने शास्त्र इस बिन्दु पर काफी उदार हैं। हमारी गैर-जानकारी में किए गए किसी दूसरे के कुकर्म से हमारे सत्कर्म प्रभावित नहीं होते हैं। शास्त्रों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी अनुष्ठान में की गई त्रुटियों का परिणाम पुरोहित को भुगतना पड़ता है, न कि यजमान को। राम दरबार की उपरोक्त कथा प्रमाण।

किसी भी यज्ञ, अनुष्ठान, पूजा-पाठ में सर्वप्रथम विघ्न विनाशक गणेश जी का आवाहन किया जाता है, ताकि अनुष्ठान निर्विघ्न समाप्त हो। समापन के पूर्व, अनुष्ठान के मध्य जाने-अनजाने हुई त्रुटियों लिए क्षमा याचना भी अनुष्ठान का ही एक अंग है। इन सब सावधानियों के बावजूद जो त्रुटियां हो जाती हैं, वे " वैगुण्यदोष" के रूप में क्षम्य हैं। तमाम प्रयास के बावजूद कुछ कमियों, त्रुटियों, अपराधों की संभावना बनी रहती है, जैसे हवन सामग्री, हवन की लकड़ी के अंदर सूक्ष्म कीड़े-मकोड़ों की उपस्थिति, प्रज्वलित हवन कुंड के आसपास उड़ते सूक्ष्म कीट-पतंगों का जल जाना आदि इत्यादि। इन्हें वैगुण्य, अर्थात अनजाने में हुए अपरिहार्य, दोष मानकर क्षम्य बताया गया है। अतएव अनजाने में दूषित प्रसाद ग्रहण करने का अपराध बोध वांछनीय नहीं है। अपनी अंतरात्मा की पुकार के अनुसार प्रायश्चित करने में भी कोई हर्ज नहीं।

दरअसल आजकल हमारे धार्मिक स्थलों की समस्या कुछ अलग है। तीर्थाटन गुजरे जमाने की बात होती जा रही, देशाटन भी पर्यटन का रूप ले चुका है। अब यह पर्यटन भी एक तरह से तीर्थाटन व देशाटन का कार्पोरेटाइजेशन हो चुका है, जिसमें आस्था व जिज्ञासा के स्थान पर उत्सव व आमोद-प्रमोद को वरीयता मिल रही है। कारपोरेट कल्चर का मूल स्वरूप अधिकाधिक विस्तार से एकाधिकार और मुनाफाखोरी है। सो प्रसाद जैसे पावन सामग्री में भी इन्हें हाथ आजमाने से कोई गुरेज नहीं। पर्यटन भी धीरे-धीरे अति की ओर अग्रसर है। पर्यटन के अतिरेक, ओवर टूरिज्म के दुष्परिणाम को देखते हुए वर्ष 2002 में ही समेकित विकास वर्ल्ड समिट, केपटाउन, में उत्तरदायित्व पूर्ण पर्यटन को "स्थानीय निवासियों के रहने व आगंतुकों के लिए बेहतर स्थान" के रूप में परिभाषित किया गया था। सभी सहभागियों का यह उत्तरदायित्व है कि वे ऐसे स्थलों की स्थानीय विरासत को अपनी अगली तथा उससे आगे आने वाली पीढ़ी के लिए यथावत सुरक्षित रखें। स्थानीय निवासी व आगंतुक पारस्परिक अनुभवों से लाभान्वित हों।

प्रो हारोल्ड गुडविन, "इंटरनेशनल सेंटर ऑफ रेसपांसिबल टूरिज्म" के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कुछ दिनों पूर्व दिए गए अपने साक्षात्कार में बताया है कि किस तरह से ओवर टूरिज्म के चलते बार्सीलोना में बाहरी लोगों के अत्यधिक आवागमन करने के कारण स्थानीय लोग बेघर हो गए और कारपोरेट्स द्वारा संचालित होटलों में कर्मचारी के रूप में काम करने के लिए विवश हो गए हैं। केरल के भी कुछ हिस्सों में यही स्थिति बताई जाती है। इसी ओवर टूरिज्म के चलते, जो अब एक भेड़चाल का रूप ले चुका है, विगत के कई आकर्षक पर्यटन स्थल अपनी आभा खोते जा रहे हैं। उन्होंने वृंदावन के जैतवन व निधिवन को एक आदर्श पर्यटन स्थल बताया है, जहां कोलाहल से दूर उसकी आध्यात्मिक अस्मिता सुरक्षित है। उन्होंने यह भी अपेक्षा की है कि ऐसे पर्यटन स्थलों को ऐसा संरक्षण दिया जाए, ताकि उनका मूल स्वरूप सुरक्षित रह सके। पर्यटन स्थल स्थानीय लोगों की संपत्ति है, यह पांच सितारा होटलों के मालिकों व उसमें ठहरने वाले बाहरी लोगों की संपत्ति नहीं है।

## जयंती

# भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ जरूरी



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे।

भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम के अकेले गैर कांग्रेसी योद्धा हैं, जिनकी ख्याति महात्मा गांधी के मुकाबले हो गई थी। उनकी फांसी के मुद्दे पर कांग्रेस लगभग आधे-आधे में बंट गई थी। असहमति के बावजूद गांधी के प्रति उनके मन में बेहद सम्मान था। भगत सिंह का कांग्रेस पर नैतिक पौरुषपूर्ण प्रभाव भी पड़ा था। वे गांधीवाद की ऐतिहासिक भूमिका को एक वैज्ञानिक यथार्थवादी की तरह आंकते थे।

लाहौर अधिवेशन में भगत सिंह ने कांग्रेस की ही सहमति से भगवतीचरण वोहरा द्वारा लिखा पर्चा बंटवाया भी था। उसमें विदेशी गुलामी से मुक्ति के लिए क्रांतिकारियों के हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सशस्त्र संगठन द्वारा क्रांति के लिए संकल्पबद्धता का ऐलान था। नौजवानों को दिए संदेश में भगत सिंह ने इशारा भी किया था कि लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस देश की आजादी के लिए जबर्दस्त लड़ाई की घोषणा करने वाली है। तब राष्ट्रीय इतिहास में कठिन क्षणों में नौजवानों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ेगी। चाचा सरदार अजीत सिंह, पिता किशन सिंह, लाला लाजपत राय, प्राचार्य छबीलदास, लाइब्रेरियन राजाराम शास्त्री के समर्थन और गांधी के आह्वान पर पढ़ाई छोड़कर स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़ने के बावजूद कांग्रेस के प्रस्तावों ने भगत सिंह के साथ न्याय नहीं किया।

भगत सिंह ने पूरी तौर पर सशस्त्र क्रांति को खारिज नहीं किया। उन्होंने साफ किया कि सशस्त्र क्रांति उस समय ही अनिवार्य विकल्प है, जब जनता पूरी तौर पर क्रांति के नियामक मूल्यों के लिए सुशिक्षित हो पाए। असेंबली में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने बम के बदले क्रांति के अग्निमय शोलों से लकदक लाल पर्चे फेंके। वे किसी भी मुर्दा कौम में बगावत के स्फुलिंग भर सकते थे। सांडर्स की हत्या के बाद क्रांतिकारी पर्चे में साफ लिखा था कि उन्हें एक मनुष्य का खून बहाने में गहरा दुख है। जिन परिस्थितियों में शांति मार्च की अगुआई कर रहे लाला लाजपत राय को लाठियों से पीटकर मार डाला गया, उस घटना का बदला बौद्धिक के बदले यौद्धिक तरीके से ही कारगर ढंग से संसूचित किया जा सकता था। इससे ही अंग्रेज शासक में खौफ पैदा होता कि वह वहशी इरादों के साथ स्वतंत्रता सैनिकों की हत्या करने की कोशिश न करें।

'इंकलाब जिंदाबाद' मूलतः कम्युनिस्टों का नारा है। भगतसिंह ने इसके साथ जोड़ा था 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद' और 'दुनिया के मजदूरों एक हो।" असेंबली बमकांड पर दिए सनसनीखेज ऐतिहासिक बयान में भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने समाजवादी प्रतिबद्धता के बावजूद क्रांतिकारी आंदोलन का श्रेय गुरु गोविन्द सिंह, शिवाजी, कमाल पाशा, रिजा खां, जार्ज वाशिंगटन, गेरीबाल्डी, लायाफेर और लेनिन को भी दिया। भगत सिंह का कहना था-"मैंने एक आतंकवादी की तरह काम किया है, लेकिन आतंकवादी नहीं हूं। मैं तो ऐसा क्रांतिकारी हूं, जिसके पास एक लंबा कार्यक्रम और उसके बारे में सुनिश्चित विचार होते हैं। मैं पूरी ताकत के साथ बताना चाहता हूं कि मैं आतंकवादी नहीं हूं और कभी था भी नहीं, कदाचित कुछ उन दिनों को छोड़कर जब मैं अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत कर रहा था। मुझे विश्वास है कि हम ऐसे तरीकों से कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं।"

भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे। किस्सा मुख्तसर है कि मुसलमानों के रूढ़ विश्वासों के कायम रहते झटका और हलाल किस्म के मांस को एक साथ परोसकर खिलाए जाने के रोमांचक प्रयत्न भी क्रांतिकारियों के बीच प्रफुल्ल होते रहते थे। भगत सिंह पहले आधुनिक महत्वपूर्ण वैचारिक थे, जो पूरी तौर पर प्रचलित मजहबी रूढ़ियों के दायरों से बाहर थे। अंग्रेज जल्लादों से बचने के लिए उन्होंने अपने केश काटकर दुर्गा देवी वोहरा के साथ कलकत्ता तक यात्रा की। कुछ सिखों ने आलोचना की कि पांच धार्मिक प्रतीकों में से केश को उन्होंने क्यों कटवा लिया? भगत सिंह ने धार्मिक जुमले में उन्हें निरुत्तर किया कि गुरु गोविंद सिंह का आदेश है कि अपने कौम और धर्म की रक्षा के लिए शरीर का अंग-अंग कटवा दो। मैंने उसी मकसद से केश कटवा दिए। मौका मिलेगा तो अगला अंग अपनी गरदन कटवा लूंगा।

आज भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ बेहद जरूरी है। भगत सिंह हमारी प्रशंसा के साथ-साथ शोधपूर्ण जिरह के आधार हैं। यदि वे आजाद भारत में होते तो स्थितियों का अपनी मौलिकता के साथ आकलन करते। देश तब उस आकलन से सहमत, असहमत या तटस्थ होने की अपनी भूमिका तलाशता।

# रेबीज के कारगर निवारण को जागरूकता जरूरी

दुनिया के 150 से अधिक देशों मुख्यतः एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। संयुक्त राज्य अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 70,000 लोग रेबीज के कारण असामयिक मौत का शिकार होते हैं। रेबीज संक्रमण से होने वाली 99 प्रतिशत मौतें संक्रमित कुत्तों के काटने से होती हैं। रेबीज के कारण दुनिया में 40 प्रतिशत मौतें 5 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों में होती है। हालांकि रेबीज संक्रमण का संचरण बिल्लियों, लोमड़ी, सियार, नेवला जैसे जंगली जंतुओं से भी हो सकता है। रेबीज एक वायरल, जूनोटिक (जंतुजन्य) रोग है, जिसका यदि लक्षणों की शुरुआत होने से पहले इलाज न किया गया तो जानलेवा साबित हो सकता है। मानव और पालतू जंतुओं में रेबीज का संक्रमण मुख्यतया किसी संक्रमित जंतु के काटने अथवा उसके द्वारा नोचने, खरोंचने से अथवा संक्रमित जंतु के आंख, मुंह और खुले घाव के सीधे संपर्क में आने पर फैलता है। रेबीज वायरस केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली को संक्रमित करता है और यदि इलाज में देरी हुई तो लक्षणों की शुरुआत के साथ मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है। रेबीज से बचने के लिए इसके प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है।



डॉ.कृष्णा नंद पांडेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक
नोएडा

भारत में गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों के आतंक की घटनाएं प्रायः प्रकाश में आती हैं। आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा छोटे बच्चों को घेरकर काटने, नोचने के उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं। यह झुंड खासकर वृद्धों, महिलाओं और बच्चओं को आसानी से शिकार बनाता है। अमेरिका जैसे देश में प्रतिवर्ष 7000 से अधिक रेबीज से संक्रमित होते हैं, जिनमें लगभग 10 व्यक्ति मौत का शिकार होते हैं। कुत्ते पालने के अधिकांश शौकीन आकर्षक नस्लों के विदेशी कुत्ते पालते हैं। जाहिर है उनका आयात किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कुत्तों की आयात प्रक्रिया कड़े नियमों के अनुपालन पर आधारित होती है। यही कारण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2007 से आयातित संक्रमित कुत्तों से फैलने वाले रेबीज की घटनाओं पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। आवारा कुत्ते द्वारा काटे जाने से बचाव मनुष्य के लिए बिल्कुल आसान है, फिर भी संक्रमित जंतुओं के काटने अथवा खरोचने की स्थिति में चिकित्सा विशेषज्ञ की परामर्श में इलाज कराना जरूरी होता है। अविलंब उपचार के द्वारा इससे होने वाली क्षति से बचा जा सकता है। पेट लवर्स अपने पेट्स के भोजन, स्वास्थ्य तथा उनकी स्वच्छता सफाई के प्रति बहुत सजग रहते हैं। फिर भी लोगों को दूसरों के पालतू कुत्तों से भी सजग और सावधान रहने की आवश्यकता होती है। पर्यटन स्थलों पर स्ट्रीट डॉग्स से बचना जरूरी है।

विश्व के अनेक देशों में अभी भी रेबीज के कारण बड़ी संख्या में लोगों और जंतुओं की मौतें होती हैं। प्रत्येक वर्ष 28 सितंबर को रेबीज से संबंधित किसी महत्वपूर्ण विषय यानी थीम पर केंद्रित "विश्व रेबीज दिवस" के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर जन सामान्य में रेबीज संक्रमण के विषय में जानकारी, उनसे बचाव के तरीके, निर्धारित समय पर वैक्सीन लगवाने जैसे पहलुओं पर जागरूकता फैलाना होता है। 28 सितंबर को विश्व प्रसिद्ध फ्रेंच केमिस्ट और माइक्रो बायोलॉजिस्ट लुइस पाश्चर की पुण्यतिथि भी है, जिन्होंने प्रथम रेबीज वैक्सीन को तैयार किया था। उनके योगदानों के संस्मरण में रेबीज के कारगर निवारण की दिशा में समुदाय के लोगों में जागरूकता फैलाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। वर्ष 2024 के "विश्व रेबीज दिवस" के लिए निर्धारित विषय है 'ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज' यानी 'रेबीज की सरहदें तोड़ना'। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार रेबीज की सुरक्षा में व्यापक टीकाकरण अभियान, जागरूकता फैलाने और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को सुनिश्चित कर हम भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक बाधाओं के रूप में सीमाएं तोड़ सकते हैं। रेबीज संक्रमण पर काबू पाने की दिशा में आने वाली रुकावटों को दूर करना इस वर्ष के लिए निर्धारित थीम का हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को कुत्तों से फैलने वाले रेबीज से होने वाली मौतें बिल्कुल समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए विभिन्न देशों के बीच पारस्परिक सहयोग करने के साथ-साथ सरकारों, स्वास्थ्य संगठनों, वेटरनरी सेवाओं और समुदायों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# तर्क करने का माद्दा

कोर्ट में केस चल रहा था। सारे सबूत अपराधी को गुनहगार ठहरा रहे थे। जब अपराधी से सफाई में कुछ कहने के लिए कहा गया तो उसने कहा-श्रीमान मैं गंगा स्नान कर अपने सारे पाप धो चुका हूं। अब चूंकि मैं पाप मुक्त हो चुका हूं, इसलिए मुझे दंड नहीं मिलना चाहिए।

सवाल है कि कोई भी समाज क्या अपराधी को केवल इसलिए माफ कर देगा कि उसने गंगा स्नान कर लिया है। शायद कोई भी समाज ऐसा नहीं करेगा। तो आखिर ये कौन लोग हैं और कैसी ये सोच है, जो केवल स्नान से आपके पाप कटवाने का ठेका लिए घूमते हैं। समाज आस्था से आपके विश्वास से नहीं चलता। कोई भी स्वस्थ समाज चलता है, नियमों से, तर्कों के बलबूते।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

आजादी के बाद भारत की प्रगति की राह में ये सबसे बड़ी बाधा रही कि हम एक तर्कशील समाज का निर्माण करने में असफल रहे। तर्क के ऊपर आस्था को महत्व देने का नतीजा है कि एक स्कूल में बच्चों की शुरुआत प्रार्थना से होती है और फिर क्लास में जाकर ये फिजिक्स और केमेस्ट्री पढ़ते हैं। न्यूटन, आइंस्टाइन और डार्विन को रटते हैं। रटते हैं यहां इसलिए कहा गया कि फिर यही लोग बड़े होकर रफैल पर नींबू मिर्च लटकाने से खुश होते हैं। दरअसल दिक्कत है कि जो समाज के अग्रणी लोग हैं, जिन पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी है। वो सब खुद कर्मकांड में लिप्त हैं। शिक्षा हमें तार्किक बनाती है।

अंधविश्वास भगाती है, लेकिन आज एक शिक्षित व्यक्ति भी बिल्ली के रास्ता काटने पर सोचने लगता है। हमारी दिक्कत है कि हमने तर्कों पर हमेशा आस्था को महत्व दिया। अगर हमारी आस्था, विश्वास इतने ही मजबूत हैं तो तर्को से डरना क्यों? जो विज्ञान हजारों साल पहले हुए डायनासोर्स के बारे में बता सकता है। वो आपके सारे अंधविश्वास और किस्से कहानियों की सत्यता भी परख सकता है। बशर्ते आपमें जानने और अपने ही विश्वासों की बखिया उधेड़ उस पर तर्क करने का माद्दा हो।

-फेसबुक वॉल से

# आईटी हब बैंगलोर

इन दिनों सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर हो चुके बैंगलोर में हूं। तमाम आईटी सेक्टर कंपनियों और अन्य सरकारी उपक्रमों के बड़े कार्यालय होने से इस जगमग क्षेत्र की रौनक देखने लायक है। आईटी कंपनियों के हब में देश के अनेक प्रांतों से आए युवा जगह-जगह चहल कदमी करते और ग्रुप्स में चाय पर चर्चा करते मिल जाएंगे। इलेक्ट्रोनिक सिटी में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की बहुलता से प्रदूषण काफी कम है। जगह-जगह कतार में खड़ी बैटरी वाली साइकिल जो मिरेकल के नाम से जानी जाती हैं। एक ऐप के जरिए पिन प्राप्त कर कम दूरी के लिए यूज करना बड़ा आसान है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यहां गगन चुंबी इमारतें तो नहीं हैं, परंतु ऊंची-ऊंची इमारतों की भव्यता जरूर है। युवाओं और युवतियों के लिए बड़ी संख्या में पीजी मिल जाएंगे जो स्थानीय लोगों का साइड बिजनेस भी है। देश के सभी प्रांतों के युवाओं की उपस्थिति से अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, मराठी, बंगला, भोजपुरी, तमिल, तेलगु आदि भाषाओं का मिश्रण सुना जा सकता है। यहां ओला या उबर के मुकाबले रैपिडो के माध्यम से बाइक, ऑटो और कैब का प्रयोग अधिक किया जाता है। वहीं देश की दुग्ध उत्पादन की दूसरी बड़ी कंपनी नंदनी का दूध अमूल के दूध के मुकाबले काफी ज्यादा होता है। स्थानीय दुकानदार भी इसी को प्रमोट भी करते देखे जा सकते हैं। शिक्षित लोगों का क्षेत्र होने से यूपीआई से पेमेंट बहुत ज्यादा है। 75 प्रतिशत लेन-देन इसी पद्धति से होता दिखाई दे रहा है।

कैश में लेन-देन काफी कम है। छोटे खुदरा दुकानदार, फड़ वाले, रेहड़ी वाले ऑटो पेटीएम पर ही पेमेंट लेना पसंद करते हैं। आईटी हब होने के साथ-साथ दुकानों, मॉल, घरेलू काम ऑटो और कार चलाने, स्विगी, ज़मोटो, ब्लिंकिट तथा सिक्युरिटी आदि के लिए अर्द्धकुशल और अकुशल सभी तरह के श्रमिकों की मांग बनी रहती हैं। बड़ी संख्या में प्रवासी यहां काम करते देखे जा सकते हैं। काश देश के अन्य बड़े शहरों में भी इस तरह का विकास हो सके।

## सार-संक्षेप



शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल ने अपनी मां संगीता और पिता आशीष के साथ शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

### पुलिसकर्मियों को जल्द मिलेंगी आवासीय सुविधाएं

**अमृत विचार , लखनऊ** : गृह विभाग ने पुलिसकर्मियों को आवासीय सुविधाएं देने के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी दी है। कानपुर नगर के बिधनू के अंतर्गत नवीन थाना सेन पश्चिम पारा में आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 8 .27 करोड़ की स्वीकृति की गई है। इसके अलावा आगरा स्थित छीपाटोला पुलिस क्लब कॉलोनी में 96 आवासीय भवनों के लिए 35 .21 करोड़ की मंजूरी दी गई है। बिजनौर के अफजलगढ़ में टाइप बी के 48 नग आवासों की मंजूरी दी गई है। इसके लिए 22 .98 करोड़ की धनराशि जारी करने की भी संस्तुति कर दी गई है। रामपुर में अग्निशमन केंद्र के कार्मिकों के लिए भी लंबे समय से आवासीय व्यवस्था करने की मांग चल रही थी। ऐसी स्थिति में गृह विभाग ने रामपुर में आवासीय सुविधाओं के लिए 12 .82 करोड़ रुपये की संस्तुति की गई है।

### महात्मा बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय को फिर मिले 45 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ** : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि कुशीनगर में निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए शासन द्वारा 45 करोड़ रुपये की संस्तुति की है। यह विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान से उप्र . के कृषकों की आय को दुगनी करने तथा कृषि को धारणीय बनाने में सहयोग करेगा। साथ ही उन्होंने शुक्रवार को बताया कि मृदा एवं जल संरक्षण अनुसूचित जातियों के लिए नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के अंतर्गत नमामि गंगे योजना और अन्य के लिए 3 .51 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

### पुरस्कार के लिए 6 अक्टूबर तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ** : उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से न्यूनतम 03 वर्ष पुरानी स्थापित इकाइयों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में पुरस्कार देने के लिए उद्यमियों/इकाईयों और लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।। इकाइयां 06 अक्टूबर तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र प्रताप ने बताया कि संबंधित इकाई को अपना नाम, वित्त पोषण का वर्ष और उत्पादन का नाम एवं प्रकार का विवरण देना होगा। साथ ही बिक्री और रोजगार के आंकड़े भी देने होंगे। जिला स्तर पर गठित चयन समिति आवेदनों का चयन कर परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय को भेजेगी। चयनित उद्यमियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा।

### तीन अक्टूबर से शुरू होगा मिशन शक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मिशन शक्ति फेज 5 .0 के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति, सरकार द्वारा संचालित विशेष अभियान है। मिशन शक्ति फेज-5 .0 का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा आगामी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 पर किया जाएगा।

# भ्रामक आख्या लगाने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई हो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से मुख्य सचिव ने मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** भ्रामक आख्या लगाने वाले कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। शिकायतों के निस्तारण से पहले अथवा निस्तारण के समय वह एक बार आवेदक से अवश्य बात करें अथवा स्थलीय निरीक्षण करें। यह निर्देश मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए।

मुख्य सचिव ने शुक्रवार को कहा कि सभी जिलाधिकारियों द्वारा प्रतिदिन रेंडमली दो असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा की जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं गो आश्रय स्थल निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिलों में पर्याप्त मात्रा में गो आश्रय स्थल उपलब्ध हैं। एक बार पुनः शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निरीक्षण कराया जाये और शत-प्रतिशत निराश्रित गोवंश को गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाये। वहीं, पीएम सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि योजना के तहत प्रदेश में 25 लाख घरों के सोलराइजेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना में उत्तर प्रदेश को शीर्ष स्थान दिलाना है। रजिस्ट्रेशन के सापेक्ष प्लांटस के इंस्टालेशन में प्रगति लायी जाए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेन्द्र भूषण, प्रमुख सचिव पशुधन के. रवीन्द्र नायक, चैयरमैन यूपीपीसीएल आशीष कुमार गोयल, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद मनीषा त्रिघाटिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## आईपीएस जुगल किशोर का निलंबन वापस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश पुलिस में डीआईजी फायर रहे आईपीएस जुगल किशोर तिवारी को शासन ने बहाल कर दिया है। वह उन्नाव में तैनात फायर विभाग के एक सिपाही को विभागीय जांच में क्लीन चिट देने के मामले में निलंबित चल रहे थे। बता दें कि बीते 10 जुलाई को आईपीएस अधिकारी जुगल किशोर को सस्पेंड कर दिया गया था। आचरण नियमावली का पालन ना करने पर यह कार्रवाई की गई थी। आरोप था कि आईपीएस जुगल किशोर ने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर दो साल से ज्यादा छुट्टी पर रहे एक फायरमैन की को नियमों के परे जाकर लाभ पहुंचाया था।

# 53 जिलों के एआरटीओ प्रवर्तन का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▸▸ निर्धारित प्रशमन शुल्क नहीं जमा करने पर परिवहन आयुक्त की बड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार:** परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के 53 जिलों के एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए हैं। यह जानकारी अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) एक सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को उप्र. के 53 जिलों में प्राप्त नहीं किया जा सका, जिसके कारण एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोके जाने का निर्णय मुख्यालय स्तर से लिया गया है।

अपर परिवहन आयुक्त ने बताया कि मुख्यालय स्तर से लगातार निर्देश दिए जाते हैं कि प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किये जाने के लिए फील्ड में तैनात अधिकारी प्रयास करें। फील्ड में तैनात प्रवर्तन अधिकारी अपने-अपने जिलों में प्रशमन शुल्क प्राप्ति में रुचि नहीं दिखा रहे हैं जो कि शासन एवं मुख्यालय के निर्देशों की अवहेलना है।

# सेवानिवृत्तआईएएस मोहिंदर 5 अक्टूबर को ईडी में तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे थे पूर्व आईएएस अफसर

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ इकाई ने नोएडा के फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए पुनः तलब किया है। इससे पहले उन्हें बुधवार को बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे और न ही उन्होंने ईडी को कोई जानकारी दी।

बतादें कि ईडी ने छापेमारी में मोहिंदर सिंह के ठिकानों से बरामद संपत्तियों के दस्तावेजों की पड़ताल की थी। अब उनसे इन संपत्तियों में निवेश की गई रकम के स्रोत के बारे में पूछताछ हो सकती है। इसके अलावा हैसिंडा प्रोजेक्ट से संबंधित कामकाज देखने वाले अथॉरिटी के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। ईडी को उनकी कुछ बेनामी संपत्तियों की जानकारी भी मिली है। पिछले दिनों ईडी ने मोहिंदर सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

**इनसे भी होगी पूछताछ**

नोएडा अथारिटी के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहिंदर सिंह के अलावाल एचपीपीएल व क्लाउड नाइन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रहे सुरप्रीत सिंह सूरी, विदुर भारद्वाज, निर्मल सिंह, आदित्य गुप्ता, आशीष गुप्ता से भी पूछताछ की जाएगी।

## पीड़ित एससी, एसटी परिवारों को 1400 करोड़ जारी

**अमृत विचार,लखनऊ :** राज्य सरकार ने हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की पीड़िताओं को साढ़े सात वर्ष में 1447 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी है।

यह सहायता अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989) और नागरिक अधिकार संरक्षण (पीसीआर) अधिनियम के तहत सौंपी जाती है। अपराध की गंभीरता के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पीड़ितों और उनके परिवारों को जरूरत पर सरकार की तरफ से मदद मिले। केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार यह सहायता 85,000 रुपये से 8.25 लाख रुपये तक होती है।

# उप्र अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष बने बैजनाथ रावत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ 16 सदस्यों की भी हुई घोषणा, तीन महिलाएं शामिल

**अमृत विचार:** राज्य सरकार द्वारा उप्र. अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग का नया अध्यक्ष पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को बनाया गया है। आयोग में उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक बेचन राम व सोनभद्र के जीत सिंह खरवार को बनाया गया है, साथ ही तीन महिला समेत 16 सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयोग के पदाधिकारी समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति-जनजाति को जोड़ने का प्रयास भी करेंगे।

**आयोग में नियुक्त सदस्य**

मेरठ के हरेंद्र जाटव, नरेंद्र सिंह खजूरी, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह, उमेश कठेरिया, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिव नारायण सोनकर, औरेया की नीरज गौतम, लखनऊ के रमेश तूफानी, आजमगढ़ के तीजाराम, मऊ के विनय राम, गोंडा की अनिता गौतम, कानपुर के रमेश चंद्र, भदोही के मिठाई लाल, कौशाम्बी के जितेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर की अनिता कमल।

## हज के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 30 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई ने हज-2025 के लिए ऑनलाइन हज अवेदन की समय सीमा 7 दिन बढ़ा दी है। हज पर जाने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पहले 23 सितम्बर थी, जिसे बढ़ाकर अब 30 सितम्बर कर दिया गया है।

हज आवेदक हज कमेटी ऑफ़ इंडिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव / कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि अवकाश के दिनों में भी कार्यालय ऑनलाइन आवेदन भरे जाने के लिए खुला रहेगा। आवेदन के लिए प्रत्येक जिले में ई-सुविधा केन्द्र कार्यरत हैं। इसके अलावा हज समिति मुख्यालय में भी प्रत्येक दिवस में कार्यालय अवधि में हज आवेदन ऑनलाइन भरने की सुविधा है।

# किसानों को नहीं मिल रही खाद : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



अखिलेश यादव

▸▸ भाजपा आरक्षण खत्म करने के निकाल रही तरीके

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने किसानों से आय दोगुनी करने से लेकर अन्य कई बड़े-बड़े वादे किये लेकिन कोई भी वादा पूरा नहीं किया। यह सरकार किसानों को खाद-बीज और अन्य सुविधाएं भी नहीं उपलब्ध करा पा रही है। कन्नौज, मैनपुरी, सम्भल समेत अन्य जिलों के किसान डीएपी खाद और उर्वरकों के लिए भटक रहे है। डीएपी के लिए किसान दिनभर लम्बी-लम्बी लाइन में खड़े दिखाई देते है। फिर भी खाद नहीं मिल रही है।

उन्होंने कहा, प्रशासन द्वारा भेडिये की समस्या को नकारना भी किसानों व आम जन के लिए समस्या है। जंगली जानवरों के हमले में कई लोगों की जान जा चुकी है। लेकिन यह सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह उदासीन है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जब संविधान को खत्म नहीं कर पा रही है तो आरक्षण के हक को मारने के अलग-अलग तरीके निकाल रही है। भाजपा सरकार आरक्षण के मुद्दे पर जो हीलाहवाली कर रही है, उसको 90 फीसदी जनसंख्यावाला पीडीए अच्छी तरह समझ रहा है।

## वैमनस्यता फैला रहे हैं अखिलेश : भूपेन्द्र

**अमृत विचार , लखनऊः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सुर्खियां बटोरने के चक्कर में भ्रम फैलाकर जातियों के बीच वैमनस्यता और नफरत फैला रहे हैं। सपा प्रमुख के यूपी लोकसेवा आयोग की आरक्षण व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव को कुछ भी पोस्ट करने से पहले थोड़ा रिसर्च कर लेना चाहिए। चार साल पहले अखबार में छपी खबर को पोस्ट करना गैर जिम्मेदाराना है।

## ड्यूटी से नदारद रेहरा बाजार पीएचसी के प्रभारी हटाए गए

**अमृत विचार , लखनऊ :** बलरामपुर के रेहरा बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के डॉ. उत्कर्ष मिश्रा को ड्यूटी में नदारद रहने के आरोप के बाद पीएचसी से हटा दिया गया है, उनकी जगह सादुल्लाहनगर सीएचसी के डॉ. मंशा लाल को अतिरिक्त जिम्मेदारी दे दी गई है। डॉ. उत्कर्ष को मथुरा बाजार पीएचसी में स्थानान्तरित कर दिया गया है। साथ ही मामले की जाच के लिए चार सदस्यीय कमेटी कर दी गई है। मामले की जांच रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर मांगी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी चिकित्साधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## चंदौली के रामनगर औद्योगिक क्षेत्र का होगा कायाकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने अब चंदौली के रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के व्यापक कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के विकास की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। योजना के अनुसार, 53 .04 करोड़ रुपए की लागत से इस कार्य को पूरा किया जाएगा। दरअसल, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत व्यापक स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन की प्रक्रिया को पूरा करने की रूपरेखा तय की गई है। रामनगर औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग-19 से जुड़ा है और मुगलसराय रेलवे स्टेशन से लगभग 13 किमी की दूरी पर स्थित है। इसके अलावा, वाराणसी से इसकी दूरी करीब 30 किमी है, और राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर स्थित लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा, बाबतपुर, यहां से लगभग 51 किमी की दूरी पर है। यह क्षेत्र दोनों तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग-19 से जुड़ा हुआ है।, और अपनी बेहतर कनेक्टिविटी के कारण आवागमन की नजर से सुगम है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद हाटा (कुशीनगर)

पत्रांक– 378(ii)/न0पा0प0हाटा/2024–25 दिनांक– 26 सितम्बर, 2024

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद हाटा (कुशीनगर) में राज्य वित्त आयोग की धनराशि से जनहित में निम्न निम्न स्थलों पर संस्थापित वेलकम गेटों को पुर्ननिर्माण/मरम्मत कराया जाना है। लोक निर्माण विभाग/नगर पालिका परिषद/आदि के पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं दिनांक–16.10.2024 को दिन में 1 बजे तक निकाय कार्यालय पर पर आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा फार्म के साथ अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हाटा (कुशीनगर) के नाम से बंधक होगा अथवा अर्नेस्टमनी / निविदा प्रपत्र मूल्य कार्यालय में एम0ए0सी0–5 पर नगद धनराशि जमा करके रसीद संलग्न करना आवश्यक होगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को आशिक अथवा पूर्णतः निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदा से सम्बंधित नियम व शर्तो की समस्त जानकारी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (लाख रू0 में) | जमानत की धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य कर सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | हाटा देवरिया मार्ग पर संस्थापित रेट्रो रिफलेक्टिव साईन बोर्ड (वेलकम गेट) का पुर्ननिर्माण / मरम्मत कार्य। साइज (15x1.25x2 मी0) | 7.36 | 36800 | 750 | एक माह |
| 02 | हाटा कप्तानगंज मार्ग पर संस्थापित रेट्रो रिफलेक्टिव साईन बोर्ड (वेलकम गेट) का पुर्ननिर्माण / मरम्मत कार्य। साइज (16x1.25x2 मी0) | 7.80 | 39000 | 800 | एक माह |
| 03 | हाटा गौरी बाजार मार्ग पर संस्थापित रेट्रो रिफलेक्टिव साईन बोर्ड (वेलकम गेट) का पुर्ननिर्माण / मरम्मत कार्य। साइज (16x1.25x2 मी0) | 7.80 | 39000 | 800 | एक माह |
| 04 | हाटा पिपराईच मार्ग पर संस्थापित रेट्रो रिफलेक्टिव साईन बोर्ड (वेलकम गेट) का पुर्ननिर्माण / मरम्मत कार्य। साइज (12x1.25x2 मी0) | 6.93 | 34650 | 700 | एक माह |
| 05 | Repair and Painting of overhead Structure & New Signboard On NH-28 Highway Nagar Palika Seema near Bihari dhaba South Side Road | 6.40 | 32000 | 650 | एक माह |
| 06 | Repair and Painting of overhead Structure & New Signboard On NH-28 Highway Nagar Palika Seema opposite Side Bihari dhaba North Side Road | 6.40 | 32000 | 650 | एक माह |
| 07 | Supply and fixing of retro reflective Honorable members Signboard board On Welcome gate At Nagar Palika Parisad Hata NH-28 Highway | 2.08 | 10400 | 250 | एक माह |

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद, हाटा
(कुशीनगर)

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद, हाटा
(कुशीनगर)


### बदायूं, बरेली मलेरिया से और राजधानी डेंगू से हलकान

**अमृत विचार,लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग व नगर विकास विभाग के तमाम प्रयासों के बाद भी राज्य में संक्रामक रोग थम नहीं रहा है। प्रदेश में अबतक मलेरिया रोगियों की संख्या 11 हजार 21 पहुंच चुकी है, जो कि गत वर्ष 6981 मरीजों की अपेक्षा लभगभ डेढ़ गुना है। डेंगू भी अपना प्रभाव बनाए हुए है। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए दिए गए माइक्रोप्लान को सख्ती से अनुपालन कराने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में मलेरिया और डेंगू के रोगियों की लगातार बढ़ती संख्या थम नहीं रही है। शुक्रवार को सबसे ज्यादा बदायूं में 60 मलेरिया रोगी मिले हैं, सीतापुर में 36, बरेली में 31, हरदोई में 21 और लखीमपुर खीरी में सात मरीजों की पुष्टि हुई है, इसी प्रकार अधिकांश जिलों में रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालांकि राहत देने वाली है कि मलेरिया से अभी तक किसी मौत की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, राजधानी में डेंगू के 43 रोगियों की पुष्टि के साथ कुल मरीजों की संख्या 485 पहुंच गई है। कानपुर में 10 और अयोध्या में सात, इसी तरह अन्य कई जिलों में पांच से लेकर एक-एक डेंगू मरीजों की पुष्टि आज हुई है। लखीमपुर खीरी में मरीजों की संख्या 221 हो चुकी है। प्रदेश में अबतक डेंगू के 2850 केस मिल चुके हैं, हालांकि पिछले वर्ष 9635 केस की तुलना में बहुत कम है। डेंगू से मौत केवल अंबेडकरनगर में एक हुई है, जबकि गत वर्ष 12 मौतें हो चुकी थी।

### फरवरी तक खर्च हो शत-प्रतिशत बजट : धर्मपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विगत 06 माह में विभिन्न योजनाओं की अद्तन प्रगति, आवंटित बजट व व्यय विवरण की समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा 52 प्रतिशत बजट का उपयोग करने की स्थिति से अवगत होते हुए अधिकारियों को माह फरवरी, 2025 तक शत-प्रतिशत बजट के सदुपयोग करने के सख्त निर्देश दिए। कहा कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवंटित धनराशि को ससमय व्यय किया जाए और गोशालाओं के लिए आवंटित धनराशि प्रतिमाह दी जाए और गोसंरक्षण कार्यों में धनराशि के अभाव में किसी प्रकार का विलम्ब न होने पाए। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मण्डल एवं जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले पशु मेलों को और अधिक उपयोगी व सार्थक बनाया जाए।

# जाली बार कोड बना सप्लाई कर दी करोड़ों की शराब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ईडी ने मेसर्स कोऑपरेटिव कंपनी की 7.31 करोड़ की संपत्ति की जब्त

**अमृत विचार:** उत्पाद शुल्क में करोड़ों का घोटाला करने के आरोप में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय ने मेसर्स कोऑपरेटिव कंपनी लि. सहारनपुर की कृषि भूमि को जब्त कर लिया। जब्त हुई 3.345 हेक्टयर भूमि की कीमत 7.31 करोड़ है। आरोप है कि देशी शराब को एक ही गेट पास से निकाला जा रहा था, जिससे सरकार को करोड़ों के राजस्व की हानि हुई। सीसीएल पर यह कार्रवाई पीएमएलए एक्ट-2002 के तहत की गई है।

ईडी अधिकारियों के मुताबिक सीसीएल द्वारा निर्मित बेहिसाब शराब की अवैध बिक्री के लिए मेसर्स सीसीएल के निदेशकों एवं कर्मचारियों सहित अन्य के खिलाफ आईपीसी 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत एसटीएफ ने कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज कराया था। जांच में पता चला कि सीसीएल को 34.73 करोड़ का लाभ हुआ था, लेकिन उत्पाद शुल्क नहीं जमा किया गया। सीसीएल के अधिकारियों ने सीएल-2 गोदाम मालिकों के साथ मिलकर एक ही गेट पास पर अवैध रूप से निर्मित देसी शराब की आपूर्ति के लिए डुप्लिकेट जाली बार कोड और क्यूआर कोड बनाने की साजिश रची थी। इसके बाद, राज्य उत्पाद शुल्क से बचने के इरादे से शराब को बिना किसी कागजी कार्रवाई के विभिन्न शराब की दुकानों में बेच दिया गया था।

**संभावना** | मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यटन दिवस पर दी शुभकामनाएं, कहा-दुनिया को लुभा रहा उत्तर प्रदेश

# महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने के आसार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यटन दिवस पर कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के पर्यटकों को अपनी ओर लुभा रहा है। बीते साल 46 करोड़ से अधिक पर्यटक उत्तर प्रदेश आए। यूपी धार्मिक, आध्यात्मिक, हेरिटेज और ईको टूरिज्म का हब बन चुका है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अगले साल मकर संक्रांति से 26 फरवरी तक प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ 2025 के दौरान 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आएंगे।

उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक और धार्मिक परंपरा का हृदय स्थल उत्तर प्रदेश आज देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के पर्यटकों को लुभाने में सफल हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में गत वर्ष यूपी में 46 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी के अलग अलग धार्मिक आध्यात्मिक, ईको टूरिज्म या हेरिटेज टूरिज्म के साइट्स का भ्रमण किया है। ये पर्यटक यूपी के अंदर केवल पर्यटन की दृष्टि से नहीं आते बल्कि रोजगार सृजन में भी इनकी बड़ी भूमिका है।

**पर्यटकों की भूमिका शांतिदूत के रूप में हो सकती है : जयवीर सिंह**

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यूरोप व एशिया के कई देशों के बीच युद्ध जैसी स्थिति बनी है, जिससे पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं मानवता को क्षति हो रही है। इस संकट से उबरने में पर्यटकों की भूमिका शांतिदूत के रूप में हो सकती है। यही वजह है कि इस साल विश्व पर्यटन दिवस की थीम 'पर्यटन एवं शांति' है। पर्यटन मंत्री शुक्रवार को झांसी में विश्व पर्यटन दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला का उद्घाटन अवसर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के आर्थिक विकास के लिए सात जिलों झांसी, ललितपुर, जालौन, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर और बांदा का निरंतर विकास हो रहा है। प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि विश्व पर्यटन संगठन हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के रूप में मनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि लोगों को अपने आसपास के कम से कम दस पर्यटन स्थलों पर जरूर जाना चाहिए।

## एक नजर

### सहकारी बैंक में 25 करोड़ के घोटाले में दो गिरफ्तार

**इटावा, अमृत विचार :** सहकारी बैंक में धोखाधड़ी कर करीब 25 करोड़ रूपया का गबन करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक महिला सहित 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गबन के मामले में पुलिस इससे पहले 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस मामले में 9 लोग जेल भेजे जा चुके हैं। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिला सहकारी बैंक के उपमहाप्रबंधक उमेश कुमार एवं वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक जिला सहकारी बैंक इटावा राजीव त्रिपाठी ने 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी कर बैंक से करीब 25 करोड़ रूपया का गबन करने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। बताया गया है कि छानबीन के दौरान एक के बाद एक लोगों के नाम प्रकाश में आ रहे है। इसी आधार पर शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने प्रभात कुमार निवासी राजागंज भरथना व एक महिला को गिरफ्तार किया है।

### नवाब, नीलू और बुआ पर लगा गैंगस्टर एक्ट

**कन्नौज, अमृत विचार :** करीब डेढ़ महीने पहले किशोरी से दुष्कर्म में पकड़े गए सपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। जिलाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद मुख्य आरोपी नवाब, सह आरोपी नीलू यादव और पीड़िता की बुआ के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर में मामला दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि 11/12 अगस्त की रात को नवाब सिंह यादव को उनके ही कॉलेज से किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। तत्पश्चात किशोरी की बुआ की भूमिका संदिग्ध मिलने पर उसे सह आरोपी बनाया गया था। बुआ के बयानों में पाया गया कि मुख्य आरोपी के भाई नीलू ने साक्ष्यों को विलोपित करने तथा जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया। इसके लिए न सिर्फ रुपयों का प्रलोभन दिया बल्कि चार लाख रुपये भी बुआ के परिचित के खाते में भेजे गए।

# संतों को उकसाने से बाज आएं विरोधी

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. दिनेश शर्मा ने सपा पर बोला हमला

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा के बड़े-बड़े नेता योगी को लेकर संतों पर टिप्पणी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें पता नहीं है कि जहां संत हैं वहीं बसंत है। अगर संतों के एक हाथ में माला है तो दूसरे हाथ में कुछ और भी रहता है। संत हिंसक नहीं हो सकता है और ना ही सनातन परंपरा में हिंसा का कोई रोल है, लेकिन संतों पर बार-बार हो रही टिप्पणियां उचित नहीं है। ऐसे लोग संतों को उकसाने से बाज आएं। सनातन धर्म पर भी एक बोलने की सीमा है। सपाई ज्यादा अतिक्रमण न करें तो अच्छा होगा।



साकेत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा व महंत मिथिलेश नंदिनी शरण।

राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा साकेत महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के संयुक्त तत्वावधान में साकेत महाविद्यालय के सभागार में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि इतिहास के साक्ष्य से ही राम मंदिर निर्माण सुनिश्चित हुआ है। पहले दिन कार्यक्रम में 10 प्रान्तों से आये 200 इतिहासकार शामिल हुए। आयोजन समिति के सचिव और

**कहा- संतों के एक हाथ में माला तो दूसरे में होता है कुछ और**

राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्रो. डॉक्टर प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय परंपरा को लोगों में जागृत करना और उनमें इतिहास वेद पुराण उपनिषद पर्यावरण सभी के प्रति ऐसे भाव को जागृत करना कि वह अपने पुरातन संस्कृति और परंपरा को जान सके। कार्यक्रम में पूरे भारत से 200 से अधिक इतिहासकार आए हैं। इसमें मुख्य रूप से केके मोहम्मद साहब आए हैं जो कि राम जन्मभूमि में प्राप्त अवशेषों की उन्होंने पुर्नव्याख्या की थी और इस आधार पर सिद्ध किया गया कि यहां पर राम का मंदिर था।

## फर्जी अफसर बन मेडिकल स्टोरों पर वसूली में 3 गिरफ्तार

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई**

**अमृत विचारः** फर्जी स्वास्थ्य अधिकारी बनकर मेडिकल स्टोर से वसूली करने के मामले में पुलिस ने एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार गंज जलालाबाद निवासी राकेश सहित अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों ने तहरीर में कहा कि सूरज तिवारी निवासी नेवादा परस एक महिला व तीन अज्ञात के साथ 25 व 26 सितंबर को उनकी दुकानों पर पहुंचे और खुद को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बताया। आरोप है कि फर्जी अधिकारियों ने दुकानदारों को डरा धमका कर वसूली कर रहे हैं। हम लोगों के मेडिकल स्टोर पर 25 सितंबर व 26 सितंबर को फर्जी स्वास्थ्य विभाग का स्वयं को अधिकारी बताकर डरा धमकाकर मेडिकल स्टोर संचालकों से वसूली कर रहे हैं। उनके साथ में एक महिला सहित तीन अज्ञात लोग भी शामिल हैं। गौरी चौराहे पर अवधेश की दुकानों पर अवैध पैसों की मांग की। इसके बाद चक हनुमान चले गए तो शक हुआ। दुकानदारों ने पीछा कर पूछा तो पत्रकार बता कर मेडिकल स्टोर चेक करने का अधिकार बताया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि इन दिनों जिले में वसूली करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। विकासखंड के ग्राम ताजपुर, सुरसा, खजुरहरा, बधिया, भिरिया सहित दो दर्जन से अधिक स्कूलों में गुरुवार और शुक्रवार को एक तथाकथित पत्रकार वसूली करने जाता है।

## राहुल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में सुनवाई 7 को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** विशेष समुदाय पर 11 साल पूर्व अभद्र टिप्पणी के मामले में आरोपी विपक्ष के नेता और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में शुक्रवार को परिवादी के गवाह के न आने के कारण सुनवाई टल गई। परिवादी मोहम्मद अनवर का बयान दर्ज किया जा चुका है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख सात अक्टूबर की नियत की है। परिवादी मोहम्मद अनवर ने राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दाखिल कर आरोप लगाया है कि इन्दौर जिले में 24 अक्टूबर 2013 को एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने समुदाय विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की।

## प्रदेश की बर्बादी के लिए सपा व बसपा जिम्मेदार : केशव प्रसाद

**मझवां, मिर्जापुर**

**अमृत विचारः** जिले के मझवां विधानसभा में ग्राम चौपाल एवं अनुसूचित जाति मोर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान केशव प्रसाद मौर्य ने सपा-बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में आने वाली मूलभूत जरूरतों को मुहैया कराने के लिये सरकार कटिबद्ध है और बिना किसी भेदभाव के सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर वृद्धावस्था पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड के पांच-पांच लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व कार्ड का वितरण किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण असीम अरुण, राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल के मंच पर पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, भदोही सांसद विनोद बिंद, सदर विधायक रत्नाकर मिश्रा, मड़िहान विधायक रमा शंकर सिंह पटेल, चुनार विधायक अनुराग सिंह, छानबे विधायक रिंकी कोल, एमएलसी विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

## 30 हजार घूस लेते पकड़ा गया लिपिक

**हरदोई, अमृत विचारः** नवीन गल्ला मंडी पहुंची एंटी करप्शन की टीम ने मंडी समिति के क्लर्क को 30 हज़ार रिश्वत लेते रंगेहाथों दबोच लिया। इसका पता होते ही फर्मों के मालिक, आढ़तियों और व्यापारियों में हड़कंप मच गया। घूस लेते हुए पकड़े गए मंडी समिति के क्लर्क को कोतवाली देहात ले जाया गया जहां उससे पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि शुक्रवार को हो रही बारिश के बीच एंटी करप्शन की टीम नवीन गल्ला मण्डी पहुंची और वहां मण्डी समिति के क्लर्क अरुणेंद्र गौतम निवासी पिहानी को 30 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद टीम अपने साथ लेकर रवाना हो गयी। वहीं मंडी समिति में अफरातफरी का माहौल रहा।

# सपा-बसपा ने निषादों को ठगने का काम किया : प्रवीण निषाद

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचारः** जिले के कटेहरी विस उपचुनाव को लेकर पार्टियां लगातार तैयारी में जुटी हुई हैं। शुक्रवार को निषाद पार्टी ने कटेहरी में प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया। बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण निषाद ने कहा कि उनकी पार्टी 2017 व 2022 में कटेहरी विधानसभा का चुनाव लड़ी थी, इसलिए 2024 का उपचुनाव भी उन्हीं की पार्टी लड़ेगी।



कटेहरी बाजार में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रवीण निषाद का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यक्रम के आयोजक बृजेन्द्र त्रिपाठी।

निषाद पार्टी द्वारा कटेहरी बाजार के एक मैरिज लॉन मे आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन बृजेन्द्र त्रिपाठी के संयोजन में हुआ। प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रवीण निषाद ने सपा और बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने केवल निषादों को ठगने का काम किया हैं। जब से निषाद पार्टी बनी है तब से वंचितों, पिछड़ों को उनका सम्मान मिल रहा हैं। उन्होंने कहा भाजपा ने धारा 370 हटाने और राम मंदिर बनवाने का काम किया है। भाजपा सरकार निषाद राज का भव्य स्मारक बनवा रही हैं। प्रवीण निषाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में गठबंधन सभी सीटे जीतेगी। कटेहरी विधानसभा का चुनाव निषाद पार्टी ने लड़ा था, वहीं 2024 में होने वाले उपचुनाव को भी वह लड़ेगी।

## पर्वों पर चलेंगी छह हजार विशेष ट्रेनें

**संवाददाता, नई दिल्ली**

**अमृत विचारः** दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल इस वर्ष 6000 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच होगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक हर साल त्योहारों पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है।

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ के दौरान लाखों यात्री सफर करते हैं। दो माह की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6000 से अधिक फेरे लगाएंगी और बड़ी संख्या में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाएंगी।



पिछले वर्ष भी भारतीय रेल ने बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया था। इन ट्रेनों ने कुल 4429 फेरे लगाए थे।

## जीएम ने कई मुद्दों पर किया मंथन

**संवाददाता, नई दिल्ली**

**अमृत विचारः** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे प्रोमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन की कार्यकारी समिति की बैठक में प्रतिभाग किया। उत्तर रेलवे प्रोमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस नई दिल्ली में महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, अजय कुमार सिंघल, अपर महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे के सम्मुख बैठक हुई। बैठक में प्रोमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अखिल भारतीय अध्यक्ष अमित जैन, जितेंद्र कुमार, महासचिव, श्यामलाल वाधवा/दिल्ली अध्यक्ष व अन्य



बैठक में अहम मुद्दों पर मंथन करते रेल अधिकारी।

वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस मौके पर जीएम व सिंघल ने एसो. से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। यह जानकारीजनसंपर्क अधिकारी कुलतार सिंह ने दी।

## तेंदुए के हमले में किशोरी और किसान घायल

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** जिले में अब तेंदुए का भय भी व्याप्त हो गया है। जंगल से सटे दो गांवों में तेंदुए ने किसान व किशोरी को हमला कर घायल कर दिया। बालिका को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। गुरुवार रात सबसे पहले धर्मापुर रेंज के हरखापुर गांव में तेंदुआ पहुंच गया। उसने खेत में काम कर रहे किसान मधु सूदन (35) पर हमला कर दिया। वहीं सुजौली थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरवा गांव निवासी सायबा (14) गुरुवार रात घर के बाहर सो रही थी। रात 10 बजे के आसपास तेंदुए ने बालिका पर हमला कर दिया। बालिका के शोर मचाने पर परिजनों की नींद खुली। सभी ने शोर मचाकर तेंदुए को वहां से भगाया। घायल किशोरी को सीएचसी मोतीपुर लाया गया।

## कुशाग्र हत्याकांड में सुनवाई 5 को

**कानपुर, अमृत विचारः** कुशाग्र हत्याकांड में एडीजी 17 की कोर्ट में एक बार फिर जिरह हुई। शुक्रवार को सुनवाई में कुशाग्र के घटनाक्रम पर चर्चा हुई। केस की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर है। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया पीडब्ल्यू वन में संभवतः 5 अक्टूबर को आखिरी जिरह होगी। बता दें कि कानपुर के आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की 30 अक्टूबर 2023 को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी।

## कानपुर में पार्षद पर घर में घुसकर जानलेवा हमला

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में चुनावी रंजिश के चलते पिता-पुत्र ने साथियों के साथ मिलकर पार्षद के घर में घुसकर कुल्हाड़ी और चापड़ से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल के पास से चापड़ और साबड़ बरामद किया है। पार्षद ने आरोपितों के खिलाफ काकादेव थाने में तहरीर दी है।

शास्त्री नगर निवासी वार्ड- 69 सरोजिनी नगर के पार्षद अरविंद यादव ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह कार्यालय जाने के लिये निकल रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले पिता-पुत्र गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने साथियों के साथ कुल्हाड़ी और चापड़ से हमला कर दिया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े तो सभी भाग निकले।


## वर्ग पहेली-205

**बाएं से दाएं**

1. 1. निगोड़ा का स्त्रीवाची रूप 2. एक गाली के रूप में प्रयुक्त।
5. 1. बादल; मेघ 2. वह वंशज जो पितरों को जल देकर तृप्त करता है।
8. घरों में पानी भरने वाला और इससे प्राप्त पारिश्रमिक से जीविका चलाने वाला सेवक; पनहरा।
10. 1. मुद्राचलन; प्रचलित मुद्रा; सिक्का 2. किसी देश विशेष में प्रचलित मुद्रा या धन व्यवस्था।
11. 1. पुराने समय में बच्चों को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की टोपी जिसमें चार तनियाँ या बंद लगे होते थे 2. अँगिया; चोली।

**ऊपर से नीचे**

2. एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका तिलक प्राय: वैष्णव लोग लगाते हैं।
3. राक्षस; असुर; दानव।
4. 1. आँख का एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आँखें चौंधिया जाती हैं और कभी अँधेरा
6. 1. आटे का पतला हलवा; लपटा 2. लेई 3. गाढ़ा तरल पदार्थ।
7. 1. समाप्त होना; बाकी न रहना 2. अदा कर दिया जाना।
9. 1. (रामायण) कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न राजा दशरथ के पुत्र 2. दुष्यंत और शकुंतला का पुत्र भरत जिसके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा 3. एक प्रसिद्ध मुनि जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं 4. लवा या भारद्वाज पक्षी।




### वर्ग पहेली -204 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 धों | | | 2 अ | | 3 थे |
| धा | | 4 अ | नु | रा | ग |
| | 5 नि | | भ | | ली |
| | 6 शि | ला | व | त | |
| | | | ही | | 7 म |
| | 8 ज् | ञा | न | यो | ग |
| | | | ता | | ही |

## सुडोकू -118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | 7 | | 5 | 1 |
| | 4 | | | 8 | | | | 9 |
| | | 3 | | 2 | | 6 | | 7 |
| | 9 | | 4 | | | | | 6 |
| | 7 | 2 | | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | | | 5 | | 7 | |
| 3 | | 9 | | 4 | | 8 | | |
| 1 | | | | 3 | | | 4 | |
| 7 | 2 | | 6 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 117 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 14.49 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेषा 29 सितंबर 03.38 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज आत्मग्लानि जैसी महसूस हो तो मित्रों से बात करें वो आपका मनोबल बढ़ाएंगे। अपनी तरक्की को लेकर आशंकित रहेंगे। कर्मचारियों के ऊपर काम का काफी दबाव हो सकता है। खाली समय में कोई उपन्यास और कहानी आदि पढ़कर समय बिता सकते हैं।

**वृष** — आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**मिथुन** — आज आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। बैंकिंग से जुड़े लोगों को काफी काम करना पड़ेगा। जॉब में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। परिवार में मंगल कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं।

**कर्क** — आज मनोनुकूल नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको प्राप्त हो सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं को खरीद सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे, लेकिन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें।

**सिंह** — आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बातचीत के माध्यम से परेशानी सुलझाने का प्रयास करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। आत्ममनन और विश्लेषण में समय जरूर लगाएं।

**कन्या** — आज लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। काफी प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। थोड़ी सी मेहनत में अच्छा परिणाम अर्जित करेंगे। घर पर अच्छा समय बिताएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद भाग्यशाली रहने वाला है।

**तुला** — आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छाशक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे। आप लोगों के बीच प्रेरणा बनकर उभर सकते हैं। जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज बच्चों को नैतिक शिक्षा देंगे। साझेदारी के कार्यों के लिए समय उत्तम है। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से शाबाशी मिल सकती है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल होंगे।

**धनु** — आज आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निश्चित करने का प्रयास करें। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है।

**मकर** — आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपको उच्च अधिकारियों का सहयोग मिल सकता है। व्यवसाय और करियर में स्थायीत्व देखने को मिलेगा। बिल्डर्स अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर आश्वस्त रहेंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना भाव अच्छा रखें।

**कुंभ** — आज आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। एकाग्रता के साथ मेहनत करेंगे तो परिणाम अवश्य ही अच्छे मिलेंगे। व्यापार में नया अनुबंध हो सकता है।

**मीन** — आज आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने में आपका ध्यान रहेगा। आपके मन का बोझ घटेगा। जॉब के लिए इंटरव्यू का बुलावा आ सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक भोजन और ताजे फलों का सेवन करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
पुलिस और मुजरिम — सुबह : 09.20
सिंह इज ब्लिंग — रात : 07.00

**&pictures**
इंडियन — सुबह : 10.39
द ताशकंद फाइल्स — रात : 08.00

**Sony Pix**
सैन एंड्रियास — दोपहर : 12.00
जर्नी 2 — रात : 07.45

**Zee Cinema**
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 10.26
फुकरे 3 — शाम : 04.54

**Colors Cineplex**
रावण राज — सुबह : 10.48
सूर्या द सोल्जर — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम : 04.54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- बच्चों आई लव यू का आविष्कार किस देश में हुआ?
चिंटू (स्टूडेंट)- चीन में।
टीचर- वह कैसे?
स्टूडेंट- मैम, इसमें चीनी गुण हैं, न कोई गारंटी, न कोई वारंटी। चले तो जिदंगी भर, न चले तो घंटे भर।

कर्मचारी- सर बहुत बारिश हो रही है, आंधी आ रही है, लग रहा है आज तूफान आएगा, क्या आज छुट्टी ले सकता हूं?
बॉस- खुद ही सोच लो किससे दिनभर बेइज्जती करानी है, मुझसे या पत्नी से?
कर्मचारी- ठीक है सर, मैं आ रहा हूं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 85,571.85 | 26,178.95 |
| गिरावट | 264.27 | 37.10 |
| प्रतिशत में | 0.31 | 0.14 |

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900

## सर्राफा

लखनऊ


| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,650 |
| सोना रवा | 77,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर आधार पर 7% की दर से बढ़ेगी : सीईए

## मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कीमतों पर वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी

कोलकाता, एजेंसी

केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए यह वृद्धि दर सराहनीय है। बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि वास्तविक रूप से अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कीमतों पर (नॉमिनल) वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी।



● वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद ही अच्छी उपलब्धि : नागेश्वरन


नागेश्वरन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद अच्छी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जबकि विश्व मध्यम अवधि की अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है और वैश्विक व्यापार धीमा पड़ रहा है, भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरना सरकार द्वारा अपनाई संतुलित राजकोषीय तथा मौद्रिक नीतियों के दम पर मजबूत हो गया है।

### चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं

नागेश्वरन ने कहा कि घरेलू बाजारों और बैंकिंग प्रणाली की अच्छी स्थिति से देश के चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं है। वृहद संकेतक स्थिरता का संकेत देते हैं। पूंजीगत व्यय में भारी बदलाव आया है, जीडीपी के मुकाबले बाह्य ऋण का अनुपात कम हुआ है और खुदरा मुद्रास्फीति कम हुई है। उन्होंने कहा कि इन सभी कारणों से देश की ऋण प्रणाली को उन्नत करने की आवश्यकता है।

# डेरिवेटिव्स : शेयर के दर में बदलाव पर लाभ का अवसर

इक्विटी डेरिवेटिव्स वित्तीय बाजारों में मुख्य भूमिका निभाते हैं, जो निवेशकों को शेयरों के मूल्य में बदलाव के आधार पर लाभ उठाने का अवसर देते हैं। ये ऑप्शंस और फ्यूचर्स, निवेशकों को अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने में मदद करते हैं। हालांकि, इनके साथ उच्च जोखिम भी जुड़ा होता है, जिसमें मार्केट उतार-चढ़ाव और समय सीमाएं शामिल हैं। सही जानकारी और रणनीति के साथ, डेरिवेटिव्स निवेशकों के लिए प्रभावशाली साधन बन सकते हैं, लेकिन सावधानी और ज्ञान जरूरी है। आइए इस पर नजर डालें...



**मार्केट वॉच :** इक्विटी डेरिवेटिव्स का मतलब शेयर बाजार में उपयोग होने वाले डेरिवेटिव्स की निगरानी करना। डेरिवेटिव्स ऐसे वित्तीय अनुबंध हैं जिनकी कीमत किसी अन्य संपत्ति, जैसे कि शेयरों, पर निर्भर करती है।

### निवेश के लाभ

**हेजिंग :** डेरिवेटिव्स का उपयोग निवेशक पोर्टफोलियो को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, पुट ऑप्शंस का उपयोग करके वे संभावित नुकसान से बच सकते हैं।

**लिवरेज :** डेरिवेटिव्स से निवेशक छोटी पूंजी के साथ बड़ी मात्रा में शेयरों का नियंत्रण पा सकते हैं। इससे संभावित लाभ बढ़ता है, लेकिन जोखिम भी बढ़ाता है।

**रिटर्न का विविधीकरण :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न रणनीतियों के माध्यम से रिटर्न उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि स्ट्रैडल या स्ट्रैंगल ऑप्शंस।

### ऑप्शंस और फ्यूचर्स

**फ्यूचर्स :** ये अनुबंध हैं जिनमें दो पक्ष एक निश्चित तिथि पर एक निश्चित मूल्य पर शेयरों का आदान-प्रदान करने के लिए सहमत होते हैं।

**ऑप्शंस :** ये अनुबंध किसी को एक तय कीमत पर तय समय में शेयरों को खरीदने (कॉल) या बेचने (पुट) का अधिकार देते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

**उच्च जोखिम :** डेरिवेटिव्स का उपयोग लिवरेज के माध्यम से होता है, जिससे लाभ के साथ नुकसान भी बढ़ सकता है। एक छोटे मूल्य परिवर्तन से बड़े नुकसान हो सकते हैं।

**जटिलता :** डेरिवेटिव्स के कई प्रकार और रणनीतियां होती हैं, जिनका समझना और सही से उपयोग करना चुनौतीपूर्ण होता है। गलत निर्णय लेने पर नुकसान हो सकता है।

**मार्जिन कॉल :** यदि बाजार आपके खिलाफ है, तो आपको मार्जिन खाते में अतिरिक्त पूंजी जमा करने के लिए कहा जा सकता है, जिससे वित्तीय दबाव बढ़ सकता है।

**कम लागत :** शेयरों की सीधी खरीदारी की तुलना में, डेरिवेटिव्स खरीदने की लागत आमतौर पर कम होती है, जिससे छोटे निवेशक भी भाग ले सकते हैं।

**सामरिक निवेश :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न सामरिक निवेश दृष्टिकोणों के लिए किया जा सकता है, जैसे कि कवरिंग शॉर्ट पोजीशंस या रिवर्स स्ट्रैटेजीज।

**लचीलापन :** डेरिवेटिव्स में कई प्रकार के अनुबंध होते हैं, जिससे निवेशकों को जोखिम सहिष्णुता और निवेश लक्ष्यों के अनुसार रणनीति बनाने की सुविधा मिलती है।

**ऑनलाइन रिसर्च :** विभिन्न वित्तीय वेबसाइटों जैसे कि याहू फाइनेंस, ब्लूमबर्ग और मनी कंट्रोल पर डेरिवेटिव्स से संबंधित जानकारी और अपडेट्स मिल सकते हैं।

**पुस्तकें :** वित्तीय बाजारों और डेरिवेटिव्स पर पुस्तकें पढ़ना अच्छा तरीका है। इनमें सिद्धांत, रणनीतियां और वास्तविक जीवन के उदाहरण शामिल होते हैं।

**कोर्स और वेबिनार :** कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कोरसेरा, यूडेमी और ईडीएक्स डेरिवेटिव्स पर पाठ्यक्रम देते हैं।

**ब्रोकर और वित्तीय सलाहकार :** ब्रोकर या वित्तीय सलाहकार से सलाह लेना भी अच्छा विकल्प है। वे व्यक्तिगत सलाह और मार्गदर्शन कर सकते हैं।

**मार्केट रिपोर्ट्स :** विभिन्न वित्तीय संस्थान और शोध संस्थान नियमित रूप से मार्केट वॉच रिपोर्ट्स जारी करते हैं। इनका अध्ययन करना भी सहायक होता है।

**ग्रुप्स :** निवेशक फोरम और सोशल मीडिया समूहों में अनुभव साझा कर सकते हैं और सवाल पूछ सकते हैं।

# एनएसई और बीएसई ने प्रभावी लेनदेन शुल्क किया संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

● संशोधित दरें एक अक्टूबर से होंगी प्रभावित, सेबी की समान शुल्क अनिवार्यता पर उठाया गया कदम

प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई ने शुक्रवार को नकद और वायदा एवं विकल्प सौदों के लिए लेनदेन शुल्क में संशोधन किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा शेयर बाजार समेत बाजार अवसंरचना से जुड़े संस्थानों के सदस्यों के लिए एक समान शुल्क संरचना अनिवार्य करने के बाद यह कदम उठाया गया।

शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में कहा कि संशोधित दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। बीएसई ने इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में सेंसेक्स और बैंकेक्स विकल्प अनुबंधों को लेनदेन शुल्क को संशोधित कर 3,250 रुपये प्रति करोड़ प्रीमियम कारोबार किया है। इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में अन्य अनुबंधों के लिए लेनदेन शुल्क अपरिवर्तित रहेगा। सेबी ने जुलाई में बाजार अवसंरचना संस्थानों (एमआईआई) के शुल्कों के बारे में एक परिपत्र जारी किया था।

# नवाचार में भारत ऊंचाइयों पर वैश्विक सूची में 39वां स्थान

नई दिल्ली, एजेंसी

● लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 133 देश शामिल, 2015 में 81वें व गत वर्ष 40 में स्थान पर था भारत

देश में नई प्रौद्योगिकी और प्रक्रियाओं के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के बढ़ते प्रयास के साथ भारत लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2024 में 133 देशों की सूची में भारत 39वें स्थान पर है। भारत 2015 में इस सूची में 81वें स्थान और पिछले साल 40 में स्थान पर था।

सूचकांक में भारत मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है। 2024 की सूची में स्वीटजरलैंड, स्वीडन और अमेरिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सूची में नवाचार की दृष्टि से शीर्ष 10 देश में क्रमशः सिंगापुर, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड, नीदरलैंड ,जर्मनी और डेनमार्क है। 10 देश में सभी उच्च आय वर्ग के देश हैं। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व से प्रेरित होकर, भारत ने ये उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।

## क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्री समूह का गठन

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय मंत्री समूह का गठन किया है। यह मार्च 2026 में क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर कर पर निर्णय करेगा। मंत्री समूह (जीओएम) में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और बंगाल के सदस्य हैं। यह 31 दिसंबर तक परिषद को रिपोर्ट सौंपेगा।जीएसटी में विलासिता व अहितकर वस्तुओं पर 28% कर के अलावा कई दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 692.30 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर पहुंचा था।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव होता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर रहा।



● 2.84 अरब डॉलर की बढ़ोतरी गत सप्ताह 22.3 करोड़ डॉलर की हुई थी वृद्धि



# आतंकवाद को कुचल देगा भारत : योगी

## जम्मू कश्मीर में बोले मुख्यमंत्री, पाकिस्तान समर्थित आतंकियों को दी चेतावनी

जम्मू, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में हिंसा भड़काने के किसी भी प्रयास से आतंकवादियों खात्मा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जो आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा बल्कि उसे कुचल देगा, दफना देगा।

योगी ने उधमपुर जिले के रामनगर की रैली में कहा कि भारत आतंकवाद को कतई सहन नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति पर है। यदि पाकिस्तान के समर्थन से कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके पास न तो ओढ़ने को कफन होगा और न ही दफनाने के लिए दो गज जमीन होगी।



उधमपुर के रामनगर में रैली में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को डबल इंजन सरकार मॉडल की सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यदि आप डबल इंजन सरकार का उदाहरण देखना चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश में राम मंदिर है, जो 500 साल बाद बनाया गया। जब हमने राम मंदिर की प्रक्रिया शुरू की तो कुछ लोगों ने कहा कि यदि राम मंदिर का फैसला आया और निर्माण शुरू हुआ तो खून की नदियां बहेंगी। हमने कहा कि यह नया भारत है, जहां सुरक्षा सर्वोच्च है। योगी ने दावा किया कि साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश में दंगे की एक भी घटना नहीं हुई है। उन्होंने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर आतंकवाद को बढ़ावा देकर राजनीतिक लाभ के लिए जम्मू-कश्मीर का शोषण करने का भी आरोप लगाया।

### कश्मीर ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना



**जम्मू।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना किसी हिंसा के चुनाव हो रहे हैं क्योंकि लोगों ने शांति एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवा मुख्यधारा में शामिल हो गये हैं। जम्मू पहुंचे नड्डा ने कहा कि दो चरणों में मतदान शांतपूर्ण रहा। पिछले चुनावों के विपरीत इस बार कोई हिंसा, गोलीबारी या आतंकवादी हमला नहीं हुआ। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवाओं ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है। 370 के निरसन से पहले, हर साल 300-400 युवा आतंकी संगठनों में शामिल होते थे और आतंकवादी घोषित किए जाते थे।

## पुलवामा में आतंकियों के छह सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में पुलिस ने हथियार और गोला-बारूद के साथ आतंकियों के छह सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विशेष सूचना मिली थी कि जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तान निवासी आतंकवादी ऐसे युवाओं को चिह्नत करने के प्रयास कर रहे हैं। इस मॉड्यूल का हिस्सा रहे युवकों की पहचान की गई। यह बात सामने आई कि पाकिस्तान निवासी आतंकवादी ने जेल में बंद ओजीडब्ल्यू की मदद से कई युवकों को चिह्नत किया था जो अवंतीपोरा और कुलगाम के त्राल क्षेत्र में आतंकवादी रैंकों में शामिल होने के लिए प्रेरित थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से पांच आईईडी, 30 डेटोनेटर, आईईडी के लिए 17 बैटरियां, दो पिस्तौल, तीन मैगजीन, 25 गोलियां, चार हथगोले और 20 हजार नकद मिले हैं।

### रेवाड़ी में चुनावी रैली के दौरान शाह ने राहुल गांधी से पूछा

# क्या एमएसपी का मतलब जानते हैं

रेवाड़ी, एजेंसी

किसानों के हितों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह एमएसपी का मतलब भी जानते हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीद रही है।

अमित शाह ने रेवाड़ी में चुनावी रैली में भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा। अमित शाह ने किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ एनजीओ ने राहुल बाबा से कहा है कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के नाम पर उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने पूछा कि राहुल बाबा आप एमएसपी का पूरा नाम जानते हैं? क्या आप ये भी जानते हैं कि कौन-सी रबी की फसल है और कौन-सी खरीफ की फसल है? शाह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार एमएसपी पर 24 फसलें खरीद रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के कांग्रेस नेता बताएं कि कौन सा कांग्रेस शासित राज्य इतनी फसलें खरीद रहा है। शाह ने पूछा कि कर्नाटक और तेलंगाना में एमएसपी पर कितनी फसलें खरीदी जा रही हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान धान की खरीद 1300 रुपये प्रति क्विंटल थी लेकिन अब 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर है और अगर आप हरियाणा में भाजपा की सरकार चुनते हैं तो हम 3,100 रुपये (प्रति क्विंटल) पर धान खरीदेंगे। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मोदी सरकार है जिसने वन रैंक वन पेंशन की लंबित मांग को पूरा किया है। भाजपा ने हरियाणा में एक समान विकास किया है और 10 साल में भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें कट, कमीशन और भ्रष्टाचार के आधार पर चलती थीं जबकि डीलर, दलाल और दामाद राज करते थे।



● गृहमंत्री ने भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

● बोले- हरियाणा सरकार एमएसपी पर खरीद रही है 24 फसलें

## एक नजर

### महाकाल मंदिर के सामने की दीवार ढही, दो की मौत

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में शुक्रवार शाम भारी बारिश से महाकाल मंदिर के सामने महाराजवाड़ा स्कूल भवन की दीवार का हिस्सा ढहने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। उज्जैन के जिलाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि भारी बारिश के कारण महाराजवाड़ा स्कूल की दीवार का एक हिस्सा ढह गया, जिसके नीचे चार लोग दब गए।

### निविदा घोटाला में ईडी ने की 22 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने पंजाब में कथित निविदा घोटाले से जुडे धन शोधन मामले की जांच में 22 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। इस मामले में पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता भारत भूषण आशु गिरफ्तार है। अनंतिम आदेश के तहत मामले में शामिल लोगों की लुधियाना, मोहाली और खन्ना में अचल संपत्तियों के अलावा सावधि जमा, आभूषण और बैंक खातों को भी कुर्क किया गया है। ईडी ने कहा कि संपत्तियों का कुल मूल्य 22.78 करोड़ है।

### शिवसेना (यूबीटी) युवा शाखा ने विवि सीनेट चुनाव जीता

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे यूबीटी) की आदित्य ठाकरे के नेतृत्व वाली इकाई युवा सेना ने शुक्रवार को मुंबई विवि के सीनेट चुनाव में दस में से आठ सीट जीत लीं। शेष दो सीट पर भी जीत की ओर अग्रसर है। विवि के अधिकारी ने बताया कि मतगणना जारी है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद 10 सीटों के लिए चुनाव 24 सितंबर को हुआ था।

# सरोगेसी विकल्प चुनने वालों को मातृत्व-पितृत्व अवकाश

भुवनेश्वर, एजेंसी

● केंद्र के बाद अब ओडिशा सरकार ने लिया फैसला

ओडिशा सरकार ने बच्चे के जन्म के लिए सरोगेसी का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को मातृत्व और पितृत्व अवकाश देने का निर्णय लिया है। राज्य वित्त विभाग की अधिसूचना के अनुसार, महिला कर्मचारी 180 दिन जबकि पुरुष 15 दिन का अवकाश ले सकेंगे। सरोगेट और जैविक माताओं तथा पिता दोनों को यह लाभ मिलेगा।

केंद्र सरकार द्वारा सरोगेसी से माता-पिता बनने वाले अपने कर्मचारियों का मातृत्व और पितृत्व अवकाश बढ़ाने के फैसले के बाद राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया। अधिसूचना में बताया गया कि राज्य की कोई भी सरकारी महिला कर्मचारी, जिसके दो से कम जीवित बच्चे हों और जो सरोगेट मां बनती है तो वह 180 दिनों का मातृत्व अवकाश लेने की पात्र होगी। जैविक मां का मतलब ऐसी मां से है, जो अपने अंडे का उपयोग किसी अन्य महिला में भ्रूण प्रतिरोपित कराने के लिए करती है।

## अब जगन्नाथ मंदिर में भी महाप्रसाद की गुणवत्ता की होगी जांच

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने पुरी के जगन्नाथ मंदिर के महाप्रसाद और घी के लिए गुणवत्ता जांच तंत्र स्थापित करने का फैसला किया है। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि 12वीं शताब्दी के मंदिर में महाप्रसाद तैयार करने में प्रयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए खाद्य निरीक्षक नियुक्त किया जाएगा। सभी वस्तुओं की रोशाशाला मंदिर की रसोई में भेजने से पूर्वी और महाप्रसाद अर्पित करने के बाद गुणवत्ता जांच की जाएगी।

# प्रधानमंत्री के एकाधिकार मॉडल ने एमएसएमई को किया तबाह : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन लीं तथा सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) को तबाह कर दिया है। राहुल ने पिछले दिनों जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात की थी और आज इसका वीडियो एक्स पर साझा किया।

राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि जम्मू - कश्मीर के एक युवा स्टार्टअप मालिक की आंखों में निराशा भारत के अधिकांश उद्यमियों और छोटे - व्यवसाय मालिकों के संघर्ष को दर्शाती है। मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन ली हैं, एमएसएमई को तबाह कर दिया है और लोगों को अवसरों से वंचित कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि खराब जीएसटी और नोटबंदी जैसी नीतियों से छोटे और मध्यम उद्योगों पर व्यवस्थित हमले ने उत्पादक से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। इस दर पर हम न तो चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और न लोगों के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं।



● लोस में नेता प्रतिपक्ष ने जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात का वीडियो एक्स पर किया साझा

## सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसलों के सारांश के साथ वेब पेज किया शुरू

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अपने महत्वपूर्ण निर्णयों का सारांश उपलब्ध कराने को नया वेब पेज शुरू किया है। इस संबंध में कहा गया कि वेब पेज लैंडमार्क जजमेंट समरीज नागरिकों के लिए सुविज्ञ सूचना देने, कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और कानून के साथ सार्वजनिक जुड़ाव को बढ़ाने के अदालत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों को समझना आसान बनाता है।

इसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के फैसले देश भर में सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। इसलिए न्यायालय अपने निर्णयों को सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाने के महत्व को पहचानता है। हालांकि, जटिल कानूनी भाषा और लंबे फैसले नागरिकों को न्यायालय के काम और निर्णयों को समझने में बाधा बन सकते हैं, और यहां तक कि महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में गलत धारणाएं भी पैदा हो सकती हैं। वेब पेज पर सार्वजनिक हित के महत्वपूर्ण फैसलों की वर्ष-वार सूची शामिल है।

## बिहार में स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव किया, जिससे पेंट्री कार सहित तीन कोच की खिड़कियों के शीशे टूट गए। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने बताया कि बीती रात नौ बजकर 50 मिनट पर जब स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर से नई दिल्ली-ट्रेन संख्या 12561) समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास पहुंची तभी कुछ बदमाशों ने ट्रेन पर पथराव किया।

# लालू प्रसाद और उनके परिजन ने अवैध लाभ प्राप्त किया : ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

### नौकरी के बदले जमीन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत से कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिजनों ने रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन के रूप में अवैध लाभ अर्जित किया। ईडी ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दायर अपने पूरक आरोपपत्र में ये दलीलें दीं। अदालत ने 18 सितंबर के आदेश में प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को तलब किया था, जिन्हें एजेंसी ने नामित नहीं किया है।

न्यायाधीश ने कहा कि अदालत को प्रथम दृष्टया और समन के चरण में जांच के मानक के मद्देनजर यह निष्कर्ष निकालने के लिए आधार मिलता है कि तेज प्रताप यादव भी अधिग्रहण और अपराध की आय छिपाने में शामिल थे और इस प्रकार तलब किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं। जज ने प्रसाद, उनके दोनों बेटों और अन्य को सात अक्टूबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

## एमसीडी की रिक्त सीट भाजपा ने जीती

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर शुक्रवार को निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। भाजपा उम्मीदवार सुंदर सिंह को पार्टी के सभी 115 पार्षदों के वोट मिले, जबकि आप की निर्मला कुमारी को कोई वोट नहीं मिला। स्थायी समिति दिल्ली नगर निगम के संबंध में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। इस चुनाव परिणाम के साथ भाजपा के पास अब समिति में 10 सदस्य हैं।

# भारत माता की जय का नारा नफरती नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी

● कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- यह राष्ट्रीय एकता को देता है बढ़ावा



कर्नाटक हाईकोर्ट ने विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच शत्रुता को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधानों का दुरुपयोग करने की निंदा करते हुए ''भारत माता की जय'' नारा लगाने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को भी रद कर दिया है।

कर्नाटक के उल्लाल तालुक के निवासियों पर भारत माता की जय के नारे लगाने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए के तहत मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने इस नारे को घृणा भाषण या धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त नहीं माना। यह फैसला धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भाषण की परिभाषा को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने अपने फैसले में कहा कि यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए का अभूतपूर्व दुरुपयोग है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 153ए के तहत आरोप साबित करने के लिए आवश्यक कोई भी तत्व इस मामले में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह मामला धारा 153ए का क्लासिक दुरुपयोग है और यह केवल एक प्रतिकार के रूप में दर्ज किया गया था। भारत माता की जय का नारा लगाना किसी भी तरह से धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा नहीं देता है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है।

## खेल डायरी

### चोटिल जॉश हल पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉश हल क्वाड चोट के कारण अक्टूबर में वाले पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय हल ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने ओवल में तीसरे टेस्ट में तीन विकेट लिए थे। इसी टेस्ट मैच के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओ ने हल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में नहीं जोड़ा है। पाकिस्तान दौरे के लिए क्रिस वोक्स, मैथ्यू पॉट्स, ओली स्टोन, गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार हैमस्ट्रिंग चोट के कारण कप्तान बेन स्टोक्स के सा अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी करने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट शृंखला सात अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होगी और 15 अक्टूबर को दूसरे टेस्ट भी उसी मैदान पर खेला जायेगा। जबकि तीसरा टेस्ट 24 अक्टूबर को रावलपिंडी में होगा।

### त्रिसा-गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में, श्रीकांत हारे

**मकाऊ।** भारत के किदांबी श्रीकांत शुक्रवार यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए लेकिन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। मई में लगी चोट से वापसी कर रहे छठे वरीय श्रीकांत पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के निग का लॉग एंगस के खिलाफ लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे और महज 31 मिनट में 16-21 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री की तीसरी वरीय जोड़ी ने महिला युगल क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की छठी वरीय सु यिन हुई और लोन जिह युन की जोड़ी को 21-12 21-17 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भारतीयों में अब बस त्रिसा और गायत्री की जोड़ी की ही चुनौती बची है। सेमीफाइनल में उनका सामना सिएह पेई शान और हुंग एन जु की चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा। यह जोड़ी मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 में भी अंतिम चार में पहुंची थी।

### शुभंकर की स्पेन ओपन में निराशाजनक शुरुआत

**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां 2024 डीपी विश्व टूर पर स्पेन ओवन टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 74 के स्कोर से अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की। अपने खेल की शरुआत बैक नाइन से करते हुए शर्मा ने पहले दो होल में डबल बोगी और बोगी कर दिया। वह इसके बाद 15वें होल में भी बोगी कर बैठे। इससे उनका स्कोर चार ओवर हो गया। शुभंकर को अब कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### प्राणवी और त्वेसा की फ्रांस में औसत शुरुआत

**इयूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे ओपन डी फ्रांस शुरुआती दौर में एक ओवर 72 के समान कार्ड के साथ औसत प्रदर्शन किए। बारिश के कारण ये दोनों भारतीय खिलाड़ी संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर है। प्राणवी चार बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी जबकि ने त्वेसा ने चार बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाए। इंग्लैंड की बेल वार्डले, स्थानीय खिलाड़ी एम्मा ग्रेची और फॉर्म में चल रही कर्स्टन रुडगेली तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### युवराज संधू ताइपे में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**ताइपे।** भारत के युवराज संधू ताइवान में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार आगाज किया। उन्होंने आखिरी सात होल में पांच बर्डी और एक बोगी लगाकर 65 का कार्ड खेला। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई (आठ अंडर 64) से एक शॉट पीछे है। चीनी-ताइपे के वांग वेई-ह्वान सात अंडर 65 का कार्ड खेल संधू के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज के अलावा टूर्नामेंट में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। अजितेश संधू (67) और करणदीप कोचर (67) संयुक्त छठे स्थान पर हैं जबकि शिव कपूर (68) संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। राशिद खान (70) संयुक्त 46वें, गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 67वें कट में जगह बनाने की दौड़ में है। एसएसपी चौरसिया (75) संयुक्त 128वें, एस चिक्कारंगप्पा (76) संयुक्त 137वें और वरुण चोपड़ा (82) संयुक्त 150वें के लिए कट में प्रवेश करना मुश्किल होगा।

# बारिश बनी बाधा, धुला डेढ़ सत्र

## दूसरे टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश ने 166 मिनट में तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 107 रन

- **शुरूआती दो विकेट की सफलता आकाशदीप ने दिलाई, अश्विन को मिला एक विकेट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में पहले दिन शुक्रवार को बारिश बड़ी बाधा बनी रही। पहले दिन का डेढ़ सत्र का खेल बारिश में धुल गया। सुबह पहले सत्र में तो बारिश नहीं हुई, लेकिन सत्र समाप्त होते ही बारिश शुरु हो गई।

भारत को दोनों सफलता आकाशदीप ने दिलाई। भोजन के बाद के दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने अपना तीसरा विकेट खोया। इस सत्र में अभी कुल 9 ओवर का ही खेल हो सका था कि तेज बारिश फिर बाधा बनी। तेज बारिश देखकर अंपायर्स ने खेल खत्म करने की घोषणा कर दी। पहले दिन 166 मिनट का ही खेल हो सका। बांग्लादेश ने पहली पारी में 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बनाए।

पहले दिन का मैच बारिश के कारण डेढ़ घंटे देरी से शुरु हुआ। टॉस जीतकर टीम इंडिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जसप्रीत बुमराह व मो. सिराज की गेंदों का सामना करने में बांग्लादेश की ओपनर जोड़ी जाकिर व शादमान परेशान नजर आए। इसके बाद एक छोर पर अश्विन और दूसरे छोर पर आकाशदीप को लाते ही सफलता मिली। पारी के नौवें ओवर में आकाश दीप ने अपने पहले ओवर की तीसरी ही गेंद पर जाकिर हसन को (0) पर चलता किया। इसके बाद 29 रन के स्कोर पर आकाशदीप ने शादमान को बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद मोमिन उल हक के साथ कप्तान नाजमुल शांतो सधे अंदाज में रन जुटाते रहे और खेल को पहले सत्र के अंत तक ले गए। पहले सत्र में कुल 26 ओवर डाले गए। बांग्लादेश ने लंच तक 2 विकेट खोकर 74 रन बना लिए थे। तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। लंच के बाद 29वें ओवर में अश्विन ने मेहमान कप्तान नाजमुल शांतों को 31 रन पर एलबीडब्ल्यू करके तीसरी सफलता दिलाई।

### स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश (पहली पारी) 107/3 35 ओवर**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश दीप | 0 | 24 | 0/0 |
| शदमन इस्लाम पगबाधा आकाश दीप | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 40 | 81 | 7/0 |
| नजमुल हसन शंटो पगबाधा अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम नाबाद | 6 | 13 | 1/0 |

अतिरिक्त: 6, विकेट पतन: 1-26, 2-29, 3-80

गेंदबाजी : बुमराह 9-4-19-0, सिराज 7-0-27-0, अश्विन 9-0-22-1, आकाश दीप 10-4-34-2



ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे सत्र के दौरान हुई बारिश के बाद मैदान को किया कवर। ● एजेंसी



## कानपुर टेस्ट के दौरान बेसुध हुआ बांग्लादेशी प्रशंसक

**कानपुर।** कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को खेल के दौरान ग्रीनपार्क स्टेडियम परिसर में उस समय अफरातफरी मच गई जब बांग्लादेश टीम का एक प्रशंसक बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक कुमार पांडे ने बताया कि टाइगर नामक एक बांग्लादेशी नागरिक आज स्टेडियम परिसर में गेट नंबर सात के पास बेसुध होकर गिर गया जिसे तुरंत उठाकर मीडिया गैलरी में लाया गया और प्राथमिक उपचार दिया गया। क्रिकेट प्रशंसक के बेहोश होने की वजह उमस भरी गर्मी बताई जा रही है। उसकी हालत अब ठीक है मगर एहतियात के तौर पर उसके साथ सहायता के लिए एक कर्मी की नियुक्ति की गई है। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट मे कहा गया था कि सड़क पर टाइगर के वेश में एक युवक के साथ स्थानीय खेल प्रशंसको ने मारपीट की है। पांडे ने बांग्लादेशी प्रशंसक के साथ मारपीट की घटना को महज अफवाह करार देते हुए कहा कि वह अब बिल्कुल दुरुस्त है।

### विहिप ने किया टेस्ट सीरीज का विरोध

**कानपुर।** बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को लेकर विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को यहां शुरु हुए भारत बांग्लादेश मैच के दौरान ग्रीनपार्क स्टेडियम के निकट विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू शृंखला का विरोध कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान विहिप कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प भी हुई। पुलिस ने लाठियां चलाई तो कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम का नारा लगाया और सड़क पर बैठ कर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे।

## मेदवेदेव ने बीजिंग में मोनफिल्स को हराया, अल्काराज एकतरफा जीते

बीजिंग, एजेंसी

डेनियल मेदवेदेव चीन ओपन के शुरुआती दौर में शुक्रवार को यहां फ्रांस के अनुभवी गेल मोनफिल्स की मुश्किल चुनौती से पार पाने में सफल रहे। रूस के इस तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 92 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं, कार्लोस अल्काराज ने पहले दौर में जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड के खिलाफ सीधे सेट में 6-4, 6-4 से एकतरफा जीत हासिल की।

लकी लूजर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले रोमन सफीउलिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका को हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 6-3 6-4 से जीत दर्ज की। वह अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में छठी



वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को चीन की वाइल्ड कार्ड धारक झांग शुआई ने 75 मिनट में 6-4, 6-2 से हराया। हुबर्ट हुर्काज तोक्यो में दूसरे दौर में अमेरिकी ओपन सेमीफाइनलिस्ट जैक ड्रेपर से हार गए। टेलर फ्रिट्ज और कैस्पर रूड पहले ही बाहर हो गए है। बेन शेल्टन भी मारियानो नवोन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

## श्रीलंका ने बनाया 602 का बड़ा स्कोर

गाले, एजेंसी

कामिंडू मेंडिस (नाबाद 182), दिनेश चांदीमल (116), कुसल मेंडिस (नाबाद 106) की शतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच विकेट पर 602 रन बनाने के बाद पारी घोषित करने के बाद न्यूजीलैंड के 22 रन पर दो विकेट चटकाते हुए मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

श्रीलंका ने कल के तीन विकेट पर 306 रन से आगे खेलते हुए अभी 22 रन ही जोड़े थे कि ग्लेन फिलिप्स ने एंजलो मैथ्यूज (88)को आउट कर पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका का पांचवां विकेट 402 रन पर धनंजय डीसिल्वा (44) के रूप में गिरा। कप्तान धनजय डी सिल्वा के आउट होने के बाद मैदान पर आए कुसल

- **कामिंडू मेंडिस ने खेली नाबाद 182 रनों की पारी चांदीमल और कुसल ने भी जड़े शतक**



शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन करते कुसल ● एजेंसी

ने 148 गेंद का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। कुसल ने टेस्ट करियर का 10वां शतक जड़ा। शतक पूरा करने के लिए मेंडिस ने छह चौके और तीन छक्के लगाए। कुसल ने कामिंदु मेंडिस के साथ छठे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की। कामिंडू मेंडिस ने 250 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 182) रनों की पारी खेली। श्रीलंका ने दूसरे दिन 602 रन पर पारी घोषित की। कामिंदु मेंडिस (नाबाद 182) और कुसल मेंडिस (106) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने तीन विकेट लिये। वहीं टीम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में टॉम लेथम (2) का विकेट गवां दिया।

## ड्वेन ब्रावो ने सभी प्रारूपों से संन्यास लिया, मेंटोर बनकर केकेआर से जुड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर जुड़ेंगे जिससे चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ उनका लंबे समय तक चला जुड़ाव खत्म हो गया।

विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की



- **वेस्टइंडीज के हरफनमौला ने छोड़ दिया चेन्नई का साथ**

जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो को चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बीच में ही हटना पड़ा था। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21 साल यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना सपना इसलिए जी सका क्योंकि मैंने इस खेल को हर कदम पर शत प्रतिशत दिया। उन्होंने कहा मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहूंगा, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है।

## चोट ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप

सोनीपत, एजेंसी

भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गये हैं।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, उसके लिए हमारे पास चार साल हैं। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी।

### यह साल चोटों से भरा रहा है, नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा

सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा। तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है। भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे, लेकिन इस बार हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।



## बॉलीवुड हलचल



### फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत टॉप लेवल के एक अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। रजनीकांत जहां एनकाउंटर स्पेशलिस्ट हैं। वहीं अमिताभ भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है। वेट्टैयन 10 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### पुष्पा 2: द रूल के सेट पर पहुंचे एसएस राजामौली

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली पुष्पा 2 द रूल के सेट पर पहुंचे और निर्देशक सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाईं। इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 द रूल के धमाकेदार टीजर और गानों के रिलीज के साथ, यह फिल्म वास्तव में सबसे बड़ा फिनोमेना बन चुकी है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सबके बीच, निर्देशक एसएस राजामौली ने पुष्पा 2 द रूल के सेट पर दौरा किया और सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाई। इन दोनों निर्देशकों के बीच इस आइकोनिक मुलाकात का पल कैद करते हुए, टीम ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा सेट्स से एक आइकोनिक तस्वीर #पुष्पा, भारतीय सिनेमा का गर्व <bha>@</bha>एसएस राजामौली ने सबसे बड़े मास फिल्म- #पुष्पा2 द रूल के सेट पर दौरा किया। पुष्पा 2 द रूल का प्रदर्शन 6 दिसंबर 2024 को विश्वभर के सिनेमाघरों में होने वाला है। इस फिल्म को सुकुमार ने निर्देशित किया है और इसे माइट्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फ़हद फासिल शामिल हैं। संगीत टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

### एक्टर नहीं बनना चाहती हैं नव्या नवेली नंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नातिन और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। नव्या नवेली नंदा शोबिज़ का हिस्सा नहीं हैं। इसके बावजूद, नव्या का बहुत बड़ा फैनबेस है। उनका पॉडकास्ट, व्हाट द हेल नव्या? अपने दो सफल सीज़न के साथ हिट रहा है। नव्या अपने पिता निखिल नंदा के नक्शेकदम पर चल रही हैं और अपने फैमिली बिजनेस में शामिल हो गई हैं। नव्या नवेली नंदा हाल ही में इंडिया टुडे मुंबई कॉन्क्लेव 2024 में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने बताया है कि वह एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से उनकी पसंद का है। चाहे मैं किसी भी बैकग्राउंड से आती हूं, मैं हमेशा से यही करना चाहती थी। मैं उन सभी अवसरों के लिए आभारी हूं जो आज मेरी रियलिटी हैं। भारत में कई लोगों के लिए ये रियलिटी नहीं है. मैं कभी भी एक्टिंग नहीं करना चाहती थी। नव्या नवेली नंदा ने ये भी बताया कि आईआईएम अहमदाबाद में दाखिला लेने के बाद उन्होंने ट्रोलिंग से कैसे डील किया था।

## अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगा भारत

**थिम्पू।** आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम शनिवार को यहां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारतीय टीम को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखने की उम्मीद है जिसने बांग्लादेश को 1-0 और मालदीव को 3-0 से शिकस्त दी तथा ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

नेपाल ने भूटान के खिलाफ अपने अंतिम मैच में आखिर में किए गोल की बदौलत जीत हासिल कर ग्रुप बी तालिका में पाकिस्तान के बाद दूसरा स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं पाकिस्तान का सामना शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा। भारत को अपने मुकाबलों के बीच काफी आराम मिला जिसमें सेमीफाइनल की तैयारी के लिए उन्हें पूरे तीन दिन मिले।

## डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में भारत ने छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बूते सऊदी अरब के दम्मम में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर प्रतियोगिता में छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान हासिल किये। इससे भारत ने सात रजत और 14 कांस्य पदक भी अपने नाम किए।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा कि प्रतियोगिता में टेबल टेनिस की दिग्गज टीमों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल नहीं थे लेकिन देश के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लड़कियों के अंडर-19 वर्ग में भारत की सुहाना सैनी, तनीषा कोत्चा, सयाली वानी और प्रीथा वर्तिका ने क्लीन स्वीप किया। लड़कों की अंडर-19 स्पर्धा में अंकुर

- **लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान किए हासिल**

भट्टाचार्जी ने रजत जीता जबकि पीबी अभिनंद और जोश मोदी ने कांस्य पदक अपनी झोली में डाले। वहीं लड़कों की अंडर-17 श्रेणी में प्रियानुज भट्टाचार्य को चीनी ताइपे के लियू शिह-मिंग से करीबी अंतर से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि अभिनंद ने एक और कांस्य पदक हासिल किया। एम हंसिनी ने सिंड्रेला दास को हराकर लड़कियों का अंडर-17 फाइनल जीता तो दिव्यांशी बोमिक और जेनिफर वर्गीज ने क्रमशः कांस्य पदक जीते। लड़कों की अंडर-15 श्रेणी में भारत के सार्थक आर्य ने कांस्य पदक हासिल किया और वहीं लड़कियों की इसी श्रेणी में काव्या भट्ट, हंसिनी, सिंड्रेला और दिव्यांशी ने क्लीन स्वीप किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## रोमांचकारी लहरें



समुद्री हलचल के बीच ऊंची लहरे अक्सर रोमांचित करती हैं। इंग्लैंड के काउंटी डरहम के सीहैम हार्बर में शुक्रवार को लाइटहाउस से लहरें टकराईं जिन्हें कैमरे में कैद किया गया। एजेंसी

## अमेरिका में भारतीय मूल के न्यायाधीश के खिलाफ मामला दर्ज

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में अपने चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के उद्देश्य से खुद के बारे में गलत जानकारी देने के लिए फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायाधीश केपी जॉर्ज को गुरुवार शाम को जेल भेज दिया गया। फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायिक रिकॉर्ड के अनुसार, न्यायाधीश के तौर पर अपने चुनाव के दौरान मतदाताओं को रिझाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर फैलाई गई गलत जानकारी से जुड़े कदाचार के लिए शाम 7:17 बजे जॉर्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक बयान में कहा गया है कि उन्हें निजी मुचलके पर जेल से रिहा किया गया, साल 2022 में अपने चुनाव अभियान के दौरान, जॉर्ज ने दावा किया था कि वह नस्लवादी और जेनोफोबिक हमलों के शिकार हुए थे।

# हिजबुल्ला के मुख्यालय पर दागी मिसाइलें

## दो की मौत, 50 घायल, एक के बाद एक विस्फोट से बड़ी संख्या में इमारतें हुईं ध्वस्त

**बेरूत, एजेंसी**

इजराइली सेना ने शुक्रवार को बेरूत में हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर एक के बाद एक कई मिसाइलें दागीं। इससे वहां काफी संख्या में इमारतें ध्वस्त हो गईं, हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल हो गए। आसमान में नारंगी तथा काले रंग के धुएं का गुबार छा गया।

लेबनान की राजधानी के दक्षिणी उपनगरों में ये हमले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के कुछ ही समय बाद हुए। नेतन्याहू ने अपने संबोधन में संकल्प लिया कि हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल का अभियान जारी रहेगा। उनकी टिप्पणियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थित युद्ध विराम की उम्मीदों को और कम कर दिया। इजराइल के तीन प्रमुख टीवी चैनलों के अनुसार हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह को निशाना बनाने के लिए ये हमले किए गए। हालांकि सेना ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि इसने आवासीय इमारतों के नीचे स्थित



### नेतन्याहू ने स्वदेश लौटने का लिया निर्णय

**तेल अवीव।** इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने लेबनान की घटनाओं के मद्देनजर अमेरिका से स्वदेश लौटने का निर्णय लिया। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने इजरायल के लिए उड़ान ली है। इससे पहले दिन में आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल ने कहा कि बेरूत में हिजबुल्लाह के मुख्य मुख्यालय पर एक सटीक हवाई हमला किया, जो पड़ोस के दहियाह के केंद्र में आवासीय भवनों के नीचे स्थित है। सेना ने हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन यह प्रयास विफल रहा।

### सात दिन में 700 की गई जान

**यरूशलम।** लेबनान में इस सप्ताह इजराइल के हमलों में करीब 700 लोग मारे गये हैं। इजराइल ने लेबनान पर यह कहते हुए हमले तेज कर दिये हैं कि वह हिजबुल्ला की सैन्य क्षमताओं और उसके वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बना रहा है।

### हजारों लोगों ने सीमा पार की

**दमिश्क।** लेबनान में इजराइल हमले से बचने के लिए लगभग 42 हजार लोग सीरिया में प्रवेश कर चुके हैं। जदीदत याबूस सीमा को पार कर आने वालों में 31 हजार सीरियाई और 11 हजार लेबनानी नागरिक शामिल हैं।

## एक नजर

### प्रख्यात लेखक व कवि केकी एन दारूवाला का निधन

**नई दिल्ली।** अंग्रेजी के मशहूर कवि और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी केकी एन दारूवाला का लंबी बीमारी और निमोनिया के बाद 87 वर्ष की आयु में दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनकी बेटी अनाहिता कपाड़िया ने बताया कि उन्हें एक साल पहले स्ट्रोक हुआ था और तब से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। स्ट्रोक से जुड़ी समस्याएं थीं, लेकिन इस बार स्ट्रोक नहीं पड़ा था, बल्कि निमोनिया से उनकी मृत्यु हुई। लघु कथाओं के लिए भी प्रसिद्ध दारूवाला के परिवार में दो बेटियां अनाहिता और रूकवेन, दामाद और चार नाती-नातिन हैं। अंतिम संस्कार शुक्रवार को शाम 4:30 बजे खान मार्केट के निकट पारसी आरामगाह में किया जाएगा।

### हैरी पॉटर में काम कर चुकीं अभिनेत्री मैगी का निधन

**लंदन।** हैरी पॉटर और डाउनटन एबे में अपने किरदार से पहचान बनाने



वाली अभिनेत्री मैगी स्मिथ का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मैगी स्मिथ ने 1969 में 'द प्राइम ऑफ मिस जीन ब्रॉडी' के लिए ऑस्कर जीता और 'डाउनटन एबे' में विधवा 'काउंटेस ऑफ ग्रांथम' के रूप में 21वीं सदी में एक बार फिर प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई। उन्हें अक्सर उस पीढ़ी की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश अभिनेत्री माना जाता था, जिसमें वैनेसा रेडग्रेव और जूडी डेन्च भी शामिल थीं।

### यूक्रेन को आठ अरब डॉलर की सैन्य सहायता की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को यूक्रेन के लिए लंबी दूरी के हथियारों और एक अतिरिक्त पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली सहित लगभग आठ अरब डॉलर मूल्य की सैन्य सहायता की घोषणा की। व्हाइट हाउस से जारी बयान में यह जानकारी दी गयी।

### चीन की परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी डूबी

**वॉशिंगटन।** उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चला है कि परमाणु ऊर्जा से संचालित चीन की निर्माणाधीन हमलावर पनडुब्बी घाट के पास डूब गई। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# जयशंकर ने प. एशिया, यूक्रेन का उठाया मुद्दा

## विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस और महासभा अध्यक्ष यांग से की मुलाकात

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से अलग-अलग मुलाकात की तथा विविधता में एकता, शांति एवं मानव कल्याण के यांग के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए पश्चिम एशिया और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष का मुद्दा उठाया। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं और उन्होंने गुरुवार को महासभा के सत्र से इतर गुतारेस और यांग से मुलाकात की।

जयशंकर ने कहा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ बात करना हमेशा खुशी की बात होती है। विश्व के नेताओं ने सर्वसम्मति से भविष्य का समझौता को अंगीकार किया, जिसमें 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार करने का वादा किया गया तथा इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया। वे सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने के लिए इसे विस्तारित करने पर भी सहमत हुए। जयशंकर ने एक पोस्ट में कहा न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिलकर खुशी हुई। विविधता में एकता, शांति, मानव कल्याण और हर जगह सभी के लिए गरिमा के उनके दृष्टिकोण को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। जयशंकर ने मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलट्टी के साथ भी गर्मजोशी भरी पहली बैठक की और हमारे द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति पर चर्चा की।



विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग के साथ।

### संयुक्त राष्ट्र में नेतन्याहू ने कहा- उन्हें अन्य नेताओं के झूठ का खंडन करने के लिए यहां आना पड़ा

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत में इसी मंच से किये गए झूठे दावों का खंडन करने के लिए वह यहां आए हैं। नेतन्याहू ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल की धरती पर हुए हमास के हमले के प्रति अपने देश की जवाबी कार्रवाई का बचाव किया। हमास के हमले की प्रतिक्रिया में चलाये गए इजराइली सैन्य अभियान ने गाजा पट्टी को तहस-नहस कर दिया। इस साल मैं यहां नहीं आना चाहता था। मेरा देश अपना अस्तित्व बचाने के लिए युद्ध लड़ रहा है। लेकिन जब मैंने, कई वक्ताओं द्वारा इस मंच से मेरे देश पर लगाए गए झूठे आरोप और (उसकी) बदनामी को सुना, तो मैंने यहां आना पड़ा।

### ब्रिटेन ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन किया है। स्टॉर्मर से पहले अमेरिका और फ्रांस के नेताओं ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया था। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन के दौरान, स्टॉर्मर ने वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली को अधिक उत्तरदायी बनाने के लिए सुनिश्चित सुधारों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यूएनएससी में भारत, जापान, ब्राजील और जर्मनी को स्थायी सदस्य बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही निर्वाचित सदस्यों के लिए और अधिक सीटें बढ़ानी चाहिए।

### पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा, कहा- भारत कर रहा सैन्य विस्तार

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना संबोधन में एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया और भारत पर बड़े पैमाने पर सैन्य क्षमता का विस्तार करने व पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर कब्जा करने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार करने की धमकी देने का आरोप लगाया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने मांग की कि भारत को 2019 में जम्मू- कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले को वापस लेना चाहिए। उन्होंने भारत पर अपनी मुस्लिम आबादी को अधीन करने और इस्लामी विरासत को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। पाकिस्तान नियमित रूप से संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक संबोधन में कश्मीर मुद्दा उठाता रहा है। उम्मीद है कि भारत शरीफ के आरोपों के विरोध के लिए अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है। शरीफ ने कहा कि फिलिस्तीन के लोगों की तरह, जम्मू-कश्मीर के लोगों का भी अपनी आजादी और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए लंबे समय से संघर्ष जारी है। शरीफ ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के भारत के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए भारत को अगस्त 2019 के एकतरफा और अवैध कदमों को वापस लेना होगा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा प्रस्तावों तथा कश्मीरी लोगों की इच्छाओं के अनुरूप जम्मू कश्मीर के मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत शुरू करनी होगी।

# मेरा भारत को बाहर करने का एजेंडा कभी नहीं था: मुइज्जू

**माले, एजेंसी**

- मालदीव के राष्ट्रपति ने कहा- राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति थी गंभीर समस्या

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को बाहर करने (इंडिया आउट) के किसी भी एजेंडे से इनकार करते हुए कहा कि उनके राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति द्वीपीय देश के लिए एक गंभीर समस्या थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने गुरुवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम डीन्स लीडरशिप सीरीज में सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

मालदीव के समाचार पोर्टल अधाधू डॉट कॉम ने उनके हवाले से कहा हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे। यह भारत को बाहर करना (इंडिया आउट) नहीं है। मालदीव के लोगों को अपने देश में विदेशी सेना की उपस्थिति से एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था।



### तनावपूर्ण हो गए थे संबंध

भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने भारत से कहा था कि वह देश द्वारा उपहार में दिए गए तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहे लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले।

### कहा- नेता हो या आम व्यक्ति किसी का भी अपमान बर्दाश्त नहीं

मालदीव के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करने के लिए मालदीव के उपमंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। माइज्जू ने कहा कि मैंने स्पष्ट संदेश दिया था कि वह किसी का भी इस तरह अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे वह नेता हो या कोई आम व्यक्ति। हर इंसान की अपनी प्रतिष्ठा होती है। इस साल की शुरुआत में मालदीव के युवा मंत्रालय के उप मंत्रियों को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने की वजह से निलंबित कर दिया गया था।

# कई राज्यों के सर्वेक्षणों में ट्रंप से आगे हैरिस

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किया गया नया सर्वेक्षण



अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एरिजोना, मिशिगन और पेंसिल्वेनिया जैसे कई राज्यों में अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से आगे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में यह जानकारी दी गई।

यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किए गए नये सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस मिशिगन में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से बढ़त बनाए हुए हैं। यूमास लोवेल पॉलिटिकल साइंस के 'असिस्टेंट प्रोफेसर और सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के एसोसिएट डायरेक्टर रोड्रिगो केस्ट्रो कॉर्नेजो ने कहा इस राज्य के सर्वेक्षण में उपराष्ट्रपति का बढ़त बनाना उनके लिए अच्छी खबर है। कॉर्नेजो ने कहा अगर ट्रंप इस अंतर को कम करना चाहते हैं तो उन्हें ग्रेट लेक्स स्टेट में मजबूती से लड़ना होगा। अमेरिका में एरिजोना, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, इलिनोइस, इंडियाना, मिनिसोटा, न्यूयॉर्क, ओहायो और विस्कॉन्सिन को ग्रेट लेक्स स्टेट कहते हैं।

### पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन

यूमास लोवेल सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के सर्वेक्षण के अनुसार, पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का जबकि ट्रंप को 46 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है। फॉक्स न्यूज के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस अपने प्रतिद्वंदी ट्रंप से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, लेकिन एरिजोना में वह पीछे हैं। इसके अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस को 51 प्रतिशत जबकि ट्रंप को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार, एरिजोना में ट्रंप हैरिस से लगभग इतने ही अंतर से आगे हैं। उन्हें 51 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है, जबकि हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है।

## चर्च में यौन शोषण के मामलों को लेकर पोप की आलोचना

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने कैथोलिक चर्च में यौन शोषण की घटनाओं को छिपाने की भयावह परिपाटी को लेकर पोप फ्रांसिस पर निशाना साधते हुए इस सिलसिले में ठोस कदम उठाने तथा पीड़िताओं के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की है। प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने शुक्रवार को फ्रांसिस की यात्रा की शुरुआत के मौके पर यह बात कही।

क्रू का भाषण, पोप की किसी विदेश यात्रा के दौरान उनपर अब तक दिए गए सबसे तीखे भाषणों में से एक था, जबकि राजनयिक प्रोटोकॉल के अनुसार सार्वजनिक भाषणों से आक्रोश को दूर रखा जाता है। राजा फिलिप ने भी फ्रांसिस के लिए कड़े शब्दों का इस्तमाल किया था और उन्होंने चर्च से प्रायश्चित करने व पीड़ितों को उबारने में मदद करने के लिए अनवरत काम करने की मांग की थी।

# अमेरिका के चार राज्यों में हेलेन तूफान से 30 की मौत

**क्रॉफोर्डविले (अमेरिका), एजेंसी**

- तूफान की रफ्तार 225 किमी प्रति घंटा रही, शहरों में भारी तबाही

अमेरिका के चार राज्यों में हेलेन तूफान से मरने वालों की संख्या कम से कम 30 तक पहुंच गई है। ये मौत फ्लोरिडा, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलिना और दक्षिण कैरोलिना में हुईं। फ्लोरिडा और पूरे दक्षिण-पूर्वी अमेरिका में शुक्रवार को हेलेन तूफान ने भारी तबाही मचाई। तूफान ने गुरुवार की देर रात जब फ्लोरिडा के बिग बेंड ग्रामीण क्षेत्र में दस्तक दी तब इसकी अधिकतम गति 225 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

वहीं फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के तट पर दस्तक देने से भारी तूफानी लहरें उठी और लाखों उपभोक्ताओं के घरों में बिजली गुल हो गई। बाढ़ग्रस्त घरों में फंसे लोगों को बचाने के लिए शुक्रवार को आपातकालीन दल यहां पहुंचा। तूफान ने गुरुवार की देर रात बिग बेंड ग्रामीण क्षेत्र में 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से निरंतर हवाओं के साथ मछुआरों के गांव और छुट्टी मनाने के ठिकाने में दस्तक दी और उत्तरी कैरोलिना तक बाढ़ आ गई। इस बीच जॉर्जिया के एक प्रांत में लगभग पूरी तरह से बिजली गुल रही।



## कनिष्क विस्फोट की जांच की मांग वाली याचिका की निंदा

**ओटावा।** कनाडा में भारतीय मूल के एक प्रमुख सांसद ने 1985 में एअर इंडिया उड़ान 182 में हुए बम विस्फोट की नए सिरे से जांच की मांग वाली याचिका की आलोचना की तथा आरोप लगाया कि यह खालिस्तानी चरमपंथियों के षड्यंत्र सिद्धांतों को बढ़ावा देने वाला है। याचिका में जांच की मांग इसलिये की गयी है ताकि किसी विदेशी खुफिया एजेंसी की संलिप्तता का पता लगाया जा सके। मॉन्ट्रियल-नई दिल्ली एअर इंडिया कनिष्क उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। विमान में सवार अधिकतर लोग भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख चरमपंथी उग्रवादियों पर लगाया गया था।

# किशोर उम्र का प्रेम और अपराध कानूनी तौर पर ग्रे एरिया : कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- किशोरी भागने के बाद अभिभावकों के दबाव में बदल देती हैं बयान



दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि किशोर वय का प्रेम और इस तरह के अपराध कानूनी तौर पर अस्पष्ट क्षेत्र (लीगल ग्रे एरिया) के तहत आते हैं और यह बहस का विषय है कि क्या इसे अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जहां 17 साल से अधिक उम्र की लड़कियां अपनी पसंद के पुरुषों के साथ भाग जाती हैं और जब वे पकड़ी जाती हैं, तो लड़की के माता-पिता उन्हें पुलिस के सामने बयान बदलने के लिए मजबूर करते हैं।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि पुलिस ऐसे बयान भी बाद के चरण में दर्ज करती है, जो पहले के बयानों के बिल्कुल विपरीत होते हैं। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दर्ज किए गए अधिकांश बयान भी धारा 161 के तहत पीड़िता द्वारा दिए गए पहले के बयानों के अनुरूप नहीं होते हैं, जो विरोधाभासी है।' अदालत ने कहा कि किशोर वय के प्रेम और ऐसे अपराध कानूनी रूप से अस्पष्ट क्षेत्र में आते हैं और यह बहस का विषय है कि क्या इसे वास्तव में अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। यह अदालत फिलहाल इस समय कोई टिप्पणी नहीं कर रही है कि अपराध याचिकाकर्ता (आरोपी) द्वारा किया गया है या नहीं।'हाईकोर्ट ने 17 साल की लड़की के अपहरण के आरोपी 22 वर्षीय व्यक्ति को जमानत दे दी। याचिकाकर्ता 19 अप्रैल, 2022 से हिरासत में है और आरोपपत्र दायर किया गया है।

नाबालिग लड़की के पिता ने जनवरी 2022 में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने उनकी बेटी को गुमराह किया और उसे अपने साथ लेकर चला गया। इसके बाद मार्च 2022 में लड़की को बचाया गया।

## खगोल विज्ञान


### ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास का रहस्य खोल सकती है आकाशगंगा

# जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप ने खोजी प्राचीन आकाशगंगा

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड के अभिन्न अंग आकाशगंगा है। इनके निर्माण को लेकर कई प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। जिसे समझने के लिए अंतरिक्ष दूरबीन वेब ने एक ऐसी प्राचीन आकाशगंगा खोज निकाली है, जो आकाशगंगाओं की उत्पत्ति, विकास अथवा निर्माण में प्रकाश डाल सकती है। नई खोज के अनुसार खोजी गई आकाशगंगा बेहद अजीब है। जिसका नाम जीएसएनडीजी-9422 है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने इसकी धुंधली तस्वीर खोजी है।

यह तस्वीर खगोलविदों को प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगा के विकास को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकती है। यह ऐसी आकाशगंगा है, जिसकी गैस अपने तारों से भी अधिक चमकीली नजर आती है। इस आकाशगंगा को लेकर माना जा रहा है कि यह ब्रह्मांड के पहले तारों और आकाशगंगाओं के बीच विकास की एक खोई हुई कड़ी हो सकती है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में 25 सितंबर को यह खोज प्रकाशित हुई है। आकाशगंगा जीएस-एनडीजी-9422 बिग बैंग के लगभग 1 अरब वर्ष अस्तित्व में आई। इस तरह की आकाशगंगा पहले कभी नही देखी गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह खोज यह नई तरह की घटना है। जिस कारण यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा सकती है।ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। प्रारंभिक ब्रह्मांड की घटनाओं में इसके सबूत मिल सकते हैं। यह खोज ब्रह्मांडीय विस्तार का श्रृंखलाबद्ध विवरण प्रस्तुत कर सकती है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों प्रारंभिक ब्रह्मांड बहुत ही अलग वातावरण था। तुलनात्मक दृष्टि से वर्तमान स्थानीय ब्रह्मांड में विशाल तारों का तापमान 40,000 से 50,000 डिग्री सेल्सियस पाया जाता है, जबकि आकाशगंगा 9422 के तारों का तापमान 80,000 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। इससे पता चलता है कि ब्रह्मांड का तब का वातावरण आजकी तुलना में भिन्न हुआ करता था।



### आसान नही ब्रह्मांड का मायाजाल समझना

नैनीताल : अनंत में फैला ब्रह्मांड के मायाजाल को समझना आसान नही है। वैज्ञानिकों ने जितने शोध पृथ्वी को समझने के लिए नही किए हैं, उससे कई गुना अधिक ब्रह्मांड को समझने के लिए किए है। मगर इसकी बारीकियां आजभी नही समझ पाए हैं। बहरहाल अंतरिक्ष के रहस्यों का राज भविष्य में ही खुलेगा। वर्तमान तकनीक भी ब्रह्मांड को समझने के लिए नाकाफी हैं।